2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी के बाद एफएमडीए, पर ग्रेफ के लिए विकास दूर की कोड़ी

6 अभिमत
राष्ट्र नहीं, शासन तंत्र होते हैं विफल

9 देश/विदेश
'भारत के पड़ोस में समस्याएं खड़ी करने वाला देश रहा है पाकिस्तान'

11 स्पोर्ट्स
सुदिरमन कप में आसान नहीं होगी भारत की राह

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 228
फरीदाबाद, रविवार, 26 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



वास्तु नियमों का पालन आवश्यक

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.01°C
न्यूनतम 25.02°C

## आज का मैच

IPL
मुंबई इंडियन्स VS रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
चेन्नई सुपर किंग्स VS कोलकाता नाइट राइडर्स

## क्विक न्यूज

### दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 33 रन से हराया

**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स को 33 रन से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान पर वापसी की। राजस्थान के लिए संजू सैमसन ने सबसे अधिक नाबाद 70 रन का योगदान दिया। दिल्ली के लिए ने एनरिज नोर्जे ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए।

● विस्तृत खबर पेज-11

### नीव बुक अवॉर्ड 2021 के विजेताओं के नाम की घोषणा

**नई दिल्ली।** विलियम डेलरिम्पल, देविका करियप्पा, अनीता आनंद, विनीता आर, नंदिता दा कुन्हा और देवाशीष मखीजा को नीव बुक अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। नीव लिटरचर फेस्टिवल ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की। विनीता आर को अम्मू एंड द स्पैरो (अर्ली ईयर्स श्रेणी), नंदिता दा कुन्हा को द मिरेकल ऑफ द सुंदरबाघ स्ट्रीट (एमर्जिंग रीडर्स श्रेणी), देविका करियप्पा, विलियम डेलरिम्पल और अनीता आनंद को द एडवेंचर ऑफ द कोहिनूर (जूनियर रीडर्स श्रेणी) और देवाशीष मखीजा को ओंगा (यंग अडल्ट श्रेणी) के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### हरियाणा के रेवाड़ी ब्लॉक में होगा तितलियों का सर्वेक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रेवाड़ी स्थित खोल ब्लॉक में सोमवार को राज्य का पहला तितली सर्वेक्षण कराया जाएगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पांच सितंबर से चार अक्टूबर तक तितली माह मनाया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया, इस सर्वेक्षण से तितलियों के संरक्षण के लिए प्रबंधन रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि तितलियां पर्यावरण और प्रदूषण के प्रति संवेदनशील होती हैं। उन्होंने कहा, तितलियों का संरक्षण धरती पर जीवन के अस्तित्व लिए अहम है। प्रवक्ता ने कहा, सर्वेक्षण में हरियाणा के अरावली क्षेत्र में तितलियों की विविधता की समीक्षा की जाएगी।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# सत्ता में आने पर करूंगा सबकी दुख तकलीफें दूर: ओमप्रकाश चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने शनिवार को जींद की नई अनाज मंडी में पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल की 108वीं जयंती पर आयोजित सम्मान दिवस समारोह में सत्ता में आने पर प्रदेश की जनता के सभी दुख तकलीफें दूर करने और प्रदेश के सभी बेरोजगार युवकों को नौकरी देने का वायदा किया।

उन्होंने कहा, साढ़े 10 साल के बाद उन्हें आपके बीच में आने का मौका मिला है। क्योंकि कांग्रेस ने साजिश और षड्यंत्र के तहत उन्हें 10 साल के लिए जेल भिजवा दिया। उनकी गैर हाजिरी में दुष्प्रचार किया गया कि चौटाला जेल में मरेगा, लेकिन इनेलो संगठन और कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। उनकी गैर हाजिरी में इनेलो पहले से भी ज्यादा मजबूत हुई है, लेकिन अब भी संगठन की मजबूती की बहुत आवश्यकता है। क्योंकि जनता ने इस भ्रष्ट सरकार को बदलने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा, हरियाणा प्रदेश में ऐलनाबाद विधानसभा की सीट खाली है। संविधान के मुताबिक कोई सीट खाली होती है, तो छह माह के भीतर चुनाव करवाना होता है, लेकिन सरकार अपने डर से इस सीट पर चुनाव नहीं करवा रही है। क्योंकि सरकार जानती है कि इस चुनाव में उसकी हार निश्चित है। इसलिए चुनाव को टाल रही है, लेकिन बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी। चुनाव तो सरकार को हर हाल में करवाना होगा। जब चुनाव होगा जब निश्चित रूप से इनेलो आईएनएलडी का प्रत्याशी जीतेगा। इनेलो प्रत्याशी के विरुद्ध खड़े सभी प्रत्याशियों की जमानत रद्द हो जाएगी। फिर सरकार में इस चुनाव के बाद भगदड़ मचेगी और गठबंधन टूट जाएंगे। इनके साथ खड़े लोग आपके साथ होंगे। मध्यावधी चुनाव होंगे तो आपकी सरकार बनना निश्चित है।

बोले, ऐलनाबाद उपचुनाव के बाद टूट जाएगा गठबंधन
कांग्रेस ने साजिश और षड्यंत्र के तहत भिजवाया जेल



### भाजपा नेता बीरेंद्र सिंह ने रैली में शिरकत कर चौंकाया

जींद की अनाज मंडी में पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवी लाल की 108वी जयंती पर आयोजित इनेलो की सम्मान दिवस रैली में भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने शिरक्त कर सबको चौंका दिया। बीरेंद्र जब मंच पर पहुंचे तो पूरे पंडाल ने खड़े होकर स्वागत किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने मंच से नीचे आकर बीरेंद्र सिंह का स्वागत किया। बीरेंद्र ने कहा कि ताऊ देवीलाल त्याग की बड़ी मिशाल थे, वो सच्चे जननेता थे।

### राम के नाम पर देश को बांट रहे है भाजपा-आरएसएस: फारूक

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने भाजपा-आरएसएस पर हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस के लोग राम के नाम पर इस देश को बांटना चाहते हैं और देश को तोड़ना चाहते है। राम केवल हिंदूओं के ही नहीं है बल्कि दूरे विश्व के है, सभी धर्मों के हैं। ये दोनों देश के हिंदू-मुस्लिम को बांटकर देश को बर्बाद करने पर तूले है। उन्होंने कहा, असली आतंकवाद तो ये लोग फैला रहे है। उन्होंने कहा, धारा-370 खत्म करके भाजपा ने भारत को मजबूत नहीं कमजोर करने का काम किया है।

### 'दूसरे प्रदेशों में जाकर छोटे दलों को एक मंच पर इकट्ठा करें'

पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवी लाल की 108वी जयंती पर आयोजित इनेलो की सम्मान दिवस रैली को संबोधित करते हुए पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल ने लोगों से प्रदेशों में रिजनल पार्टियों की सरकार बनाने की अपील की। कहा कि जब तक प्रदेशों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें नहीं बनेगी तब तक आम जनता का भला नहीं हों सकता। उन्होंने कहा, केंद्र सरकारों को प्रदेशों की दुख तकलीफों का पता नहीं होता इसलिए वहां की जनता परेशान रहती है।

### देश में राजनीतिक बदलाव का समय: केसी त्यागी

जेडीयू महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि 35 साल पहले चौ. देवीलाल ने जींद की धरती पर समस्त हरियाणा सम्मेलन का आयोजन किया था, जिससे देश की राजनीति में बदलाव हुआ था और अब वही समय आ गया है। आज का यह सम्मान सम्मेलन भी देश की सियासत बदलने को काम करेंगे। त्यागी ने कहा, हरियाणा से बाहर 154 सांसद जनता दल से जीतकर आए थे। इनमें से 100 से ज्यादा देवीलाल के संपर्क में रहे। बिहार, यूपी, उड़ीसा और राजस्थान के अलावा हरियाणा-पंजाब के सांसद शामिल रहे।

● संबंधित खबर पेज-08

केंद्र सरकार ने नहीं दी ममता को रोम जाने की इजाजत

# दीदी बोलीं, मुझसे जलते हैं मोदी, नहीं रोक पाओगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**तृणमूल** प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्र सरकार ने अगले महीने रोम जाने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ममता को 'विश्व शांति सम्मेलन' में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। ममता ने केंद्र सरकार के फैसले पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे जलते हैं।

ममता ने कहा, 'आप मुझे नहीं रोक पाओगे, मैं विदेशों में जाने के लिए लिए उत्सुक नहीं हूं, लेकिन यह देश के सम्मान से जुड़ा है। आप (प्रधानमंत्री मोदी) हिंदू के बारे में बात करते हो, मैं भी एक हिंदू महिला हूं। आप क्यों मुझे इजाजत नहीं देते? आप पूरी तरह से ईर्ष्यालु हैं।' तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता देबांग्शु भट्टाचार्य ने ट्वीट किया, 'केंद्र सरकार ने दीदी के रोम दौरे को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इससे पहले उन्होंने चीन दौरे की अनुमति भी रद्द कर दी थी। हमने अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भारत के हित को ध्यान में रखकर उस फैसले को स्वीकार कर लिया था। लेकिन अब इटली क्यों मोदी जी? बंगाल के साथ आपको क्या समस्या है? छी!'



### 'हमें हमारी आजादी की रक्षा करनी होगी'

भवानीपुर सीट से विधानसभा उपचुनाव लड़ रहीं ममता बनर्जी ने कहा कि हमें हमारी आजादी की रक्षा करना होगी। तालिबानी भाजपा देश नहीं चला सकती। उसे पराजित करने के लिए तृणमूल अकेली ही काफी है। भवानीपुर से 'खेला' शुरू होगा और हमारी पूरे देश में जीत होने के बाद खत्म होगा। ममता का एक गैर सरकारी संगठन के निमंत्रण पर छह अक्टूबर को रोम जाने का कार्यक्रम था, लेकिन विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने बंगाल के राज्य सचिवालय नवान्न को पत्र भेजकर इजाजत नहीं देने की सूचना दी। यह नहीं बताया गया है कि आखिर क्यों इजाजत नहीं दी गई। रोम में छह और सात अक्टूबर को दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें पोप फ्रांसिस भी आमंत्रित किए गए हैं। ममता कई बार विदेश यात्रा पर जा चुकी हैं। तीन साल पूर्व वह जर्मनी और इटली गई थीं। इटली के मिलान में उन्होंने शारोदत्सव और विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन में भी भाग लिया था।

महाराष्ट्र में सियासी हलचल

## कांग्रेसी नेता रॉय ने राज्यपाल से की सीएम ठाकरे की शिकायत



**मुंबई।** मुंबई के साकीनाका दुष्कर्म और हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र में सियासत गर्म है। इस हत्याकांड को निर्भया-2 कहा गया है। राज्य में सत्तारूढ़ एमवीए गठबंधन के घटक दल कांग्रेस के एक नेता ने मामले में दूसरे राज्यों के लोगों को निशाना बनाने पर सीएम उद्धव ठाकरे की आलोचना की है। उन्होंने इसे लेकर राज्यपाल को पत्र लिखा है।

साकीनाका दुष्कर्म और हत्याकांड को लेकर शिवसेना व सीएम उद्धव ठाकरे ने कथित तौर पर परप्रांतियों को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस नेता विश्वबंधु रॉय ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यिारी को लिखे पत्र में इस हत्याकांड को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ महाविकास अघाड़ी सरकार के रवैये की आलोचना की है। रॉय ने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे एक क्षेत्रीय पार्टी के नेता हैं और उनकी चिंता क्षेत्रीयता है। ठाकरे ने इस हत्याकांड में दूसरे राज्यों के लोगों को निशाना बनाया है। अपने वोट बैंक को संतुष्ट करने के लिए सीएम ने ऐसा किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हिंसा मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। मामले में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का सुझाव बहुत ही सराहनीय है। आपने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं।

## जीएसटी: रिफंड पाने के लिए आधार का सत्यापन अनिवार्य

**नई दिल्ली।** जीएसटी रिफंड का दावा करने के लिए सरकार ने करदाताओं के आधार कार्ड का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। इस बारे में सीबीआईसी ने शनिवार को नियमों में बदलाव की सूचना दी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने कर चोरी रोकने के विभिन्न उपायों से संबंधित नियमों में बदलाव किया है। इनमें जीएसटी रिफंड के नियम भी शामिल हैं। अब रिफंड उसी खाते में होगा, जो उसी पैन से जुड़ा होगा, जिससे जीएसटी पंजीयन कराया गया है। संशोधित नियमों की अधिसूचना में कहा गया है कि 1 जनवरी 2022 से जो कारोबारी समरी रिटर्न और मासिक जीएसटी का भुगतान करने में चूक करेंगे, वो अगले माह का त्स्ज्ञ्र-1 फाइन नहीं कर सकेंगे। नियमों में संशोधन की यह अधिसूचना 17 सितंबर को लखनऊ में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार जारी की गई है। एएमआरजी एंड एसोसिट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन का कहना है कि कर चोरी रोकने के लिए सरकार ने आधार का सत्यापन अनिवार्य किया है।

राजस्थान में बदलाव से पहले हलचल तेज

# लॉबिंग में जुटे नेता, जयपुर में कांग्रेस विधायक मंत्रियों से मिलेंगे दिग्विजय

**एजेंसी।** जयपुर

### मंत्रिमंडल फेरबदल से होगी बदलावों की शुरुआत

**कांग्रेस** हाईकमान पंजाब के बाद अब राजस्थान में भी सरकार और संगठन में बदलाव की तैयारी कर रहा है। बदलावों से पहले कांग्रेस में दिल्ली से लेकर जयपुर तक सियासी हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में इन बदलावों का खाका तैयार करने को लेकर बैठकों का दौर जारी है। सचिन पायलट शुक्रवार से दिल्ली दौरे पर हैं। पायलट ने शुक्रवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की थी। वहीं शनिवार को भी उन्होंने कई नेताओं से मुलाकात की। इन मुलाकातों को राजस्थान में बदलाव से पहले की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

एक अक्टूबर को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के प्रस्तावित जयपुर दौरे में मंत्री विधायकों की बैठक लेने के कार्यक्रम ने भी सियासी हलकों में चर्चाएं छेड़ दी हैं। स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा की भी शुक्रवार को राहुल गांधी से हुई मुलाकात की चर्चा है। राजस्व मंत्री हरीश चौधरी पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में कैंप किए हुए हैं। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी अजय माकन की राजस्थान को लेकर चर्चा हुई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस लीडरशिप ने अब राजस्थान में बदलावों के ब्लू प्रिंट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। अक्टूबर में कभी भी इन बदलावों की शुरुआत होने के आसार हैं। मंत्रिमंडल फेरबदल से बदलावों की शुरुआत होगी। इसके बाद संगठन के खाली पड़े पदों पर नियुक्तियां होंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच खींचतान भी जारी है। इस बीच अब सचिन पायलट खेमे के लंबित मुद्दों पर जल्द समाधान पर काम आगे बढ़ सकता है। पायलट कैंप की मांगों पर बनी कमेटी में शामिल संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी अजय माकन इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें कांग्रेस हाईकमान को दे चुके हैं। दोनों नेता एक्शन टेकन फॉर्मूले पर चर्चा कर चुके हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे के बाद राजस्थान में बदलावों की शुरुआत हो जाएगी।



मुख्यमंत्री गहलोत और पायलट के बीच जारी है खींचतान



### जुलाई में माकन ले चुके हैं विधायकों की राय

दिग्विजय महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के अभियान के सिलसिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आ रहे हैं, लेकिन विधायकों की बैठक लेने को कांग्रेस की सियासी उठापठक से जोड़कर देखा जा रहा है। जुलाई के आखिर में प्रभारी अजय माकन विधायकों से वन-टु-वन राय ले चुके हैं। अब दिग्विजय की विधायकों मंत्रियों के साथ प्रस्तावित बैठक के कांग्रेस में कई मायने निकाले जा रहे हैं। दिग्विजय राहुल गांधी के नजदीक माने जाते हैं, ऐसे में यह भी संभव है कि उन्हें कोई टास्क दिया हो।

## नीमका गांव में बोरवैल में उतरे चार की मौत

**नूंह।** जिले के नीमका गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के झिड़ जंगल में ट्यूबवेल के बोरवेल की छटाई करने उतरे एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत के बाद उसे बचाने की कोशिश में नीचे उतरकर मदद करने वाले तीन लोग भी काल के गाल में समा गए। एक ही गांव के दो चचेरे भाइयों सहित चार लोगों की मौत से नीमका गांव ही नहीं बल्कि पूरे मेवात में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए हैं।

● विस्तृत खबर पेज-05

## जल्द खुलेगा दिल्ली का बॉर्डर: सीएम मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि सरकार को उम्मीद है कि दिल्ली बॉर्डर पर बंद रास्ते जल्द खुलेंगे। सीएम शनिवार को हरियाणा निवास पर समर्पण पोर्टल, हुनर एप्लीकेशन और विदेश सहयोग विभाग की वेबसाइट का लोकार्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा, बॉर्डर पर बंद रास्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने बातचीत के लिए कमेटी बनाई है। किसानों को बातचीत के लिए बुलाया भी था, लेकिन वे नहीं आए। अब सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई पर सारी जानकारी दी जाएगी और आगे की स्थिति के बारे में कोर्ट निर्णय करेगा। उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का अधिकार सभी को है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में होने वाला बंद शांतिपूर्ण रहेगा। रास्ते बंद होने से समाज को भी तकलीफ होती है।

'गुलाब' का खतरा: चक्रवाती तूफान की आशंका

# ओडिशा, आंध्रा में हाईअलर्ट बंगाल में छुट्टियां रद्द

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**यास** के छह माह बाद बंगाल की खाड़ी में अब 'गुलाब' उठा है। यह चक्रवाती तूफान ओडिशा, आंध्रप्रदेश और बंगाल में कहर ढा सकता है। यह रविवार शाम तक ओडिशा के तट से टकरा सकता है। इससे खतरे को देखते हुए ओडिशा के सात जिलों और आंध्रप्रदेश में हाईअलर्ट जारी कर दिया है, तो बंगाल में भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए समस्त सरकारी कर्मचारियों की पांच अक्टूबर तक छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।


बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को चक्रवाती तूफान 'गुलाब' में तब्दील हो गया। आईएमडी के तूफान चेतावनी प्रभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान के पश्चिम की ओर बढ़ने और रविवार शाम को उत्तरी आंध्रप्रदेश के कलिंगपत्तन और दक्षिणी ओडिशा के गोपालपुर तट के बीच से गुजरने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र पिछले छह घंटों में सात किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा है और यह ताकतवर होकर चक्रवाती तूफान गुलाब में तब्दील हो गया है। उत्तरी आंध्रप्रदेश और उससे सटे दक्षिण ओडिशा के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इशारों में साधा पाकिस्तान पर निशाना

# आतंकवाद फैलाने के लिए न हो अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान और कोरोना पर अपनी बात रखी। उन्होंने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को भी नसीहत दी। उन्होंने कहा, रिग्रेसिव थिंकिंग के साथ जो देश आतंकवाद का पॉलिटिकल टूल के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें समझना होगा कि आतंकवाद उनके लिए भी उतना ही बड़ा खतरा है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए न हो। हमें सतर्क रहना होगा कि वहां की स्थितियों का फायदा कोई अपने लिए इस्तेमाल करने की कोशिश न करे।



इस समय अफगानिस्तान की जनता, वहां की महिलाओं, बच्चों और मॉइनॉरिटीज को हमारी मदद की जरूरत है और हमें अपना दायित्व निभाना होगा। उन्होंने कहा, आपका अध्यक्ष बनना सभी विकासशील देशों के लिए खासकर छोटे विकासशील देशों के लिए गर्व की बात है। गत 1.5 साल से पूरा विश्व सौ साल में आई सबसे बड़ी महामारी का सामना कर रहा है। ऐसी भयंकर महामारी में जीवन गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं और परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, आज पूरा विश्व भारत का घर है। जब दुनिया की प्रगति होती है, तो भारत की प्रगति होती है। जब भारत बदलाव करता है तो विश्व बदलता है। उन्होंने कहा, एक्सपैंशन ऑफ द सेल्फ, मूविंग फ्रॉम इंडिविजुअल टू सोसाइटी। ये चिंतन अंत्योदय को समर्पित है। भारत आज इक्विटेबल डेवलपमेंट की राह पर बढ़ रहा है। विकास सर्वव्यापी हो, सर्व पोषक हो यही हमारी प्राथमिकता है। बीते सात सालों में भारत ने 43 करोड़ से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है। अब तक जो इससे वंचित थे, आज 36 करोड़ ऐसे लोगों को बीमा सुरक्षा कवच मिला है, जो पहले इस बारे में सोच भी नहीं सकते थे। 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। भारत ने उन्हें क्वालिटी सर्विस से जोड़ा है। भारत ने 3 करोड़ लोगों को होम ओनर्स बनाया है।

### भारत करोड़ों डोज लगाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म दे रहा

भारत का वैक्सीन प्लेटफॉर्म एक ही दिन में करोड़ों डोज लगाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म दे रहा है। भारत सीमित संशाधनों के बावजूद वैक्सीन डेवलपमेंट में जी जान से जुटा है। भारत ने पहली डीएनए वैक्सीन डेवलप कर ली है। इसे 12 साल से ऊपर के सभी लोगों को लगा सकते हैं। एक और आरएनए वैक्सीन तैयार की जा रही है। नेजल वैक्सीन भी तैयार की जा रही है। भारत ने दुनिया के जरूरतमंदों को फिर वैक्सीन देना शुरू कर दी है। मैं आज दुनिया के वैक्सीन मैन्युफैक्चरर्स से कहना चाहता हूं। कम मेक वैक्सीन इन इंडिया।

**ग्लोबल चेन वैक्सीनेशन जरूरी :** मोदी ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि डेमोक्रेसी विद टेक्नोलॉजी। भारतीय मूल के डॉक्टर या प्रोफेशनल्स किसी भी देश में रहें हमारे मूल्य उन्हें मानवता की सेवा करने का लक्ष्य देते रहते हैं। महामारी ने दुनिया को यह भी सबक दिया है कि वैश्विक व्यवस्था को और विकेंद्रित किया जाए। हमारा वैक्सीन प्रयास इसी भावना से प्रेरित है। ग्लोबल चेन वैक्सीनेशन जरूरी है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 26 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 30.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- शहर में पिलाई जाएगी पोलियों की खुराक: सुबह 8 बजे
- मूलचंद शर्मा सिविल अस्पताल 10.15 बजे और एफआरयू में शुरुआत: सुबह 10.30 बजे
- परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंसन हॉल में रोजगार मेले में शिरकत: दोपहर 12 बजे
- शहर में विभिन्न स्थानों पर लगेंगे कोरोना वैक्सीनेशन शिविर: सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु

**अधिकांश** योजनाओं में पॉलिसी के विरुद्ध लोन दिया जाता है, और आंशिक आहरण सुविधा भी मिलती है। पारम्परिक जीवन बीमा योजनाओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले नियमित पे-आउट आपकी जरूरत के समय एकमुश्त धनराशि की भूमिका निभाते हैं। इंडियाफर्स्ट लाइफ बचत योजनाओं के साथ, आप अपने धन को वृद्धि करते हुए देख सकते हैं और उसके साथ मिलने वाले व्यापक लाइफ कवरेज की मन की शांति का आनंद उठा सकते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### चैंपियनशिप में 131 खिलाड़ी लेंगे भाग

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनकड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के द्वारा आयोजित पहली तीन दिवसीय अन्डर (23) साल आयु वर्ग पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप दिल्ली में 94 पुरुष और 37 महिलाओं सहित 131 एथलीट खिलाड़ियों का दल हरियाणा राज्य की तरफ से भाग ले रहा है। राजकुमार मिटान ने बताया कि महिलाओं में पूजा, बाधो, हरिता, ज्योति, किरण, मधु, मोनिका, नैंसी, नन्ही, पूजा, प्रीति, प्रिया, रचना, रचना, रेखा, रेणु, सीमा, शीतल, शिक्षा, शीतल सोनिका, सुनीता, योगिता, ज्योति, काजल, मोनिका, पूजा, आरती अगरोइया, अनीषा दहिया, स्वीटी गिल, प्रोमिला कुमारी, सोनू कुमारी, हिमांशी मलिक, किरण पहल और ललिता रानी सहित कुल 37 महिलाएं भाग ले रही हैं।

### क्विक न्यूज

#### ताऊ देवीलाल की जयंती पर बांटे फल

**फरीदाबाद।** पूर्व उप-प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौ. चौधरी देवीलाल की 108वीं जयंती पर जजपा इनसो चेयरमैन रवि शर्मा, बल्लभगढ़ युवा अध्यक्ष स्वराज अधाना ने अन्य जजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरित किए। रवि शर्मा ने कहा कि चौ. देवीलाल ने सन 1977 से 1979 तथा 1987 से 1989 तक हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से पूरे देश को एक नई राह दिखाई। इन्हीं नीतियों को बाद में अन्य राज्यों व केन्द्र ने भी अपनाया। स्वराज अधाना ने कहा कि उन्होंने काम के बदले अनाज, जच्चा-बच्चा योजना, वृद्धावस्था पेंशन जैसी दूरगामी नीतियों को लागू किया।

# स्मार्ट सिटी के बाद एफएमडीए, पर ग्रेफ के लिए विकास दूर की कोड़ी

## ग्रेटर फरीदाबाद में विकास तो दूर स्ट्रीट लाइटें तक नहीं हो रहीं नसीब

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**एचएसवीपी,** नगर निगम, स्मार्ट सिटी और अब एफएमडीए भी शहर को स्मार्ट बनाने के लिए मैदान में उतर चुका है। लेकिन अरबों रुपये पानी की तरह बहा देने के बाद भी शहर स्मार्ट तो बन नहीं पाया बल्कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है।

संबंधित विभागों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लोग लाखों रूपये के मकान खरीदने के बाद खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पानी, सीवर, सड़क की समस्या, बिल्डरों की मनमानी और दबंगों के आतंक के साये में जी रहे ग्रेफ निवासियों को फिलहाल स्ट्रीट लाइटों की सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। ग्रेटर फरीदाबाद के करीब डेढ़ दर्जन सेक्टरों को जोड़ने वाला मास्टर रोड शाम ढलते ही अंधेरे में डूब जाता है। स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत करने पर एचएसवीपी और बिजली निगम के अधिकारी एक दूसरे को इस समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। सड़के जगह जगह टूट जाने से इनमें गड्ढे बने हुए हैं।

### अंधेरे के आगोश में ग्रेफ

**ग्रेटर** फरीदबाद की सोसायटियों में रहने वाले लोगों ने इलाके के विकास के लिए ईडीसी के रूप में विल्डरों के माध्यम से अरबों रुपये एचएसवीपी को दिया है। एचएसवीपी की तरफ से ग्रेटर फरीदाबाद की सभी प्रमुख सड़कों का निर्माण करवाने के साथ साथ स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई गई हैं। इन स्ट्रीट लाइटों के लिए बिजली की आपूर्ति डीएचवीपीएन द्वारा की जाती है। लेकिन पिछले लंबे समय से शाम ढलते ही ग्रेटर फरीदाबाद की मास्टर रोड समेत अन्य कई प्रमुख सड़के अंधेरे में डूब जाती है। ऐसे में शाम ढलने के बाद सोसायटी के निवासियों खास कर महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। सुनसान सड़कों पर अंधेरा होने से अनहोनी होने का डर सताने लगता है। मास्टर रोड पर तो करीब करीब पूरी तरह अंधेरा छाया रहता है। विभिन्न सेक्टरों में रहने वाले लोग मास्टर रोड और अन्य सड़कों की लाइटों जलवाने के लिए लगातार शिकायतें करते आ रहे हैं। लेकिन न एचएसवीपी और बिजली निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं कर रहे हैं। जिससे लगता है कि इन्हें यहां किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### प्रशासन को हादसे का इंतजार



**ग्रेटर** फरीदाबाद की करीब 25 से ज्यादा सोसायटियों में करीब डेढ़ से दो लाख की आबादी रहती है। बिल्डरों द्वारा दिखाये गए हसीन सपनों की वजह से इन लोगों ने लाखों रुपये देकर अपने परिवारों के मकान खरीदे थे। लेकिन ग्रेटर फरीदाबाद की दुर्दशा को देखकर ज्यादातर लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यहां के निवासियों को पहले बिल्डरों के शोषण का शिकार होना पड़ा। जब यहां रहने लगे तो दबंगों की मनमानी का शिकार होते हुए लुटना पड़ रहा है। इस सबके बावजूद लोग किसी तरह गुजारा कर भी रहे है। लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस इलाके की प्रमुख सड़कों में शामिल मास्टर रोड करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा सेक्टरों को जोड़ती है। लेकिन फिलहाल यह सड़क बुरी तरह दुर्दशा का शिकार हो चुकी है। एक बार सड़क बनवाने के बाद दोबारा इसकी मरम्मत तक नहीं करवाई गई। रात को स्ट्रीट लाइटें न जलने की वजह से इस सड़क पर बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित होने लगते हैं। वहीं महिलाओं के लिए रात को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।

### आंदोलन करने को मजबूर



**समाजसेवी** एवं ग्रेटर फरीदाबाद की निवासी रेनू खट्टर का कहना है कि मास्टर रोड और इलाकों की अन्य सड़के जर्जर हालत में है। ऊपर से रात को सड़कों की स्ट्रीट लाइटें नहीं जलती। शाम ढलते ही पूरे इलाके में अंधेरा छा जाता है। लगातार शिकायत करने के बाद भी दोनों विभाग एक दूसरे की गलती बता कर पल्ला झाड़ रहे हैं। यदि जल्दी ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इलाके के लोगों को धरना देकर बैठना पड़ेगा।

ऐसे में स्ट्रीट लाइटें न जलने से यह गड्ढे वाहन चालकों के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए ग्रेटर फरीदाबाद के निवासी जल्दी ही आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं।

### एक-दूसरे पर डालते हैं जिम्मेदारी

**ग्रेटर** फरीदाबाद के निवासियों की माने तो उनका कहना है कि स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर वे लगातार एचएसवीपी और बिजली निगम के अधिकारियों से शिकायत करते आ रहे हैं। बिजली निगम के अधिकारियों उन्हें यह कह पल्ला झाड़ लेते है कि उनकी तरफ से स्ट्रीट लाइटों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। स्ट्रीट लाइटों में मौजूद खराबी की वजह से वह नहीं जल पा रही है। जबकि एचएसवीपी के अधिकारियों का कहना होता है कि मास्टर रोड और अन्य प्रमुख सड़कों की स्ट्रीट पूरी तरह दुरूस्त है। बिजली निगम द्वारा स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति रोक दी जाती है। एचएसवीपी का कहना है कि बिजली कर्मचारी बिजली का जम्फर लाइन से हटा की उसके हैंडल पर ताले लगा कर चले जाते हैं। कर्मचारियों की तरफ से स्ट्रीट लाइटों की बिजली बंद कर अन्य स्थानों पर आपूर्ति की जा रही है। दोनों विभागों के बीच तालमेल के अभाव और अन्य कारणों से ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों को इन दिनों रात के समय अपनी जान जोखिम में डाल कर सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# सौम्या ने किया जिले का नाम रोशन : नागर

## अपने पैतृक गांव की बिटिया को बधाई देने पहुंचे पूर्व विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के घोषित परीक्षा परिणाम में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भुआपुर की सौम्या आनंद ने 492 रैंक हासिल करके पूरे क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन करने का काम किया है।

सौम्या की इस उपलब्धि पर न केवल पूरा गांव बल्कि पूरा क्षेत्र नाज कर रहा है और उसे बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में शनिवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने साथियों के साथ सौम्या आनंद व उसके परिवार को सेक्टर-2 स्थित निवास पर जाकर इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भेंट कर व उनका मुंह मीठा कराया। मौके पर ललित नागर ने कहा कि भुआपुर उनका पैतृक गांव है और उन्हें आज बहुत ही खुशी महसूस हो रही है कि उनके गांव की बिटिया सौम्या आनंद ने गांव के ही स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की और घर पर रहकर कड़ी मेहनत करते हुए यूपीएससी की तैयारी की वो भी बिना कोचिंग के और पहली बार में ही उसने परीक्षा पास कर ली। उन्होंने कहा कि सौम्या के दादा मास्टर तोताराम से उनका अच्छा स्नेह था और उन्होंने सदैव समाजसेवा के कार्यो को प्राथमिकता दी, यही कारण है कि आज इस परिवार की बेटी ने लग्न व मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। श्री नागर ने सौम्या के पिता रविन्द्र वशिष्ठ व चाचा सुंदर सिंह को भी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में उन्होंने अपनी बेटी को इतना शिक्षित बनाया, इसके लिए वह भी प्रशंसा के पात्र है और बेटी सौम्या भविष्य में और उन्नति करें और इसी प्रकार अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम रोशन करती रहे, ऐसी उनकी ईश्वर से कामना है। संजय कौशिक चेयरमैन, रामचंद्र, जयराम, प्रभु दयाल, ज्ञानचंद फौजी, बाबूराम, राजबीर, सतबीर, हरिराम मेम्बर, दिनेश कुमार मौजूद थे।

# सीएमओ ने किया एफआरयू का औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-तीन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सीएमओं ने औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता के साथ बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मान सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। जांच के दौरान सीएमओं ने वहां भर्ती महिलाओं से हाल-चाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

वहीं इस मौके पर डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र को बंद करने की नौबत आ गई थी, क्योंकि इस केंद्र पर पिछले कई वर्षों से महिलाओं की डिलीवरी के काफी कम मामले आ रहे थे। लेकिन डॉ मानसिंह के आने के बाद यहां महिलाओं की डिलीवरी के केस तो बड़े ही हैं साथ ही कारोना वैक्सीनेशन लगाने के मामले में फरीदाबाद को हरियाणा में सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन लगाने के मामले में तीसरी बार सम्मानित किया गया है। डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि जिले में 20 लाख 64 हजार 30 वैक्सीनेशन लग चुकी हैं। फरीदाबाद के 96 प्रतिशत लोगों को पहली कोरोना की डोज लग चुकी है। सीएमओ ने इसके बाद प्रसव केंद्र और टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। हालांकि जांच के दौरान सीएमओ ने प्रसव केंद्र में कुछ उपकरण खराब मिले। उसे बदलने का निर्देश दिया गया है। वैक्सीन लगवाने आए लोगों को असुविधा न हो इसका भी ध्यान दिया जाएगा। सभी कर्मचारियों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं मरीजों तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

# विराट बने रोलर स्केटिंग संघ के प्रधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** रोलर स्केटिंग संघ, फरीदाबाद की एक बैठक शनिवार को अरावली गोल्फ क्लब में सरकार तलवाड़, सीनियर वाईस प्रेजीडेंट की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला रोलर स्केटिंग संघ, फरीदाबाद के प्रधान एलएस बाजवा के आकस्मिक निधन के कारण के संघ के रिक्त हुए प्रधान के पद पर नया प्रधान चुनने का था।

बैठक में विराट सरीन, सचिव, जिला रोलरस्केटिंग संघ, एसके त्यागी, वाईस प्रेजीडेंट, अशोक सैनी, वाईस प्रेजीडेंट, सुनील भारद्वाज, संयुक्त सचिव, जोन डेविड, सेवानिवृत स्केटिंग प्रशिक्षक, अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष, एसके अरोड़ा, कार्यकारी सदस्य, चेतन कुमार, कार्यकारी सदस्य, अमित निगम कार्यकारी सदस्य तथा विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर वरिष्ठ स्केटिंग खिलाड़ी ध्रुव गौतम, अमित आहूजा थे। बैठक मेंसबसे पहले सभी सदस्यों द्वारा एलएस बाजवा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद सीनियर वाईस प्रेजीडेंट द्वारा बैठक मेंउपस्थित सभी पदाधिकारियों, आमंत्रित सदस्यों से विचार-विमर्श करने उपरांत सर्वसम्मति से विराट सरीन को जिला रोलर स्केटिंग संघ का प्रधान तथा अमित आहूजा को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। संघ की बाकी कार्यकारिणी के तौर पर सरकार तलवाड़, सीनियर वाईस प्रेजीडेंट, एसके त्यागी, वाईस प्रेजीडेंट, अशोक सैनी, वाईस प्रेजीडेंट, सुनील भारद्वाज, संयुक्त सचिव, जोन डेविड, वाईस प्रेजीडेंट, अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष, एसके अरोड़ा, कार्यकारी सदस्य, चेतन कुमार नियुक्त किया गया।

# एडवांस्ड इंस्टीट्यूशन्स में मनाया विश्व फार्मेसी दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**राष्ट्रीय** राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के प्रांगण में विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाओं जैसे कि पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीफार्मेसी एवं डीफार्मेसी के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की थीम फार्मेसी-हमेशा आपके स्वास्थ्य के लिए उत्तम रखी गयी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता फार्मेसी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अर्पणा राणा द्वारा की गई।

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न फार्मेसी कॉलेजों ने भाग लिया। लगभग 250 से ज्यादा पोस्टर देश के अलग अलग राज्यों जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं पंजाब से विद्यार्थियों ने भेजे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओजस्वी शर्मा अलीगढ़, दूसरा स्थान फिजा आयूब मुरादाबाद एवं तीसरा स्थान राहुल कुमार यादव बल्लभगढ़ ने प्राप्त किया। प्रथम दिन संस्थान के विद्यार्थियों ने गांव औरंगाबाद जाकर आज का समाज नुक्कड़ नाटक का अभिनय करके ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के सुझाव दिए तथा निशुल्क मास्क एवं सेनेटाइजर वितरित किये। दूसरे दिन संस्थान के प्रांगण में निशुल्क वैक्सीन कैम्प लगाया गया जिसका शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट पलवल अंकिता अधिकारी के द्वारा किया गया जिसमें लगभग 300 लोगों ने मुफ्त वैक्सीन का लाभ प्राप्त किया। सीटीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आज की पीढ़ी बिना दवा स्वस्थ नहीं है क्योंकि आज पौराणिक काल का खानपान एवं व्यवहार परिवर्तित हो गए हैं, जिसके चलते रोग बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस बात को ध्यान रखें कि उनके घरों में या उनके आसपास दवा का उपयोग उसकी गुणवत्ता एवं एक्सपायरी डेट की जांच करने उपरांत ही हो। यह जरूरी है कि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ ही नवीनतम तकनीकों का ज्ञान प्राप्त कर लें ताकि उन्हें ऐसी परेशानियों का सामना ना करना पड़े। संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने सभी को विश्व फार्मेसी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि फार्मेसी का क्षेत्र रोजगार के लिए हमेशा एक बेहतर विकल्प रहा है हमारा प्रयास विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए हमेशा जारी रहेगा।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

### नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**हुई है सोच उन्मादी उन्हें आख़िर मिला क्या है**
**मिटी जाती है आज़ादी उन्हें आख़िर मिला क्या है**
**जो ज़िम्मेदार हैं आख़िर हमें इतना तो बतलाएँ**
**सुनिश्चित करके बर्बादी उन्हें आख़िर मिला क्या है**

# मनीष नरवाल बने खिलाड़ियों के लिए प्रेणास्रोत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-89 स्थित कुंदन ग्लोबल स्कूल में टोक्यो में आयोजित पैरालिम्पिक्स शूटिंग खेल 50 मीटर में स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल का स्वागत हुआ। जिसमें परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि, डिप्टी कमिश्नर जितेंदर यादव विशेष आमंत्रित अतिथि एवं स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने मनीष नरवाल की उपलब्धि पर उसे सम्मानित किया और मनीष नरवाल के पिता दिलबाग सिंह को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्वर्ण विजेता मनीष नरवाल का ढोल, नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। मनीष के आते ही पुरे कार्यक्रम में एक जश्न का माहौल पैदा हो गया। स्कूल की निर्देशिका कमल अरोड़ा, और उपस्थित सम्मानित स्कूल निर्देशक, व्यवसायीगण और स्कूल के स्टाफ ने देश भक्ति के नारों से मनीष के उत्साह को बढ़ाया। कार्यक्रम मेंशामिल परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मनीष, मनीष के पिता एवं स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण को बधाई दी और स्कूल एवं मनीष के प्रयासों को सराहा मंत्री ने ये भी कहा की मनीष जब शूटिंग में अपना पहला मेडल ले के आये थे तब भी मंत्री ने उन्हें कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में सम्मानित किया और आज जब मनीष ने विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है तो आज उन्हें सम्मानित करने का मौका कुंदन ग्लोबल स्कूल मिल रहा है, जिसका श्रेय मनीष को तो जाता ही है साथ कुंदन ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा को भी जाता है। जिन्होंने मनीष नरवाल की हरसंभव मदद की और उसे उत्साही रखा जिसका परिणामस्वरूप आज गोल्ड मेडल विजेता एक अर्जुन अवार्ड विजेता स्कूल में पढ़ाई करते हुए भारत भूषण ने देश को दिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वीप प्रज्वलित करते हुए हुई जिसमेंडिप्टी कमिश्नर जितेंदर यादव, केंद्रीय परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा, एफपीएससी के चेयरमैन नरेंद्र परमार, एचएस मलिक, बीडी शर्मा, टीएस दलाल, रमेश डागर, अनिल रावल अदि सम्मानित जन मौजूद थे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चो द्वारा स्वागत गीत, और सूंदर नृत्य के द्वारा कार्यक्रम की शोभा और बड़ा दी। डिप्टी कमिश्नर जितेंदर यादव ने मनीष को सम्मानित किया तथा स्कूल मैनेजमेंट को उनके इस उपलब्धि पर बधाई दी और यह कहा की भारत जिस तरह आप बच्चो की निखारने के काम कर रहे है वो वाकई एक सच्चे गुरु की पहचान है।

स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने उपस्तिथ अतिथि गण एवं केंद्रीय परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, डिप्टी कमिश्नर जितेंदर यादव का धयवाद स्मृति चिह्न दे कर किया और यह भी एलान किया की कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की शूटिंग रेंज का नाम आज से मनीष नरवाल शूटिंग रेंज है और सभी को यह भी कहा की मनीष के भाई और बहिन जो की शूटिंग के उभरते सितारे हैं।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आयुष** विभाग फरीदाबाद द्वारा आयुष विंग बीके अस्पताल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आशा वर्कर और एएनएम के लिए आयोजित किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 23 से 25 सितम्बर तक आयोजित किया गया। जिसमें आशा और एएनएम को आयुर्वेद और योग द्वारा सामान्य स्वास्थ्य एवं रोगों से बचाव व निवारण के बारे में बताया गया। इसी प्रकार दो दिन के प्रशिक्षा के पांच बैच पूर्ण किए गए। इस प्रशिक्षण में औषधिय पौधे, सामान्य घरेलू उपचार एवं योग द्वारा स्वास्थ्य शरीर एवं जनसाधारण को स्वास्थ्य संबंधी बचाव के बारे में बताया गया। इसमें आयुष विभाग में कार्यरत एएमओ अन्य अतिथि आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं योगाचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# विद्यार्थियों की जेब पर पड़ रहा बदहाल सड़कों का असर

### सड़कों पर पब्लिक के अलावा विद्यार्थी हैं सबसे अधिक परेशान

**कविता।** फरीदाबाद





**जिले** में जगह-जगह सड़कों की खस्ता हालत हुई पड़ी है, लेकिन हार्डवेयर से सोहना और प्याली चौक तक की हालत सबसे अधिक खस्ता है। जिसके कारण लोग परेशान है। रोजाना अपने काम पर निकलने वाले लोगों को यहां जान जोखिम में डालकर टूटी और गड्ढों युक्त सड़कों पर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन सबसे अधिक परेशानी स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हो रहा है। विद्यार्थियों को इसके लिए जहां अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। जाम लगने का फायदा उठाते हुए ऑटो चालक विद्यार्थियों और अन्य लोगों से दोगुणा भाड़ा वसूल रहे हैं।

#### जान को खतरा

हार्डवेयर से प्याली और सेक्टर 23-24 की मैन रोड बुरी तरह से खराब है। नगर निगम द्वारा करीब एक वर्ष पहले समाजसेवियों के प्रदर्शनों के बीच इस सड़क का काम हार्डवेयर से प्याली यानी बाबा दीप सिंह चौक तक पूरा करने का काम शुरू किया था। लेकिन यह काम अभी पूरा हुआ नहीं था कि इस काम को बीच में अधूरा छोड़ दिया गया। यहां अधूरी सड़क पर नाले और गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिससे यहां से गुजरने वालों की जान को खतरा बना रहता है।

#### बढ़ गई परेशानी

22 सितम्बर को नगर निगम ने एक ओर कारनामा कर दिया, जहां हार्डवेयर चौक से प्याली चौक तक की सड़क का कार्य बीच में रूका हुआ है, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम ने हार्डवेयर से सोहना रोड की तरफ वाली सड़क को एक तरफ से उखाड़ कर बनाना शुरू कर दिया है। जिससे यहां आने और जाने वालों को एक ही सड़क पर गाड़िया चलानी पड़ रही है। ऐसे में यहां लम्बा जाम लग रहा है। जाम के कारण यहां लोग परेशान हैं।

#### इन्हें है परेशानी

**हार्डवेयर** चौक से लाखों लोग गुजरते है, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, बीमार, घायल, गर्भवती महिलाएं और नौकरीपेशा शामिल है। लेकिन यहां सबसे अधिक परेशानी बीमार, घायल और गर्भवती महिलाओं के अलावा बच्चों को हो रही है। छात्रों को जहां जाम के कारण स्कूल अपनी जान जोखिम में डालकर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए जा रहे विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। क्योंकि उनसे ऑटो चालक जाम की बात कहकर दोगुणा भाड़ा वसूला जा रहा है।

# नई पहल : आज लगेगा महारोजगार मेला मिलेगा हजारों युवाओं को रोजगार

### महा रोजगार मेले का लाभ उठाएं अधिक से अधिक युवाः शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लबगढ



**हरियाणा** के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश और प्रदेश के युवाओं को कौशल शिक्षा प्रदान कर कुशल बनाया जा रहा है। जिसका लाभ उन्हें आने वाले समय में मिलेगा।

इसी के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने 26 सितंबर रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर -12 स्थित हुडा कन्वेंशन हॉल में रोजगार मेला लगाने का निर्णय लिया है। इस मेले में आईटीआई से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों और श्री विश्वकर्मा कौशल विकास यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को नौकरी दिलाने के लिए पहल की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को हरियाणा के परिवहन, खान एवं भू विज्ञान, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण एवं निर्वाचन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी दिवस के मौके पर दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन देश के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए और देश की तरक्की की बात करने में बीता था। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ रही हैं और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभ देने का कार्य कर रही है। भाजपा की अंत्योदय योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की नीति का ही परिणाम है, जो अंतिम व्यक्ति के लोगों को लाभ पहुंचा रही है। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

आपको बता दें कि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के सेक्टर-8 फरीदाबाद कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर बल्लभगढ़ विधानसभा के सभी वरिष्ठ बीजेपी कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा फरीदाबाद के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रही। उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से फरीदाबाद महिला जिलाध्यक्ष राजबाला सरदाना, टिपरचंद शर्मा, पारस जैन, पार्षद दीपक यादव, कैलाश वशिष्ठ, अभिषेक दीक्षित, नीलम चौधरी, अलका अरोड़ा, संगीता नेगी, पुष्पा शर्मा, अंजू गुप्ता, बिल्लू पहलवान, प्रेम मदान, बिट्टू पंजाबी, राजीव गोयल, सन्तराम, अजय शर्मा भी मौजूद रहे। गत सांय कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने टोक्यो पैरा ओलंपिक खेलों में शूटिंग में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी मनीष नरवाल के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रेटर फरीदाबाद कुंदन ग्लोबल संस्था के प्रांगण में पहुंचे।

यहां हरियाणा के परिवहन मंत्री पंथ मूलचन्द शर्मा, जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव और इलाके के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा गोल्ड, सिलवर, ब्रांज मेडल विजेता दोनों ही खिलाड़ी फरीदाबाद के हैं। होनहार खिलाड़ियों ने फरीदाबाद ही नहीं प्रदेश और देश का नाम विश्व में रोशन किया है। फरीदाबाद को विश्व में खेलों में अमिट छाप मिली है। जबकि उद्योगिक क्षेत्र में भी फरीदाबाद की विश्व में अलग पहचान है।

## मैनेजर से लूटपाट करने वाला टेक्सी चालक और साथी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 11 इंचार्ज प्रदीप कुमार और उनकी टीम ने प्राइवेट कंपनी के मैनेजर के साथ हुई लूट में संलिप्त दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल और नवाब के रूप में हुई है दोनों ही आरोपी एसजीएम नगर इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर 31 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले गुरुग्राम निवासी जयप्रकाश ने पुलिस को बताया था की वह करीब आठ बजे जब गुरुग्राम जा रहे थे तो अजरौंदा से उसने गुरुग्राम के लिए एक टैक्सी ली थी। टैक्सी में उपरोक्त दोनों आरोपी मौजूद थे जो कि चालक के रूप में आरोपी अनिल मौजूद था। पाली रोड नजदीक हनुमान मंदिर के पास पहुंचने पर आरोपियों ने गाड़ी साइड में लगाकर चाकू की नोक पर उससे 15000 रुपए कैश और एक सोने की चेन लूट कर शिकायतकर्ता को गाड़ी से उतारकर फरार हो गए थे। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिस पर इलेक्ट्रॉनिक एवं सूत्रों के माध्यम से पुलिस ने गाड़ी के मालिक का पता लगाया जो की लूट में इस्तेमाल की गई गाड़ी नवादा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की थी जिस पर आरोपी अनिल ड्राइवर का काम करता था। लूट करते के साथ ही आरोपी ने नवादा के रहने वाले मालिक की गाड़ी को चलाना छोड़कर किसी अन्य गाड़ी पर चालक के रूप में कार्य करने लगा था।

## अधिकारी पोलियो ड्रॉप्स अभियान को बनाएं सफल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला में 26 सितम्बर से चलाए जाने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत अधिकारी कि जो भी जिम्मेदारी हो उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें और यह भी सुनिश्चित हो कि जिला में कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप से जिला में वंचित ना रहे।

उन्होंने कहा कि हमारा जिला वैसे भी प्रदेश में संवेदनशील जिलों में शामिल है। क्योंकि हमारे जिला में देश के सभी प्रांतों और अन्य देशों के लोग यहां रहते हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि कोविड-19 के नियमों की पालना सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी प्लस पोलियो बूथों पर सुनिश्चित करनी है। पल्स पोलियो अभियान के तहत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सोशल डिस्टेंस रखना, मुंह पर मास्क लगाना, सैनिटाइजर करना सहित अन्य सभी हिदायतें पूरी सुनिश्चित करें।

**तीन दिन में 3 लाख बच्चे** : बता दें कि जिला में 26, 27 व 28 सितम्बर को प्लस पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जिला में 370596 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएंगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला के 630766 घरों को कवर किया जाएगा। पोलियो ड्राप्स अभियान प्रथम दिन 26 सितंबर के लिए जिला में 1670 बूथों पर 0 से 5 साल की आयु के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। इसके बाद अगले दो दिन बाकी के बच्चों के घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। इसके लिए 2402 टीमें गठित की गई है।

## जिले में 3 पॉजिटिव से 94 पर पहुंचा डेंगू का आंकड़ा

**फरीदाबाद।** जिले में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। बुधवार से शनिवार तक डेंगू के 18 मरीज सामने आए हैं। जिससे डेंगू का आंकड़ा 94 पर पहुंच गया है। डेंगू के मरीज डबुआ कालोनी, संजय कालोनी, एसजीएम नगर के आसपास और सेक्टर-23, 19 और सेक्टर-21 से अधिक सामने आ रहे हैं। शहर में डेंगू व मलेरिया के मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूक करने के बावजूद बरती जा रही लापरवाहियों के कारण से शहर में इन बीमारियों के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जिला डेंगू व मलेरिया अधिकारी डॉक्टर राम भगत का कहना है कि विभाग की तरफ से डेंगू से बचाव के लाखों प्रयास किए हैं। लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी के चलते डेंगू व मलेरिया के मरीजों में लगातर बढ़ोत्तरी हो रही है।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय के योगदान ने पीढ़ियों को प्रेरित किया : शर्मा

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई, बूथ स्तर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भारतीय** जनता पार्टी ज़िला कार्यालय पर भाजपा फरीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती को धूमधाम से मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूल चंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, प्रदेश सचिव रेणु भाटिया, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहन पाल सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रक्षवाल, सह प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने फरीदाबाद के अलग अलग मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और उनके विचारों को कार्यकर्ताओं के सामने रखा।

भाजपा जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद के सभी 1065 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रेणु भाटिया, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आरएन सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजीव भाटी, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मोर्चों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठों एवं विभागों के संयोजक, सह संयोजक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआई की परीक्षा में परिन्दे को भी पर न मारने दें

### लिखित परीक्षाओं में एचएसएससी की हिदायतों का पालन हो सुनिश्चित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने कहा कि कल रविवार को 26 सितम्बर रविवार को आयोजित हरियाणा पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षाओं सही संचालन के लिए कि भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले और अनुपस्थित रहने वाले लोगों के खिलाफ सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार तुरंत कानूनी कार्यवाही करके एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। उन्होंने कहा कि ओएमआर सीट के तीन सैट होंगे। यदि कोई परीक्षार्थी मूलकापी अपने साथ ले जाता है तो उसके खिलाफ केन्द्र अधीक्षक तुरंत कार्रवाई करके पुलिस में पर्चा दर्ज करवाए।

जिलाधीश जितेंद्र यादव शनिवार को जिला फरीदाबाद में 26 सितम्बर को एचएसएससी द्वारा वाली हरियाणा पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षा सफल संचालन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्राजिंट आफिसर और परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में टिप्स और दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा प्रात: नौ से 10:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

इसमें 23400 परीक्षार्थी परीक्षाएं देगें। सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार परीक्षार्थी को प्रात: 8:10 के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश ना करवाएं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए है। इनकी जानकारी सम्बंधित परीक्षा केंद्र अधीक्षक आज ही सुनिश्चित कर लें।

उपायुक्त जितेंद्र यादव इस संबंध में, फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान एसडीएम त्रिलोक चंद को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सीटीएम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार को परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधों के लिए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश देंगे और परीक्षा केंद्रों से सम्बंधित समस्याओं का समाधान करवाएंगे। इसके लिए नगराधीश कार्यालय के कमरा नम्बर 215 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलाधीश ने कहा कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इन्चार्ज आपसी तालमेल बनाए रखें। ड्यूटी मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रखें।

## कोरोना से निपटने को वैक्सीनेशन करवाएं सभी : गुर्जर



**फरीदाबाद।** प्रगतिशील केंद्र सरकार के कुशल मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्रों मे कॅरोना वैक्सीनेशन का अभियान देश-भर में चलाया जा रहा है। जिस व्यक्ति ने अभी तक अपना कॅरोना वैक्सीनेशन नहीं करवाया है। वह अपने आस-पास क्षेत्रों में चल रहे कॅरोना वैक्सीनेशन कैम्प मे जाकर वैक्सीन करवाएं।

यह विचार ऊर्जा एवं भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नहर पार भारत कालोनी ने दो जगह पर आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन कैम्प के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश के बहुत से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिसके चलते हैं, कोविड वैक्सीनेशन के बनाए जाने पर इसके समय रहते उपयोग से कोरोना महामारी की किसी भी प्रकार की लहर का सामना कोई भी व्यक्ति करने में पहले से ज्यादा सक्षम हो सकता है। इसके चलते प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण देश में कोरोना वैक्सीनेशन किया जा रहा है। हर व्यक्ति को अपने क्षेत्र में लग रहे कैंप में जाकर वैक्सीनेशन का लाभ लेना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सौम्या ने यूपीएससी पास कर नाम किया रोशनः राजेश



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा के विधायक राजेश नागर ने यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली सौम्या आनंद को उनके सेक्टर दो स्थित घर पहुंचकर आशीर्वाद दिया। श्री नागर ने कहा कि बेटी ने यूपीएससी परीक्षा में 492 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हम चाहेंगे कि वह अपने काम द्वारा भी देश समाज की सेवा करें। नागर ने बताया कि सौम्या का परिवार उनके विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गांव भुआपुर का निवासी है और वर्तमान में सेक्टर दो में रहते हैं। उन्होंने सौम्या और उनके परिजनों को शानदार परिणाम पर बधाई दी। विधायक नागर ने कहा कि हमारे देश प्रदेश में अब बिना पर्ची खर्ची के बच्चों को नौकरियां व अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसका कारण पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल की निष्पक्ष व्यवस्था का बड़ा योगदान है। आज योग्यता के आधा पर नौकरियां मिल रही हैं जबकि पहले की सरकारों में नेताओं के कोटे से नौकरियां लगती थीं। हरियाणा खिलाडियों को पूरे देश में सबसे ज्यादा इनाम राशि देने वाला प्रदेश बन गया है। जिससे खिलाडियों का हौंसला बढ़ता है और वह मैडल जीत कर ला रहे हैं। इस अवसर पर सौम्या ने बताया कि उन्हें सबकी बधाई लेकर अच्छा लग रहा है। वह देश की सेवा करना चाहती हैं। उन्हें क्या कैडर मिलता है, उसके बाद उनकी आगे की यात्रा शुरू होगी। इस अवसर पर सौम्या के पिता राजेंद्र सिंह, दादा तोताराम व परिवार के अन्य सदस्यगण भी मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में स्थापित डिस्पेंसरी का किया उद्घाटन



**फरीदाबाद।** अंशु सिंगला ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 पहुंचकर मेट्रो हॉस्पिटल द्वारा स्थापित निशुल्क डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया है। अंशु सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि मेट्रो हॉस्पिटल के द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य डिस्पेंसरी स्थापित की है। डीसीपी ट्रैकिक सुरेश हुडा ,सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय, फार्मेसी ऑफिसर श्रवण कुमार, डॉक्टर मनजिंदर भट्टी, डॉ अमित सरोहा, डॉक्टर अमित गुप्ता, संदीप नागर, विक्रम सिंह चौहान, अमित सिंह नेगी, राजेश वशिष्ठ उपस्थित रहे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थापित स्वास्थ्य डिस्पेंसरी में कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, जनरल फिजिशियन एवं गायनी सेवाएं उपलब्ध रहेगी। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया स्वास्थ्य शिविर में निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध रही जैसे कि डॉक्टर कंसल्टेशन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, पीएफटी, बीएमडी, डाइटिशियन कंसल्टेशन इत्यादि।

### घर से निकाली वृद्ध महिला को पहुंचाया वृद्धाश्रम



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ पुलिस के एएसआई प्रदीप कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए ना केवल एक वृद्ध महिला की जान बचाई ब्लकि उसे ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम पहुंचवाकर नेकी का परिचय भी दिया। एएसआई प्रदीप कुमार बीती रात्रि को गश्त पर थे तो उन्होंने देखा कि बल्लभगढ़ बस अडड़े के सामने एक वृद्ध महिला बेसुध बैठी हुई है। एसएसआई ने महिला से परिजनों के बारे में पूछा तो वो कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी। इसके बाद वे वृद्ध महिला को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम लेकर पहुंचे और संचालक किशन लाल को सारी बात बताई। किशन लाल बजाज ने वृद्ध महिला से पूछताछ की तो वृद्ध ने अपना नाम सविता पत्नी स्व.विजय उम्र 65 वर्ष निवासी इलाहबाद बताया। उसने बताया कि उसकी एक लड़की है जिसने उसे घर से निकाल दिया है। इसके अलावा वह कुछ भी नहीं बता पाई। किशन लाल बजाज ने कहा के में एएसआई प्रदीप कुमार और उनकी टीम का तहे दिल से शुक्रिया करता हुं जिन्होनें एक नेकदिल इंसान का फर्ज निभाते हुए एक वृद्ध को नया जीवनदान दिया है हमारे आश्रम में उसे पहुंचाकर।

### दो परीक्षा केंद्रों को किया स्थानांतरित

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा हरियाणा पुलिस के एसआई पदों की लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र नंबर 491 और परीक्षा केंद्र नंबर 501दो परीक्षा केन्द्रों को बदल दिया गया है। जिलाधीश ने बताया कि परीक्षा केंद्र 491 ईएम एफआरएलडी कन्वेंट स्कूल भातौला रोड सेक्टर- 79 ग्रेटर फरीदाबाद ब्लॉक बी को बदलकर नवजीवन स्कूल सेक्टर-10 ब्लॉक ए डीएलएफ फरीदाबाद में कर दिया गया है। जिलाधीश ने आगे बताया कि परीक्षा केंद्र 501 जोकि होमरस्टोन ग्रामर स्कूल सेक्टर 21ए को बदलकर टैगोर अकैडमी सेक्टर- 3 बल्लभगढ़ में परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। जिलाधीश ने कहा कि इन परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी निर्धारित समय पर अपने नए परीक्षा केंद्रों में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### राष्ट्र निर्माण में एनएसएस वालंटियर्स का योगदान सराहनीय



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में एनएसएस दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस की शुरूआत 24 सितंबर, 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर हुई थी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक एनएसएस वालंटियर्सएवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार और एनएसएस की संस्थापक से वालंटियर के रूप में जुड़े श्री कृष्ण कुमार गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा एवं संस्कृति मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी, डॉ. बिन्दू मंगला एवं डॉ उमेश ने किया। एनएसएस दिवस पर स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्यरत एनएसएस वालंटियर्स एवं कार्यक्रम अधिकारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं बल्कि आप' है जो नि:स्वार्थ सेवा की जरूरत पर बल देता है। एनएसएस की विचारधारा वाक्य में पूरी तरह से निहित है जो इस बात पर जोर देती है कि सभी का कल्याण समाज के कल्याण पर अत्यधिक निर्भर है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग 200 विद्यार्थी एनएसएस स्वयंसेवकों के रूप में जुड़े हुए है, जिसे बढ़ाकर 600 करने की आवश्यकता है क्योंकि विद्यार्थियों की कुल संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

**PUBLIC NOTICE**

My client, Sh. Sunil Kumar Jain and Sh. Sushil Kumar Jain, Director of M/s SBT Manufacturing Pvt. Ltd. having office at 16, 2nd Floor Main Road East Patel Nagar, New Delhi-110008, owner of property bearing address Industrial Unit Khasra No. 29/16/2/1, 17/2, 24, 25/1/1, 25/1/2/1, 25/2/1, 44/4 & 5/1, area 15782.61 Sq. Mtrs., Village Pipli, Tehsil Ganuar, District Sonipat through Sale Deed dated 24.04.2019 executed by Sh. Lalit S/o Sh. Devraj in favour of M/s SBT Manufacturing Pvt. Ltd., vide reg. no. 393. The last chain document of the property i.e. Original Transfer of Immovable property Deed dated 21.11.2018 executed by Smt. Bimla w/o Devraj in favour of Sh. Lalit S/o Sh. Devraj Vide reg. no. 3047 has been lost and in this regard an NCR has been registered vide LR No.748632/2021 dated 25.09.2021. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**
**Mobile No. 9811215181**

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

# भीमसेन मेहता ने मात्र नौ साल की उम्र में झेला विभाजन का दर्द


**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**भीमसेन** मेहता उस समय मात्र 9 साल के थे, जब भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। बंटवारे की घोषणा से पहले सब मिल-जुलकर एकता से रहते थे। जैसे ही बंटवारा हुआ तो लोगों के दिलों में दरारें पैदा हो गई। हालांकि उस दौर में भी बहुत से लोगों ने अच्छी भूमिका भी निभाई। भीमसेन मेहता बताते हैं कि उनका जन्म दो फरवरी 1938 को जिला डेरा गाजी खान की तहसील तौंसा के गांव मंगडोठा में हुआ था।

वे विभाजन के समय चौथी कक्षा में पढ़ते थे। पढ़ाई का माध्यम उर्दू था। बंटवारे से पहले हिन्दू हो या मुसलमान, किसी के बीच कोई

### जिला डेरा गाजी खान के गांव मंगडोठा में रहता था परिवार

भेदभाव नहीं था। सब सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते थे। उनका पूरा परिवार गांव में ही रहता था। उनके चाचा रेलवे में नौकरी करते थे। उनका निवास अमृतसर में था। अगस्त 1947 में भारत-पाकिस्तान का जब विभाजन हुआ तो सभी हिन्दू परिवारों को गांव छोड़ने की सलाह दी गई। विभाजन के नाम पर पाकिस्तान में लोगों पर बहुत जुल्म भी हुए थे, यह किसी से छिपा नहीं है। हिन्दुओं पर खूब अत्याचार किए



भीमसेन मेहता।

गए थे। लोगों की सरेआम हत्याएं की गई थी।

अपनी जान बचाने के लिए वे सब गांव मंगडोठा से मिलिट्री की बस में बैठकर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां गोरखा फोर्स की सुरक्षा के बीच रेलगाड़ी से अटारी पहुंचे। फिर अटारी से शरीफपुरा मोहल्ला अमृतसर पहुंचे। वहां पर उनके रेलवे में नौकरी करने वाले चाचा पहले से ही रहते थे। भीमसेन मेहता के मुताबिक अमृतसर से उन्होंने चौथी कक्षा में दाखिल लेकर पढ़ाई शुरू की।

वर्ष 1950 में वे अमृतसर से पलवल शिफ्ट हो गये और फिर वहां से गुरुग्राम में आ गए। शिक्षा पूरी करने के बाद उनकी बिजली विभाग में नौकरी लग गई। वे कार्यकारी अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) के पद से सेवानिवृत हुए हैं। इस समय उनकी उम्र 83 साल हो चुका है। जो बंटवारे के समय दर्द उन सबने झेला, आज उससे भी बढ़कर सुकून से जीवन जी रहे हैं।

## हसनपुर पुलिस ने जमुना नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया

**पायनियर समाचार सेवा।** होडल

**हसनपुर** थाना पुलिस ने गांव बिल्लौजपुर के निकट जमुना में से एक व्यक्ति का शव गली-सड़ी अवस्था में बरामद किया है। पुलिस ने व्यक्ति के पास से मिले कागजों से व्यक्ति की शिनाख्त गांव हसनपुर जिवाना थाना हिंडोण बागपत यूपी निवासी बॉबी के रूप में की है। पुलिस ने व्यक्ति के परिजनों और हिडोन पुलिस को सूचना दे दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि गांव बिल्लौजपुर के ग्रामीणों ने जमुना में एक शव को बहता देखा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जमुना से बाहर निकाला जो कि गली-सडी अवस्था में था। पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसमें से आधार कार्ड मिले। पुलिस ने जब उन आधार कार्ड के द्वारा संपर्क किया तो शव की पहचान थाना हिंडोन बागपत यूपी निवासी बॉबी के रूप में हुई। पुलिस ने बॉबी के परिजनों से संपर्क किया तो उन्होंने मृतक के परिजनों ने बताया कि बॉबी को 15 सितंबर हिंडोण पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा था। जब हसनपुर पुलिस ने हिंडोण पुलिस से संपर्क साधा तो हिंडोण पुलिस ने बताया कि उन्होंने चोरी के आरोप में बॉबी के साथी को पकड़ा था जबकि बॉबी फरार हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बॉबी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कन्यादान हमारी संस्कृति की पवित्रता है

# इस पर सवाल न उठाएं मान्यवर

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम


**दुल्हा-दुल्हन** की पोशाकों की विक्रेता कंपनी मान्यवर की ओर से टेलिविजन दिए गए ब्राइडल लहंगे मोहे के विज्ञापन में कन्यादान को लेकर उठाए गए सवाल पर बवाल हो रहा है।

इस विज्ञापन के माध्यम से हिन्दुओं की संस्कृति और परम्परा व भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कहा जा रहा है। आम आदमी से लेकर फिल्मी सितारों ने मान्यवर के इस कदम का विरोध करते हुए मान्यवर के कपड़ों की खरीदारी नहीं करने की बात कही है।


टेलिविजन पर मान्यवर कंपनी के कपड़ों का एक विज्ञापन प्रसारित हो रहा है। फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट इस विज्ञापन में मुख्य भूमिका में है। कंपनी ने आलिया भट्ट से ही बेटी को लेकर डायलॉग बुलवाया गया है। विज्ञापन के अंत में वे कहती हैं कि...नया आइडिया, कन्या मान। मतलब कि कन्यादान करना विज्ञापन में सही नहीं बताया गया है।

### कन्यादान पर मान्यवर के विज्ञापन में सवाल उठाने का हो रहा विरोध


### भारतीय संस्कृति में कन्यादान का मतलब पिता का ऋण से उऋण होना है



डा. राम सिंह।



बोधराज सीकरी।



डा. अशोक दिवाकर।

### कन्या का मान करते हैं तभी तो कन्यादान करते हैं : प्रो. राम सिंह

**मोहे** ब्राइडल विज्ञापन का विरोध करते हुए प्रसिद्ध जीव विज्ञानी प्रो. राम सिंह का कहना है कि कन्यादान एक रिवाज है। इसका मतलब यह नहीं कि कन्या का कोई दान किया जाता है। कन्या कोई वस्तु नहीं है। यह हमारी संस्कृति है। यह व्यक्ति का बहुत बड़ा योगदान होता है समाज को आगे चलाने में। दो परिवारों के बीच संबंध स्थापित करने का विवाह-शादी माध्यम होता है। कन्यादान का गलत अर्थ निकालकर विवाह संस्कृति पर सवाल उठाना सही नहीं। हम रीति-रिवाजों को महत्व देते हैं। कन्या का मान करते हैं तभी तो दो अनजान परिवारों के बीच सात जन्मों के संबंध स्थापित होते हैं। ये संबंध पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों तक चलते हैं। डा. सिंह कहते हैं कि घर में बेटा पैदा होता है तो पिता का यही इच्छा होती है कि वह उसके कंधों पर जाए। ऐसे ही जब बेटी पैदा होती है तो हर पिता यही चाहता है कि वह वर पक्ष का वंश चलाने के लिए अपनी बेटी का खुशी-खुशी कन्यादान करके अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करे। पूरी निष्ठा के साथ और सैंकड़ों, हजारों लोगों की पंचायत के बीच रिश्ता जुड़ता है। कन्यादान पवित्र बंधन है। मान्यवर को कन्यादान पर उठाए गए सवाल पर माफी मांगते हुए विज्ञापन को हटाना चाहिए।

### कन्यादान एक भावनात्मक रिश्ते का परम्परा है : बोधराज सीकरी

**सामाजिक** चिंतक बोधराज सीकरी कहते हैं कि सनातन धर्म में अगर किसी पिता को कन्यादान का अवसर मिलता है तो वह किस्मत वाला होता है। कन्यादान का गलत अर्थ निकालना सही नहीं है। कन्यादान का हिन्दू धर्म में अर्थ है-सदगृहस्थ की, परिवार निर्माण की जिम्मेदार उठाने के लिए शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूती आ जाने के बाद युवक-युवतियों का विवाह संस्कार होना। हिन्दू धर्म में कन्यादान एक ऐसी परम्परा है, जो पिता-बेटी के भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है। विज्ञापन बनाने वाली कंपनी को भी यह अच्छी तरह से पता है कि हिन्दू धर्म में पुत्री को कोई सामान नहीं समझा जाता। इसके बावजूद विवाह की पवित्र परम्परा को अपमानित करने का प्रयास किया। इस पर माफी मांगनी चाहिए।

### कन्यादान पर सवाल उठाना सही नहीं : डॉ. अशोक दिवाकर

**प्रसिद्ध** शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर कहते हैं कि यह विज्ञापन हमारी हिन्दू संस्कृति पर हमला है। किसी दूसरे धर्म पर ऐसे विज्ञापन बनाकर कोई कंपनी अपना प्रचार नहीं करती। डा. दिवाकर का कहना है कि कन्या का दान कभी नहीं हो सकता। यह तो एक पिता के वर्ण का दान होता है। एक वर्ण को छोड़कर कन्या दूसरे नये वर्ण में प्रवेश करती है। ऐसा ही काम उस कन्या की मां ने भी किया होता है। इसमें ऐसा कुछ नहीं होता कि उसका कोई दान दिया गया हो। हमारी पवित्र संस्कृति को इस तरह से विवादित बनाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं हो सकता। हम सब संस्कृति और संस्कारों के बंधन में बंधे हैं। हमें संस्कार विरासत में मिलते हैं। संस्कारों की वेदी पर चलकर ही हम सब परम्पराओं का निभाते आ रहे हैं। मान्यवर कंपनी अपने विज्ञापन पर माफी मांगे।

# व्यक्ति की हत्या कर शव जंगल में फेंका

**होडल।** एक व्यक्ति की हत्या कर शव गांव भुलवाना के निकट जंगलों में फेंककर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की शिनाख्त गांव भिडूकी निवासी 27 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर आधा दर्जन से ज्यादा नामजद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

होडल थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गांव भुलवाना के निकट जंगल में खून से लथपथ व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को देखा तो उस व्यक्ति की सिर पर चोट मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने गांव भुलवाना के लोगों ने शव की शिनाख्त करने के लिए कहा, लेकिन ग्रामीण शव की शिनाख्त नहीं कर सके। कुछ देर बाद ही शव की शिनाख्त गांव भिडूकी निवासी हेतराम के पुत्र रिन्कू के रूप में हुई। रिन्कू के पिता ने पुलिस को बताया कि रिंकू होडल के बाजार में सामान लेने के लिए घर से आया था। उसने बताया कि रिंकू की हत्या रंजिश के चलते हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हेतराम की शिकायत पर गांव भिडूकी निवासी पदम, कमल, धर्म, विष्णु, सतपाल, बॉबी, विनय, जीतू और भोला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**होडल।** कस्बा हसनपुर के गांव कुशक के पास दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही हसनपुर थाना पुलिस ने पलवल स्थित सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि गांव नगला कहिरिया जिला मैनपुर यूपी निवासी सुरेश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी भाई सुनील दो दिन पहले गांव कुशक के निकट सड़क पार कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे उपचार के लिए पलवल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# आरडी सिटी को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने किया टेकओवर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सेक्टर 51,** 52 व 57 की जमीन पर विकसित हुई आरडी सिटी कालोनी को टाउन एंड कट्री प्लानिंग विभाग द्वारा टेकओवर कर लिया गया है। इस निर्णय पर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। क्योंकि लोग बिल्डर के अधीन रहते हुए मूलभूत सुविधाओं के मोहताज थे।

टाउन एंड कट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक केएम पाण्डुरंग ने सीनियर टाउन प्लानर की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया। उन्होंने डवलपर को नोटिस देकर 15 दिन के अंदर अनसोल्ड प्रोपटीज़ की जानकारी मांगी है। निदेशक केएम पाण्डुरंग ने आदेश दिया कि इस

### क्षेत्र के लोगों में दौड़ी खुशी की लहर

कालोनी को टेकओवर करने के बाद एक एस्टीमेट तैयार किया जाए, जहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है, उस पर कितनी राशि खर्च होगी। रजिस्ट्रीयां, बुनियादी सुविधाओं, बिजली सप्लाई, विकास कार्यों पर कमेटी द्वारा नजर रखी जाएगी। जबकि इसमें सचिव डीटीपी प्लांनिंग संजीव कुमार व डीटीपी इंफोर्समेंट आरएस बाठ रहेंगे। एचएसवीपी के ईएक्सईएन और उपायुक्त की ओर से नियुक्त अधिकारी सदस्य रहेंगे। वार्ड-31 के पार्षद कुलदीप बोहरा ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह और नगर निगम के आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त कालोनी को टेकओवर किए जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा तथा रुके हुए काम पूरे हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की यह काफी समय से मांग थी, जोकि अब पूरी हो गई है। क्षेत्र की बबीता मल्होत्रा, पवन गर्ग, अनुराग गुप्ता, रेणू जुयाल, अविनाश भाटिया, संजीव यादव आदि ने जिला प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने क्षेत्र में अन्य कालोनियों की तरह विकास कार्य और सुविधाएं मिल पाएंगी।

# गुरुग्राम के कुणाल व निशा ने पास की आईएएस परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में गुरुग्राम के एक बेटा व एक बेटी ने आईएएस की परीक्षा पास करके जिले, प्रदेश और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में शिकोहपुर गांव के कुणाल यादव ने 185वां रैंक व नखड़ौला गांव की निशा यादव ने 187वां रैंक हासिल किया है।

यह उपलब्धि हासिल करके निशा ने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया है। निशा यादव फिलहाल हरियाणा सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करके सिटी मैजिस्ट्रेट लगी हुई हैं। वे यमुनानगर में तैनात हैं। निशा यादव इससे पहले भी यूपीएससी की परीक्षा दे चुकी हैं। भले ही वह सिटी मैजिस्ट्रेट लगी हों, लेकिन उन्हें इसमें संतुष्टि नहीं है। वे आईएएस करके देश, समाजसेवा को और भी विस्तारित तरीके से करना चाहती हैं। अपने तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की निशा यादव के पिता ट्रांसपोर्टर हैं। निशा की बड़ी बहन लेक्चरर हैं तथा भाई अभी स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। सिटी मैजिस्ट्रेट निशा अभी अविवाहित हैं। ग्रामीण अंचल से निकलकर इस सफलता तक पहुंची निशा पूरा श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं। उनके माता-पिता की भी सपना था कि वह आईएएस पास करे। निशा की सफलता पर गांव में खुशियां मनाई



कुणाल यादव।



निशा यादव।

गई। उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। निशा के पिता नरेंद्र यादव ने कहा कि बचपन से ही पढ़ाई में निशा होशियार रही है। जीवन में सदा ऊंचा ओहदा पाकर समाजसेवा करने का उसमें जज्बा रहा है। बेटी की इस सफलता ने आज और भी गौरवान्वित किया है।

### शिकोहपुर के कुणाल यादव की सफलता पर जश्न

**शिकोहपुर** गांव के कुणाल यादव की सफलता पर भी गांव में जश्न मनाया गया। गांव में उनके परिवार में पूरे गांव ने बधाई दी। पूर्व पत्रकार धर्मबीर यादव के भतीजे कुणाल यादव पुत्र सतीश यादव ने भी आईएएस की परीक्षा में 185वां रैंक हासिल किया है। कुणाल के पिता सतीश यादव रेवाड़ी में पंजाब नेशनल बैंक में मैनेजर हैं। फिलहाल वे रेवाड़ी में ही रहते हैं। बाकी का परिवार शिकोहपुर गांव में ही रहता है।

## कीर्ती तौमर ने आइएएस की परीक्षा में 89 रैंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**कैलाश मंगला।** होडल

**यूपीएससी** की परीक्षा में होडल हसनपुर चौक निवासी सचिन तौमर की पत्नी कीर्ती तौमर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से 89 रैंक प्राप्त कर अपने जिले व देश का नाम रोशन किया है। पिछले साल इसी इसी विश्वविद्यालय से यूपीएससी की परीक्षा में होडल उपमंडल के हिमांशु जैन ने देश में चौथी रैक प्राप्त की थी। कीर्ती तौमर ने यूपीएससी में 89 रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व ससुराल वालों का नाम रोशन किया है। कीर्ती तौमर को फोन पर लगातार उनके परिजनों व रिस्तेदारों के द्वारा बधाई देने वालों तांता लगा हुआ है।

दिल्ली विश्वविद्यालय हंसराज कॉलेज से पिछले वर्ष होडल उपमंडल के हिमांशु जैन ने चौथी रैंक प्राप्त की थी अबकी वर्ष सचिन तौमर की पत्नी कीर्ती तौमर ने इसी विश्वविद्यालय से 89 रैंक प्राप्त कर जिले व देश का नाम रोशन किया है। कीर्ती तौमर ने जानकारी में बताया कि उन्होंने बीएससी व एमएससी दिल्ली स्थित हंसराज कॉलेज से ही की हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले उन्होंने आर्मी के एगजाम में ऑल इंडिया में पांचवीं रैंक प्राप्त की है। इसके अलावा आम पुलिस फोर्स की परीक्षा भी उन्होंने उर्तीण की है। उन्होंने बताया कि अब वह मध्यप्रदेश में पब्लिक सर्विस फर्नीचर में अस्टैंट प्रोफेसर है। बातचीत में उन्होंने बताया कि उनकी शादी को चार महीने ही हुए हैं।

यूपीएससी की तैयारियों के लिए वह रोजाना होडल से दिल्ली कोचिंग लेने के लिए जाती थी। उन्होंने बताया कि वह रोजाना आठ से दस घंटे लगातार पढ़ाई करती हैं। इसके अलावा उन्हें आईएएस की परीक्षा के लिए अपने परिवार के साथ-साथ ससुराल वाले व उनके पति का भी पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि उनका सपना आइएएस बनकर देश की सेवा करने का था इसलिए उन्होंने कई परीक्षाएं पास करने के बाद भी कहीं भी ज्वाइंन नहीं किया। कीर्ती के यूपीएससी की परीक्षा पास कर अपने जिले और देश का नाम रोशन किया है।



आईएएस में 89 रैंक हासिल करने वाली कीर्ती तौमर।

## पत्रकारिता की पढ़ाई को 60 सीटों पर 63 आवेदन

**गुरुग्राम।** शैक्षणिक सत्र 2021-22 के तहत स्नातक के प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया चल रही है। शहर के सेक्टर-9 स्थित राजकीय महाविद्यालय के कला पत्रकारिता और जनसंचार स्नातक (बैचलर ऑफ आट्र्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) में छात्रों ने दाखिला लेने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई।

महाविद्यालय में इस संकाय की 60 सीटें हैं, लेकिन गत 6 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में कुल 63 छात्रों ने ही आवेदन किए थे। हालांकि महाविद्यालय प्रबंधन को उम्मीद थी कि कला पत्रकारिता और जनसंचार स्नातक में लगभग सभी सीटों पर दाखिले हो जाएंगे। परंतु अभी तक सिर्फ 15 छात्रों ने ही फीस जमा कराकर दस्तावेजों की जांच कराई है। बता दें कि जिले के नौ राजकीय महाविद्यालयों में से सिर्फ सेक्टर-9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में कला पत्रकारिता और जनसंचार स्नातक कोर्स है। कई साल पहले इस कोर्स को महाविद्यालय से बंद करा दिया था। लेकिन पत्रकारिता की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों की जरूरत को देखते हुए उच्चतर शिक्षा विभाग से इस कोर्स दोबारा शुरू करने की मांग की गई थी। जिसके बाद नए सत्र से यह कोर्स दोबारा से शुरू किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थी पेड़ संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों का जीवन सुरक्षित बनाएंगे



**सोहना।** भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ-साथ पक्षियों के लिए पेड़ों पर घोसले भी लगाए। विद्यार्थी पक्षियों का जीवन सुरक्षित बनाने के लिए आम लोगों को प्रेरित करेंगे। शनिवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 50 पौधे और पांच पक्षियों के घोसले समाज सेवी के माध्यम से लगाए गए। गांव निवासी राजेश राघव ने अपने बेटे शुभम राघव की लिमिटेड कंपनी में रोजगार उपलब्धता की खुशी में स्कूल परिवार में आठ हजार की कीमत वाले 50 पौधे लगाए। पौधारोपण के साथ-साथ पांच पक्षियों का जीवन सुखमय बनाने के उद्देश्य से घोसले भी लगवाए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण का संतुलन बनाने के नियम बतान के साथ जीओ और जीने दो का संदेश भी दिया। राजेश राघव ने बताया कि एक विद्यार्थी एक दिन में दस लोगों से इस विषय में चर्चा करता है। उसकी इस चर्चा से पांच लोग सबक लेंगे और पेड़ों के साथ-साथ पक्षियों का जीवन भी सुरक्षित बनाने में आगे आएं। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम राघव ने विद्यार्थियों को भी अपने घरों में पक्षियों के संरक्षण करने के लिए घोसला बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को बताया कि पेड़ों की संख्या बढ़ाने में पक्षियों के योगदान के विषय में बताते हुए साल में दस पक्षियों का जीवन सुरक्षित बनने के लिए शपथ भी दिलवाई।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर जाकर लगाया कोविड टीका



**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर कोविड वैक्सीनेशन कर रही है। नागरिक अस्पताल से गठित कर्मचारियों की टीम ने बीते एक सप्ताह में 400 लोगों को टीकारण किया है। स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर नागरिक अस्पताल से एक टीम हर दिन शहर के अलग-अलग वार्ड में जाएगी। यह टीम वृद्ध, दिव्यांग, मंदबुद्धि और चोट ग्रस्त लोगों को उनके घर पर ही कोविड की पहली-दूसरी डोज का टीका लगाने का कार्य कर रही है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि एक दिन में उनकी टीम के सदस्य 100 से 150 लोगों को घर पर ही जाकर टीका लगा रही है। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में भी अब बिना टोकन कोविड टीका लगाया जा रहा है। जिसमें पहली-दूसरी डोज का कम से कम 100 और अधिक से अधिक 150 टीके एक दिन में लगाने का कार्य चल रहा है।

### वाहन चोर अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस ने सोहना के इंडरी मोड़ पर युवक को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। युवक अवैध हथियार के बल पर वाहन चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-40 सीआईए पुलिस की टीम एसआई अजीत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार रात को सोहना के अंबेडकर चौक पर गश्त कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि फ्रेंड्स कॉलोनी सोहना निवासी बलवंत उर्फ गोलू बाईपास चौक से चंद कदम दूरी पर इण्डरी मोड़ पर खड़ा है। बलवंत उर्फ गोलू मूलरूू से जिला नूंह के शहर नगीना का रहने वाला है। वह हथियार दिखाकर वाहनों को लूटने का काम करता है। सीआईए-40 पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच बलवंत उर्फ गोलू को दबोच लिया। तलाशी के दौरान देशी कट्टा दो जिंदा रौंद कब्जे में ले लिये। एसआई अजीत सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### सिलानी गोशाला में 31 लाख से टिनशेड बनेगा : डिप्टी सीएम



**सोहना।** सिलानी गोशाला में पहुंचे प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 31 लाख रुपये से टिनशेड बनाने की घोषणा की। सिलानी चौक से गोशाला तक के कच्चे रास्ता को पक्का करने की भी घोषणा की है। शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गो भक्ति दिखाते हुए सिलानी में बनी गोशाला में पहुंच गए। जहां पर मौजूद ग्रामीण ने स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने गो सेवा करते हुए अपने हाथों से गुड़ खिलाया। करीब 10 मिनट तक गोशाला में रहते हुए दुष्यंत चौटाला ने गायओं की सेवा के विषय में जानकारी ली। उसके बाद 31 लाख रुपये से टीन सैड बनाने के लिए देने की घोषणा की। उनके साथ हरियाणा के पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, पशुपालन विभाग की उपनिदेशक पुनीता गहलावत, जिला उपाध्यक्ष ऋषि राज राणा, तावडू से ब्लॉक अध्यक्ष अख्तर अली, सिलानी के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

### महिला ने पति के खिलाफ दर्ज कराया केस

**सोहना।** भोंडसी पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया। महिला ने पति पर कभी भी जानलेवा हमला करने और मायके वालों की संपत्ति को भी हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी अर्पणा पति राजीव सिंह पुत्री राजेश ने स्थानीय थाना पुलिस को बताया कि उसकी पहली शादी कानपुर में 2001 में हुई थी। पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसे धक्का मारते हुए बेटी समेत घर से बाहर निकाल दिया था। उसके बाद उसने 2010 में राजस्थान जयपुर निवासी राजीव पुत्र रामकुमार से आर्य मंदिर में की थी। शादी के कुछ दिन बाद वह 2010 से 2014 के बीच गुरुग्राम में किराए के मकान में रही। दूसरे पति से उसे दो बेटे हुए। उसके पिता राजेश कुमार ने मारुति कुंज में 100 वर्गगज में बना मकान खरीदकर दे दिया था। राजीव नशे का आदी और वह अपनी कमाई का एक पैसा उसे किसी भी कार्य के लिए न नहीं देता है। उल्टा उससे ही 50 हजार रुपये नकद लिए थे। उसके पिता की 2018 में मौत बाद उनकी सारी संपत्ति उसके नाम आ गई। अब उसका पति राजीव सारी जमीन जायदात अपने नाम कराने को कहता है। नहीं तो पहले पति से हुई बेटी के साथ कुछ अनहोनी करने की धमकी देता है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पांच किलो गांजा सहित एक आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध जयवीर सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 ने एक गांजा तस्कर को दबोचने में कामयाबी हासिल हुई है। आरोपी सुंदर पुत्र दयाराम जिला पलवल का मूल निवासी है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 को सूचना मिली थी कि थाना सदर बल्लभगढ़ एरिया में एक व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। तुरंत टीम गठित कर थाना सदर बल्लभगढ़ एरिया में छापेमारी कर आरोपी को काबू किया। जिसके पास से पुलिस को 5 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। नशीला पदार्थ बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है ड्राइवर की नौकरी करता था। नौकरी छोड़कर ज्यादा पैसे कमाने के लालच में गांजा खरीदने और बेचने का काम करने लगा आरोपी फतेहपुर बल्लभगढ़ गांजा बेचने जा रहा था। पुलिस आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से गांजा खरीदने के ठिकाने के बारे में पता करेगी।

# नीमका गांव में बोरवैल में उतरे चार लोगों की मौत

### मृतकों में दो चचेर भाई, गांव में पसरा मातम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**नूंह** जिले के नीमका गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के झिड़ जंगल में ट्यूबवेल के बोरवेल की छटाई करने उतरे एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत के बाद उसे बचाने की कोशिश में नीचे उतरकर मदद करने वाले तीन लोग भी काल के गाल में समा गए। एक ही गांव के दो चचेरे भाइयों सहित चार लोगों की मौत से नीमका गांव ही नहीं बल्कि पूरे मेवात में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक हनीफ उर्फ हन्नी का ट्यूबवेल का बोरवेल गांव के जंगल में कई सालों से है। बरसात के बाद बोरवेल में मिट्टी व पानी चला गया, जिससे पानी का पंखा आदि दब गए। सरसों आदि फसल की बुवाई के लिए उसे दोबारा छटाई कर चालू करने के लिए साहिब पुत्र हन्नी उम्र 20 वर्ष अपने ही गांव के मिस्त्री जमशीद पुत्र उसमान उम्र 45 वर्ष को साथ लेकर बोरवेल पर पहुंचा। जमशीद जैसे ही बोरवेल के गड्ढे में नीचे उतरा तो उसका दम घुटने लगा।

उसने साहिब से मदद मांगी। साहिब उसे बचाने के लिए नीचे उतरा तो फिर वापस नहीं आया। बोरवेल के पड़ोस में खेतों में काम कर रही एक महिला ने शोर मचाया तो खेतों पर बोरवेल से नजदीक मकान बनाकर रह रहे जाकर पुत्र इसराइल उम्र 21 साल, याहया पुत्र इल्यास उम्र 22 वर्ष दोनों चचेरे भाई महिला की आवाज सुनकर बचाने के लिए बोरवेल की तरफ गए तो बिना कुछ सोचे समझे बोरवेल में पड़े जमशीद व साहिब को ऊपर लाने के लिए छलांग लगा दी। बोरवेल में बन रहे गैस के कारण दम घुटने से चारों ही शख्स जान गंवा बैठे।

धीरे-धीरे यह खबर नीमका गांव में आग की तरह पहुंची तो घटनास्थल पर सैकड़ों की भीड़ जुट गई। अपने बेटे साहिब व भाई के लड़के सहित कई लोगों को मरता देख बोरवेल मालिक हन्नी ने भी छलांग लगा दी, लेकिन उसे वहां मौजूद भीड़ ने बीच में ही हाथ पकड़ कर खींच लिया। कुछ उम्रदराज लोगों ने अगर समझदारी नहीं दिखाई होती तो मरने वालों की संख्या दर्जनभर से भी अधिक हो सकती थी। युवा बोरवेल में गिरे लोगों को ऊपर लाने के लिए पूरी तरह उतावले थे, तो कुछ उम्र दराज लोगों ने बोरवेल में नहीं उतरने की सलाह दी। जिसके बाद भीड़ ने बोरवेल में गिरे चार लोगों को रस्सी बिलाई आदि की मदद से निकालना शुरू किया, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद चारों के शव बाहर निकाले जा सके।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस भी आनन-फानन में पहुंच गई, लेकिन चारों लोगों को बोरवेल से नहीं बचाया जा सका। बाहर निकालने के बाद भी चारों लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना दोपहर करीब पौने बारह बजे की बताई जा रही है। बिछोर थाना प्रभारी अजयबीर भड़ाना ने अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडी खेड़ा पहुंच कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन की नहीं हुई शादी

**मरने** वाले साहिब, जाकर, याहया की उम्र 20 से 22 वर्ष के बीच है। जाकर और याहया चचेरे भाई हैं, तो साहिब भी उनका हम उम्र है। तीनों युवाओं की अभी शादी भी नहीं हुई थी कि उससे पहले ही उनकी एक हादसे में दम घुटने से मौत हो गई। एक ही गांव के चार लोगों की मौत की खबर जैसे ही इलाके में पहुंची तो चारों तरफ माहौल गमगीन हो गया। कुल मिलाकर नीमका गांव में इतने बड़े हादसे के बाद मेवात जिले में जिसने भी घटना के बारे में सुना वही अस्पताल या घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़ा।

# प्राचीन जोहड़ बन रही मौत का ग्रास, अब तक दर्जन भर की मौत

ललित गर्ग। पुन्हाना

**शहर** के बीचोबीच स्थित प्राचीन जोहड़ पिछले काफी समय से मौत का ग्रास बनी हुई है। अब तक लगभग दर्जन भर से अधिक लोग इस जोहड़ में डूब जाने के कारण मारे जा चुके हैं। शनिवार सवेरे भी जोहड़ के समीप स्थित मंदिर में पूजा करने गई महिला की पैर फिसलने के कारण जोहड़ में गिर गई और महिला की मौत हो गई। हालांकि महिला को लोगों द्वारा कुछ ही समय में बाहर निकाल लिया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्राफा बाजार पुन्हाना निवासी सीमा पत्नी विनय सुबह के समय मन्दिर में पूजा करने गई। पूजा करने उपरांत महिला का पैर फिसल जाने के जोहड़ में डूब गई। उसे निकाल तब तक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह जोहड़ पूरी तरह दल-दल में तब्दील हो चुकी है और जोहड़ में जहरीली गैस बनी हुई है। इसके अलावा जोहड़ के आसपास रहने वाले कई परिवारों के सदस्य जोहड़ में फिसल जाने के कारण अपनी जान गवां चुके हैं। बताया जाता है कि जोहड़ में जो भी गिरा है वह मृतक ही बाहर आया है। सबसे बड़ी चौकाने वाली बात ये है कि मौत का ग्रास बन रही इस जोहड़ के प्रति न तो जिला प्रशासन कोई समाधान ढूंढ रहा है और न ही भाजपा सरकार के दर्जनों की संख्या में पद प्राप्त पदाधिकारी इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं। शहर के बीचोबीच स्थित इस जोहड़ को लेकर इलाके के लोग भारी चिंतित हैं, शहरवासी प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिला उपायुक्त से आग्रह कर इस मौत का ग्रास बन रही जोहड़ का समाधान करने की मांग की है।

शहर के बीचोंबीच स्थित प्राचीन जमालगढ़ रोड सहित ब्राह्मण मोहल्ला, आर्य समाज मन्दिर आदि तक फैली हुई है। इसी जोहड़ में शहर का सारा गन्दा भी जाता है, जिसके अक्सर ओवरफ्लो होने के कारण शहर में चारों तरफ जलभराव की स्थिति पैदा होती है। जोहड़ के इर्दगिर्द जहां लोगों के घर व दुकाने है वहीं आधा दर्जन मन्दिर भी इस जोहड़ के निकट है। इस जोहड़ में डूबने से मंदिर में आये कई श्रदालु मौत का ग्रास बने हैं तो वहीं निकट रहने वाले कई परिवार के सदस्यों की जोहड़ में फिसलकर मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह जोहड़ पूरी तरह जहरीली गैस व दल दल बन चुकी है। इस जोहड़ में गिरने के बाद लोग मृतक ही बाहर आते है, हालांकि हर बार आसपास के लोगों द्वारा गिरने वाले लोगों को निकाला गया, लेकिन तब तक वे मौत का ग्रास बन चुके होते हैं। इस वर्ष नौ माह के समय मे दो लोगों की मौत हो चुकी है तथा इससे पहले भी कई लोग डूबकर मर चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ती मौसमी बीमारियों को लेकर तावडू नगर पालिका प्रशासन अलर्ट



**तावडू।** जिले व एनसीआर क्षेत्र में बढ़ती मौसमी बीमारियों को लेकर तावडू नगर पालिका प्रशासन भी गंभीर हो गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सावधानी बरतते हुए शहर में फोगिंग शुरू करा दी गई है। नगर पालिका प्रशासन ने शहर के लोगों से अपने आसपास विशेष सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया है। इसके लिए शहर में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान भी रखवाये गए हैं। तावडू नगर पालिका अध्यक्ष मनीता गर्ग ने बताया कि शहर के सभी वार्डों की गलियों में और घरों के आसपास फॉगिंग शुरू कराई गई है। ताकि नालियों, गलियों और घरों के आसपास एकत्रित पानी में मच्छर नहीं पनप सके। उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास, घरों वाटर कूलर और पुराने कबाड़ में किसी भी तरह के पानी और गंदगी को इकट्ठा नहीं होने दें। समय-समय पर सफाई करते रहें। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। शुक्रवार को शहर में सार्वजनिक शौचालयों, फास्ट फूड की दुकानों व फल फ्रूट सहित आदि प्रकार की दुकानों के सामने कूड़ा करकट डालने के लिए डस्टबिन भी रखवाये गए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश और बीमारियों के मौसम में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### पुन्हाना में फॉगिंग कार्य शुरू : एसडीएम मनीषा शर्मा



**मेवात।** एसडीम पुन्हाना मनीषा शर्मा ने कहा कि मच्छर के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी घातक बीमारियां होती हैं। यह बातें जान लेना इसलिए जरूरी हैं क्योंकि बारिश की वजह से मच्छर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है। एसडीम मनीषा शर्मा ने स्वयं अपनी देखरेख में पुन्हाना में वार्ड नंबर 12, 13 व 14 में नागरिकों को मच्छरों से बचाने के लिए फॉगिंग का कार्य शुरू किया हुआ है और साथ-साथ जहां पर भी गलियां गंदी हैं गलियों की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। मनीषा शर्मा ने कहा कि धीरे-धीरे पूरे पुन्हाना में फॉगिंग का कार्य किया जाएगा ताकि लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने ने कहा कि मानसून में सबसे ज्यादा परेशान मच्छरों से होने वाली बीमारियां करती हैं। ऐसी ही एक बीमारी का नाम है मलेरिया। यह बीमारी फीमेल एनोफेलीज मच्छर के काटने से होती है। उन्होंने ने खंड वासियों से आग्रह किया है कि मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए पानी के बर्तन, टंकी, घड़ों आदि को ढककर रखें और सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, फ्रिज की ट्रे, पशु व पक्षियों के बर्तन व ड्रमों को खाली करके सुखाएं और फिर उनमें पानी डालें। शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनें। ठहरे पानी में लारवा नाशक दवा डाले। उन्होंने बताया कि जहा पानी ठहरेगा। वहीं मच्छर पलेगा और यदि हम पानी ठहरने नहीं देंगे तो मच्छर भी पैदा नहीं होगा।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मालव में दाखिले शुरू

**मेवात।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मालव के प्राचार्य ने कहा कि संस्थान में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में एडमिशन शुरू हो चुके हैं कोई भी इच्छुक विद्यार्थी संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग डिप्लोमा, सिविल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग ऑटोमोबाइल बजरंगी फार्मेसी आदि पाठ्यक्रमों के लिए और शैक्षणिक योग्यता 10-12वीं की रिक्त सीटों के लिए आवेदन 28 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे तथा सभी दाखिले संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदनों की मेरिट लिस्ट के अनुसार ही किए जाएंगे उन्होंने कहा कि मेरिट में काउंसलिंग से संबंधित जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.hstes.org.in पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 29 सितंबरको संस्थान द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी व 30 सितंबर को संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदनों की मेरिट एवं रिजर्वेशन अनुसार काउंसलिंग की जाएगी तथा 1 अक्टूबर को संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदनों की सभी कैटेगरी के विलय के बाद मेरिट के आधार पर काउंसलिंग की जाएगी।

### मोबाइल झपट कर भाग रहे बदमाश को लोगों ने दबोचा

**तावडू।** शहर के नूंह रोड बाईपास पर पेट्रोल पंप के नजदीक एक व्यक्ति का मोबाइल झपट कर भाग रहे बाइक सवार बदमाश को लोगों द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपने का मामला सामने आया है। आरोपी बदमाश के खिलाफ शहर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चीला निवासी मुबारिक ने बताया कि शहर के नूंह रेवाड़ी रोड बाईपास के नजदीक इंडियन पेट्रोल पंप के पास उसका कार्यालय है। 23 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे अपने कार्यालय के सामने सड़क पर वह अपने मोबाइल पर बात करने में व्यस्त था। तभी एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार एक नौजवान लड़का आया और उनका मोबाइल झपट कर भाग गया। उन्होंने बताया कि तभी से वह अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल सवार बदमाश युवक की तलाश में थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 2:30 बजे के करीब पचगांव चौक तावडू में उन्होंने मोटरसाइकिल सवार बदमाश को पहचान लिया और उसे मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी बदमाश ने भागने की कोशिश की तो वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया जिसके कारण वह कई जगह से चोटिल हो गया। वह मोटरसाइकिल सवार बदमाश को पकड़ कर अपने कार्यालय पर लेकर आए जहां पर पूछताछ में उसने अपनी पहचान बावला निवासी नईम के रूप में कराई। इसके बाद शहर पुलिस की एक गाड़ी उनकी सूचना पर मौके पर पहुंची और आरोपी बदमाश को उन्होंने पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बैठक में सही तथ्य रखें अधिकारी : डॉ. बनवारी लाल

### सहकारिता मंत्री ने सुनी 13 शिकायतें, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति में लोगों की शिकायतें सुनते हरियाणा के सहकारिता मन्त्री डॉ. बनवारी लाल ।**

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में ग्राम बिसरू निवासी अख्तर की शिकायत पर जिला अग्रणी प्रबंधक को आदेश दिए कि शिकायतकर्ता की वर्ष 2020 में बारिश के कारण खराब हुई गेहूं की फसल का नुकसान के लिए बजाज एलियांज कंपनी से मुआवजा दिलवाने का कार्य करें । मंत्री ने कहा कि अगर समय पर मुआवजा नहीं दिया जाता है तो फसल मुआवजे के लिए क्रीडा में बजाज कंपनी की शिकायत करने को कहा। सहकारिता मंत्री ने जिला उद्यान अधिकारी को आदेश देते हुए कहा कि जिला में प्लास्टिक टनल मद में प्राप्त 64 किसानों को अनुदान देने के लिए उन सभी की दोबारा फाइल जांच कर उन्हें अनुदान दिलवाने के कार्य को पूरा करें और अगली मासिक बैठक में इस मामले की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय को बढ़ाने के लिए नई नई योजनाएं बनाकर उन्हें लाभ देने का कार्य कर रही है।

सहकारिता मंत्री ने करीम बख्श पुत्र सुलेमान निवासी गांव सारोला की शिकायत पर पंचायत के रास्ता नंबर 267 के नाजायज कब्जे को छुड़वाने के लिए तहसीलदार तावडू को निर्देश दिए कि वे यह कब्जा छुड़वा कर 7 दिन के अंदर जिला उपायुक्त को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सहकारिता मंत्री ने गांव पलड़ी निवासी शिकायतकर्ता गुरु नानक सिंह दया सिंह आदि की शिकायत को सुनते हुए कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिए की वह जल्द से जल्द गांव पल्ले निवासियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में जो भी विकास कार्य हो वह नियमों के आधार पर और उचित समय में पूर्ण होने चाहिए। हरियाणा के सहकारिता मन्त्री डॉ. बनवारी लाल शनिवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समीति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में सुनवाई के लिए कुल 13 परिवाद रखे गए। इनमें 4 मामले पिछली बैठक से लंबित थे तथा 09 नए मामले रखे गए।

जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी विवाद रखे जाते है उन विवादों के समाधान की सही रिपोर्ट अधिकारी प्रस्तुत करें यदि किसी ने गलत रिपोर्ट पेश की तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ता भी इस बात का ध्यान रखें कि वे शिकायत में किसी गलत आदमी का नाम दर्ज न कराए, यदि शिकायत कर्ता ने रिपोर्ट में गलत आदमी का नाम दर्ज कराया तो भविष्य में शिकायत कर्ता के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नूंह विधायक आफताब अहमद, फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान, विधायक पुन्हाना मोहम्मद इलियास मौजूद रहे।

# जिले भर में मनाई गई पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 105वीं जयंती

दीपक कुमार। नूंह



**नूंह जिले में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 105वीं जयंती मनाते भाजपाई।**

**मानवता** के प्रणेता, संगठनकर्ता, महान विचारक एवं राजनीतिज्ञ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर शनिवार के दिन समुचित जिले में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। बूथ स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 105वें जन्मदिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें शिद्दत से याद किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक ने कहा पंडित जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा में हुआ था।

वे एक राजनेता ही नहीं बल्कि वे उच्च कोटि के चिंतक, लेखक और संगठनकर्ता थे। उन्होंने मजबूत और सशक्त भारत की कल्पना की थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। समाज और राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पंडित जी और उनके जैसे अनेकों महापुरुषों के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरुरत है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने कहा आज हम ऐसे महान पुरुष और राजनीतिज्ञ को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। महान विचारक एवं मानवता के प्रणेता, संगठनकर्ता, कुशल राजनीतिज्ञ पंडित दीनदयाल के जीवन की तमाम उपलब्धियां हम सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत्र हैं। पंडित जी हम सभी के आदर्श थे और रहेंगे। उधर फिरोजपुर झिरका में आयोजित हुए कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री लियाकत अली और जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना जीवन बेहद सादगी और शालीनता के साथ जीया था। उनके जैसे महान व्यक्ति आज के युग में कम ही दुनिया में पैदा होते हैं। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर समुचित जिले में कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जाहिद हुसैन बाई, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलम मुंडल, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, ताहिर हुसैन, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील जैन, मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य, महामंत्री तिलक सोनी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सैनी, मोनू आर्य, उपाध्यक्ष सुभाष, युवा मोर्चा के मंडलाध्यक्ष हितेश हरियाणा, मोनू साहू, देशांत वर्मा, संजय सैनी, बिजेंद्र कुमार, महामंत्री मंगल, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री लेखराज प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष सुरेश जाटव, मीडिया प्रभारी गौरव ,प्रेम योगी, बिसराम प्रजापत, विकास सिंगल, निशा सैनी, गोलडी शर्मा, सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ताऊ देवीलाल की 42 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

### जजपा सुप्रीमो अजय चौटाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जन सभा को संबोधित किया

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**पूर्व** उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की 108वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के हिलालपुर गांव में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के साथ ताऊ देवीलाल की 42 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण शनिवार को जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने किया। मूर्ति अनावरण के मौके पर दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे पर जनसभा संबोधित की।

जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार ने फसलों की जो एमएसजी बढ़ाई है, उससे किसानों को पिछली फसलों को बेचने पर ही 1200-1300 करोड़ रुपये का लाभ होगा। जो सीधे उनके बैंक खातों में जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य सरकार सिरसा में मंडी बना रही है और प्रदेश में चार मंडियां प्रस्तावित हैं, जो किसानों की भलाई के लिए सरकार ने फैसला लिया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार ने 700 दिन में मेवात जिले की सड़कों पर 1070 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। गुरुग्राम - अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए को नूंह से राजस्थान सीमा तक चार मार्गीय बनाने के लिए केंद्र से 290 करोड़ की परियोजना पर स्वीकृति करा ली है। जल्दी ही राज्य सरकार टेंडर कराकर काम शुरू कराएगी। पिनगवां-पुन्हाना शहरों में बाईपास बनाया जाएगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि ताऊ देवीलाल की जयंती पर घोषणा करते हैं कि आने वाली 15 अक्टूबर से प्रदेश की हर कम्पनी में 75 प्रतिशत हरियाणा के पढ़े - लिखे बेरोजगार युवाओं को नोकरी दी जाएगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आगामी 10 -15 दिन में राज्य सरकार वन ब्लॉक - वन प्रोडक्ट स्कीम लॉन्च करने जा रही है। जिससे युवाओं को खंड स्तर पर स्किल ट्रेनिंग लेकर स्वरोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

उन्होंने कहा कि पहला सेंटर मेवात की धरा पर खोला जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को जो 45000 एक्टिव सदस्य बनाने का आदेश दिया गया था, समय से पहले ही उस टारगेट को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर 10 लाख नए सदस्य पार्टी से जोड़ने का अभियान शुरू करेंगे। मेवात जिले के आईएमटी रोजका मेव में एशिया की सबसे बड़ी बैटरी बनाने वाली कंपनी लगाई जाएगी। जिसमें 7000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। सरकारी राशन डिपो में 33 फीसदी महिलाओं के लिए रिजर्व रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बैकवर्ड क्लास के लिए पंचायत राज संस्थाओं में 8 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। डिप्टी



सीएम ने कहा कि 10 महीने पहले किसानों को भ्रमित कर आंदोलन शुरू कराया गया था। उन्होंने कहा कि अगर मंडी खत्म होगी, एमएसपी खत्म होगा और किसान की जमीन पर कब्जे होंगे तो जजपा के 10 विधायक त्यागपत्र देकर इस फैसले का विरोध करेंगे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार के 2 साल पूरे होने पर पूर्व सीएम पोल खोलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने डीलरों को जमीन लूटने की ताकत दी थी। 60 - 65 हजार करोड रुपए के सीएलयू बदले गए। जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि ताऊ देवीलाल की 108 वी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर मिला, जो जनसमूह मेवात जिले के हिलालपुर गांव में आया है। उसका आभार व्यक्त करता हूं।

### जजपा पड़ोसी राज्यों में भी करेगी विस्तार

**हरियाणा** की सियासत में किंग मेकर बनकर उभरी जननायक जनता पार्टी अब पड़ोसी राज्य राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश में भी पार्टी का विस्तार करने जा रही है। कुल मिलाकर जजपा इन राज्यों में चुनाव भी लड़ सकती है। हिलालपुर गांव में ताऊ देवीलाल की 108वीं जयंती के अवसर पर जनसभा में प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मंच से इस बात का ऐलान किया। यूपी और राजस्थान में पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे महेंद्र सिंह यूपी और बच्चन सिंह गुजरात आदि भी मंच पर दिखाई दिए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रधान महेंद्र सिंह, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रधान संजीव मंदौला, बीसी प्रदेश प्रधान राम मेहर ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश डागर, राष्ट्रीय सचिव राजाराम ठाकुर, गुजरात अध्यक्ष बच्चन सिंह, चेयरमैन पवन खरखोदा, जिलाध्यक्ष ऋषि राज राणा, पूर्व विधायक रामबीर, सुमित राणा, पूर्व विधायक गंगा राम, नरेश सहरावत, सुखराम डागर, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद भारद्वाज, सुरेन्द्र ठाकरान, जिला प्रधान तेजपाल डागर, रोहतास खटाना, पलवल अध्यक्ष सुरेन्द्र सौरोत, पलवल महिला अध्यक्ष प्रेरणा कालरा, गया राम चांट, हल्का प्रधान नूंह आस मोहम्मद, हल्का प्रधान जान मोहम्मद, हल्का प्रधान दाऊद, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, इनसो प्रधान साकिर हुसैन, अल्पसंख्यक सैल प्रधान शिराजूद्दीन सिराज, नूंह युवा हलका प्रधान सुखबीर गुर्जर, पुन्हाना युवा प्रधान शहीद हुसैन, युवा प्रधान एजाज, हितेश देशवाल, गणेश दास अरोड़ा, रौमी जैन, प्रदेश महासचिव लुकमान खान, समसुद्दीन गूमल, युवा नेता जावेद सालाहेड़ी, डॉक्टर शब्बीर, पहलू खान प्रधान, पार्षद वली मोहम्मद, अकबर लहरवाडी, डॉक्टर जावेद, आशिक इलाही, मुनफैद खान, एडवोकेट हारून घासेडिया, परशुराम शर्मा, अनिल बंसल, शीशराम, 40गांव के चौधरी दीपचंद चौधरी, सुभाष सिंगला, विरेंद्र सरपंच, पडिंत ओमबीर, पप्पू पठान, बल्ला पूर्व चेयरमैन, रामनिवास फौजी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज, गिरिराज, हामिद, मकसूद खान, शहाबुद्दीन, तालिम हुसैन, मुस्तफा खान, नाजिश खान, आकिल हुसैन, उमर सहित जिला नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्र नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के सभी वरिष्ठ नेता गण, पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Yogesh Soni S/o Prahlad Kumar Verma R/o B-477, Dabua Colony, Tyagi Market NIT Faridabad HR have changed my name to Yogesh Verma.

**बेदखली सूचना**

मैं, छीतर पुत्र रोशन निवासी गांव सौनहद जिला पलवल का रहने वाला हूं तथा हलफन ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र सुंदर की सन 2004 में मृत्यु हो चुकी है। अब मैं पुत्रवधू सीमा व पौत्र सलमान को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि उक्त दोनों अब मेरे कहे अनुसार कार्य नही करते हैं। आए दिन गाली गलौच कर झगड़ा करते रहते हैं और गलत संगत में रहते है। उक्त दोनों अगर किसी के साथ लेनदेन, झगडा फसाद या कोई अनैतिक कार्य करते हैं तो स्वयं जिममेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का सीमा व सलमान से कोई रिश्ता नहीं है।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## महामारी बनता वायु प्रदूषण

वायु प्रदूषण वर्षों से गंभीर समस्या का रूप लेता जा रहा है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायु प्रदूषण से संबंधित दिशा-निर्देशों में बदलाव किया है। तकनीकी विकास जैसे-जैसे मेडिकल साइंस में निगमित होता है, शोध और परिणाम बदलते रहते हैं। बीमारी के कारणों को चिह्नित करने और इलाज का तरीका भी बदलता है। इसके अनुरूप नए सिरे से दिशा-निर्देश तैयार होते हैं। हर 10 में से नौ व्यक्ति वायु प्रदूषण से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित होता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में पीएम 2.5 और पीएम 10 के अलावा ओजोन, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कॉर्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों का भी जिक्र है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में दिल्ली में पीएम 2.5 की सघनता निर्धारित स्तर से 17 गुना अधिक रही, जबकि मुंबई में आठ गुना, कोलकाता में नौगुना और चेन्नई पांच गुना अधिक दर्ज की गई। डब्ल्यूएचओ ने ताजा शोध के आधार पर मानकों को सख्त बनाया है।



पहले हम मानते थे कि यदि पीएम 2.5 की सघनता 25 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक है, तो वह सुरक्षित है, लेकिन अब डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सघनता भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आम धारणा है कि वातावरण प्रदूषण केवल शहरों में होता है, गांवों में नहीं। लेकिन, जिस तरह ग्रामीण इलाकों में भी वाहनों की संख्या और आवागमन बढ़ रहा है, उससे वहां भी वायु प्रदूषित हो रही है। बस वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक शहरों से थोड़ा बेहतर है, लेकिन सच्चाई है कि दोनों ही जगहें इंसान के रहने लायक नहीं है। वायु प्रदूषण के कारण सालाना 70 लाख से अधिक मौतें होती हैं। इससे हर आयु वर्ग के लोग प्रभावित होते हैं। यहां तक कि मां के गर्भ में पल रहा बच्चा भी वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों की चपेट में आता है। इससे बच्चे की मौत हो सकती है या हो सकता है जन्म के बाद उसका वजन कम हो। मां के प्रदूषित हवा में सांस लेने से बच्चे की धमनियां कमजोर हो जाती हैं। बच्चे का वजन कम होने का कारण है कि गर्भावस्था में बच्चे को गर्भनाल से पर्याप्त पोषण नहीं पहुंच पाया। स्पष्ट है कि जन्म से लेकर अंतिम सांस तक हम वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। किशोर और युवा भी इससे प्रभावित हैं। दमा, चर्मरोग, आंखों की तकलीफ, एलर्जी जैसी अनेक समस्याएं वायु प्रदूषण के कारण होती हैं, जो बच्चे बाहर धूप में निकलते और खेलते हैं, वे बीमार हो जाते हैं, जबकि पहले ऐसा नहीं था। लोग बचपन से ही दमे की चपेट में आ रहे हैं। ऐसा क्यों, इस पर कोई गंभीरता के विचार करने को तैयार नहीं है। वायु प्रदूषण से हर किसी को सांस की तकलीफ होती है। इससे हृदयरोग की समस्या बढ़ रही है और मस्तिष्क व सोचने की क्षमता बाधित हो रही है। साफ हवा में रहने वालों के मुकाबले प्रदूषित वायु में रहने वाला व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा होता है। अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक प्रदूषणयुक्त इलाके में रहता है, तो कैंसर जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। फेफड़े के कैंसर और ब्लड कैंसर यानी ल्यूकीमिया जैसे अनेक तरह के कैंसर के खतरे बने रहते हैं। वायु प्रदूषण के कारणों की बात करें, तो वाहनों के प्रदूषण, अनियोजित शहरीकरण जैसे कारणों से यह समस्या गंभीर होती जा रही है। अगर हम नया आवासीय क्षेत्र बना रहे हैं, तो संभावित आबादी को देखते हुए कार्बन और गंदगी के निस्तारण की भी व्यवस्था जरूरी है। मतलब खाने-पीने से कितनी गंदगी निकलेगी, गाड़ी से कितनी प्रदूषण होगा। बिजली और पानी की व्यवस्था, लोगों के आने-जाने से वायु गुणवत्ता प्रभावित होगी।

यह शहरीकरण की अनुमानित व्यवस्था होती है। हमें किसी इलाके में निश्चित आबादी के लिए संपोषणीय विकास की व्यवस्था तैयार करनी होगी। इसका तात्पर्य है कि जितनी भी गंदगी या कार्बन उत्सर्जन होगा, उसे नियंत्रित करने और दुष्प्रभावों को खत्म करने के लिए सीवर प्लांट, कंपोस्ट, हरित क्षेत्र आदि की व्यवस्था आवश्यक है। सुनियोजित शहरीकरण में ऐसी तमाम बातों और जरूरतों का ध्यान रखा जाता है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए पहले सीएनजी की व्यवस्था हुई, अब बैट्री संचालित वाहनों को लाया जा रहा है। लेकिन, उस बैट्री को चार्ज करने के लिए जो बिजली बनायी जा रही है, उससे कितना प्रदूषण होता है। भारत में व्यापक पैमाने पर कोयला संयंत्रों से बिजली तैयार होती है हाइड्रो पावर और नाभिकीय संयंत्रों से बिजली उत्पादन की व्यवस्था बहुत सीमित है।

# राष्ट्र नहीं, शासन तंत्र होते हैं विफल

**राज्य वह है, जिसकी स्पष्ट और स्वीकार्य सीमा है, जबकि राष्ट्र सीमाओं से परे भी हो सकता है। आधुनिक भारत साझा सपनों और आकांक्षाओं का एक राज्य है।**



मोहन गुरुस्वामी
लेखक




राष्ट्र वास्तव में कभी असफल नहीं होते, भले उन पर दखल कर लिया जाता है, उनका विलय हो जाता है, वे पीछे चले जाते हैं या कभी-कभी गायब भी हो जाते हैं। राज्य यानी शासन तंत्र ही विफल होते हैं। इस मामले में भ्रम इसलिए रहता है कि हम राज्य और राष्ट्र का प्रयोग पर्याय के रूप में करते हैं, जो ठीक नहीं है राज्य एक संगठित राजनीतिक समुदाय है, जो एक सरकार के तहत क्रियाशील रहता है, अंतरराष्ट्रीय कानून में उसे एक संप्रभु राजनीतिक इकाई के रूप में मान्यता होती है तथा एक समाज है, जिसका एक क्षेत्र पर विशिष्ट वर्चस्व होता है। राज्य अधिकतर संदर्भों में सरकार का लगभग समानार्थी होता है, जिसका शासन लोगों के एक समूह या क्षेत्र पर होता है। एक राष्ट्र राज्य ऐसा राज्य है, जो एक राष्ट्र के साथ आबद्ध होता है।

राष्ट्र एक जटिल विचार है, जिसकी अनेक परिभाषाएं हैं। इसके दो विश्लेषण हैं। कुछ के लिए राष्ट्र एक साझे सांस्कृतिक अनुभव को इंगित करता है, जैसे इस्लाम, साम्यवाद या एक समय ईसाईयत भी, यानी एक संगठन, जो वास्तविक सीमाएं नहीं होने के बावजूद साझा विश्वासों के कारण साझा लगाव को रेखांकित करता है। कई राज्यों में फैले होने के बावजूद कुर्द एक राष्ट्र हैं। सरल भाषा में कहें, तो राज्य वह है, जिसकी स्पष्ट और स्वीकार्य सीमा है, जबकि राष्ट्र सीमाओं से परे भी हो सकता है। आधुनिक भारत साझा सपनों और आकांक्षाओं का एक राज्य है. कभी-कभी राष्ट्रीयता साझे या समान मातृभूमि पर भी आधारित होती है। भारतीयों के पास विविधताओं को जोड़े हुए एक राज्य है, जबकि यूरोप अभी भी इसके लिए प्रयासरत है। इतिहास विफल राज्यों के उदाहरणों से भरा हुआ है। सोवियत संघ संभवत: सबसे बड़ा और शक्तिशाली राज्य था, जो असफल हुआ, लेकिन रूसी राष्ट्र अग्रसर होता रहा।

इतिहास मुख्य रूप से बड़े और कम बड़े राष्ट्रों के उदय और पतन का ब्योरा है क्योंकि एक दौर में हमारे पास आम तौर पर राष्ट्र होते थे, जिनकी सीमाएं बदलती रहती थीं। करीब हजार साल पहले यूरोप का सबसे बड़ा राष्ट्र लिथुआनिया था। उसका शासन आज के यूक्रेन, पोलैंड, जर्मनी, रूस और स्वीडन के बड़े हिस्से पर था। आज वह छोटा बाल्टिक राष्ट्र राज्य भर है। जब यूरोप पर स्वीडन का वर्चस्व था, तब रूस का अस्तित्व न के बराबर था।

स्वीडिश और जर्मन राज्यों के विनाश से एलेक्जेंडर नेवस्की का उदय हुआ और रूस का उद्‌भुव हुआ, जो आज भी महान राष्ट्र है। मौर्य, गुप्त या मुगल साम्राज्यों के पतन के बाद भी भारत एक राष्ट्र बना रहा। यह अब भी एक एक राष्ट्र राज्य है, जो मूल्यों और आकांक्षाओं तथा इतिहास की साझी समझ के आधार पर एकबद्ध है। इसी समझ से एक भारतीय अशोक के अभिलेखों और ताजमहल को समान गौरव बोध से देख पाता है। इतिहास के प्रारंभ से केवल दो ही सभ्यतागत राष्ट्र राज्य चीन और भारत आज भी अस्तित्व में हैं। अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन के अनुसार, शून्य से वर्ष 1700 तक चीन और भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं थीं। वैश्विक सकल उत्पादन में प्रत्येक की भागीदारी 20-25 प्रतिशत थी। अगले 250 वर्षों के पतन के दौर के बाद 1950 में यह आंकड़ा केवल पांच प्रतिशत रह गया, लेकिन ये देश फिर बढ़त पर हैं। तो क्या पतन के दौर में ये राष्ट्र विफल हो गये थे? यह निर्विवाद है कि दोनों देशों में केंद्रीय सत्ता कमजोर हो गयी और विदेशियों के हाथ चली गयी। डैरन एसमोग्लू और जेम्स रॉबिनसन ने राष्ट्रों की लगातार विफलता का गंभीर विश्लेषण किया है। पुस्तक के शुरू में ही उन्होंने अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर स्थित नोगालेस शहर का उल्लेख किया है, जिसे बाड़ों से विभाजित किया गया है। अमेरिकी हिस्से में विकास है, जबकि मेक्सिको वाले हिस्से में पिछड़ापन। इसका कारण प्रारंभिक औपनिवेशिक दौर में दोनों समाजों के निर्माण में देखा जा सकता है।

**राष्ट्र एक जटिल विचार है, जिसकी अनेक परिभाषाएं हैं। इसके दो विश्लेषण हैं। कुछ के लिए राष्ट्र एक साझे सांस्कृतिक अनुभव को इंगित करता है, जैसे इस्लाम, साम्यवाद या एक समय ईसाईयत भी, यानी एक संगठन, जो वास्तविक सीमाएं नहीं होने के बावजूद साझा विश्वासों के कारण साझा लगाव को रेखांकित करता है। कई राज्यों में फैले होने के बावजूद कुर्द एक राष्ट्र हैं।**

एक तंत्र में यूरोप के औपनिवेशिक मालिकों के लिए जमीन का दोहन था, तो दूसरे में औपनिवेशिक आबादी की बस्तियों का विकास हुआ। मतलब अमेरिका ने 1783 में अपने को आजाद नहीं किया होता, तो उसके विकास की कहानी अलग होती। वह किताब हमें बताती है कि किसी देश के धनी या गरीब होने में आर्थिक संस्थाएं बेहद अहम हैं, लेकिन यह राजनीति और राजनीतिक संस्थान ही तय करते हैं कि आर्थिक संस्थाएं कैसी होंगी। कुछ राज्यों की संरचना 'अतिसक्रिय राजनीतिक संस्थानों' के इर्द-गिर्द होती है, जहां संस्थान एक छोटे आभिजात्य वर्ग की आकांक्षाओं को संतुष्ट करने में लगे रहते हैं। उपनिवेशवाद स्पष्ट रूप से ऐसा ही तंत्र था, लेकिन क्या भारत में अभी भी ऐसा तंत्र सक्रिय है? कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि आंकड़े ऐसा ही इंगित करते हैं। इस दृष्टि से देखें, तो हम परिवार या वंश के वर्चस्व वाली पार्टियों और उच्च वर्गों का विस्तार तथा परिवार के स्वामित्व के कारोबारों की बढ़ती ताकत को समझ सकते हैं।

उन देशों की अतिसक्रिय राजनीतिक प्रणालियां हैं, जो समावेशी राजनीतिक और परिणामत: आर्थिक संस्थाओं पर आधारित हैं। इसे इंग्लैंड के औद्योगिक क्रांति के केंद्र बनने की प्रक्रिया से समझा जा सकता है। उसके पहले 1688 की क्रांति में सम्राट जेम्स द्वितीय को हटाया गया था, जिसके बाद वहां आधुनिक संसदीय लोकतंत्र की शुरुआत हुई। ब्रिटेन के इतिहास में 1689 के अधिकार विधेयक को अहम दस्तावेज माना जाता है, जिसके बाद कभी भी राजशाही ने पूरी राजनीतिक सत्ता अपने हाथ में नहीं ली। इससे बहुलतावादी राजनीतिक संस्थाओं का विकास हुआ, जिससे शिक्षा के नए द्वार खुले और बहुत समय से एक छोटे वर्ग के एकाधिकार में दबी प्रतिभा शक्ति को उभरने का मौका मिला। ऐसे ऐतिहासिक मोड़ दीर्घकालिक परिणामों की ओर ले जाते हैं। दूसरा ऐसा उदाहरण माओ त्से तुंग की मौत और देंग शियाओपिंग का आना हो सकता है, जो एक ऐसी विशेष व्यवस्था में रखे गये थे, जहां चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में रखा जाता था। शायद एक दिन इतिहास पीवी नरसिम्हा राव के प्रति अधिक उदार होगा, जिन्होंने एक सामान्य प्रशासनिक आदेश से केंद्रीकृत योजनाबद्ध राज्य तथा उसके केंद्र में बसे औद्योगिक नियंत्रण के खात्मे की शुरुआत की।

# क्वाड सम्मेलन और मोदी-बाइडेन वार्ता

**"कोविड ने बता दिया है कि यदि धरती पर इंसान को सुख से जीना है, तो जंगल और वन्य जीव को उनके नैसर्गिक परिवेश में जीने का अवसर देना ही होगा।"**



पंकज चतुर्वेदी
(लेखक)

**मध्य** प्रदेश के एक सरकारी दावे के मुताबिक, 2014-15 से 2019-20 बीच 1638 करोड़ रुपये खर्च कर 20,92,99,843 पेड़ लगाए गए, यानी प्रत्येक पेड़ पर औसतन 75 रुपये का खर्च। वहीं भारतीय वन सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट कहती है कि प्रदेश में बीते छह सालों में 100 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र कम हो गया है। जनवरी, 2015 से फरवरी, 2019 के बीच 12,785 हेक्टेयर वन भूमि विभिन्न कामों के लिए आवंटित कर दी गई। छतरपुर जिले के बक्सवाहा में हीरा खदान के लिए ढाई लाख पेड़ काटने के नाम पर बड़ा आंदोलन कुछ लोगों ने खड़ा करवा दिया, वहीं इसी जिले में केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना के चलते घने जंगलों के काटे जाने पर चुप्पी है। इसके लिए गुपचुप 6017 सघन वनों को 25 मई, 2017 को गैर-वन कार्य के लिए नामित कर दिया गया, जिसमें 23 लाख पेड़ कटना है। इसकी चपेट में पन्ना नेशनल पार्क का 105 वर्ग किलोमीटर इलाका भी आ रहा है। नदी जोड़ के घातक पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने 30 अगस्त, 2019 को अपनी रिपोर्ट दी थी, जिसमें वन्य जीव नियमों के उल्लंघन, जानवरों व जैव विविधता पर प्रभाव आदि पर गहन शोध था।

सरकारी कर्मचारी इन सभी को नजरअंदाज कर परियोजना को शुरू करवाने पर जोर दे रहे हैं। ओड़िशा में हरियाली पर काली सड़कें भारी हो रही हैं। यहां एक दशक में एक करोड़ 85 लाख पेड़ सड़कों के लिए होम कर दिए गए। इसके एवज में महज 29.83 लाख पेड़ ही लगाए जा सके। इनमें से कितने जीवित बचे? इसका कोई रिकॉर्ड नहीं। कानून कहता है कि गैर-वानिकी क्षेत्र के एक पेड़ काटने पर दो पेड़ और वन क्षेत्र में कटाई पर एक के बदले दस पेड़ लगने चाहिए। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच 122,748 हेक्टेयर जंगल विकास की आंधी में नेस्तनाबूद हो गए। रिपोर्ट बताती है कि कोविड आने के पहले के चार सालों में जंगलों का लुप्त होना 2009 और 2013 के बीच वन और वृक्ष आवरण के नुकसान की तुलना में लगभग 36 फीसदी अधिक था।



साल 2001 से 2018 के बीच काटे गए 18 लाख हेक्टेयर जंगलों में सर्वाधिक नुकसान पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर में हुआ। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भी वनों की खूब कटाई हुई। कई सिंचाई, सड़क, ट्रेन, और राजमार्ग विस्तार परियोजनाओं में आदि जंगल उजाड़ गए। अगर विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की कटाई के रिकॉर्ड और डीपीआर को देखें, तो पाएंगे कि महज तीन बड़ी सड़क और रेल परियोजनों के लिए करीब 92,300 पेड़ काटे जाएंगे। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए महाराष्ट्र में 77 हेक्टेयर वन भूमि को उजाड़ा जा रहा है। असम में तिनसुकिया, डिब्रूगढ़ और शिवसागर जिले के बीच स्थित देहिंग पतकली हाथी संरक्षित वन क्षेत्र के घने जंगलों को 'पूरब का अमेजन' कहा जाता है। कुल 575 वर्ग किलोमीटर का यह वन 30 किस्म की विलक्षण तितलियों, 100 किस्म के ऑर्किड सहित सैकड़ों प्रजाति के वन्य जीवों और वृक्षों का अनूठा जैव विविधता संरक्षण स्थल है। अब कोयले की कालिख इसे प्रतिस्थापित कर देगी, क्योंकि सरकार ने 98.59 हेक्टेयर में कोल इंडिया लिमिटेड को कोयला उत्खनन की मंजूरी दे दी है। यहां सलेकी इलाके में 120 साल से कोयला निकाला जा रहा है। हालांकि, कंपनी की लीज 2003 में समाप्त हो गई, लेकिन कानून के विपरीत वहां खनन चलता रहा।

भारत में जैव विविधता नष्ट होने, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम तेजी से सामने आ रहे हैं, फिर भी पिछले एक दशक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, खनन या उद्योगों के लिए लगभग 38.22 करोड़ पेड़ काट डाले गए। कोरोना संकट की बंदी में भले ही दफ्तर-बाजार आदि बंद हो गए, लेकिन 31 विकास परियोजनाओं के लिए 185 एकड़ घने जंगलों को उजाड़ने की अनुमति देने का काम जरूर होता रहा।

अप्रैल, 2020 में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति ने आपत्तियों को दरकिनार करते हुए घने जंगलों को उजाड़ने की अनुमति दे दी। समिति ने पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील 2933 एकड़ के भू-उपयोग परिवर्तन के साथ-साथ 10 किलोमीटर संरक्षित क्षेत्र की जमीन को भी कथित विकास के लिए सौंपने पर सहमति दी। इस श्रेणी में प्रमुख प्रस्ताव उत्तराखंड के देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिलों में लखवार बहुउद्देशीय परियोजना (300 मेगावॉट) का निर्माण चालू है। यह परियोजना बिनोग वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमा से 3.10 किमी दूर स्थित है। परियोजना के लिए 768.155 हेक्टेयर वन भूमि और 105.422 हेक्टेयर निजी भूमि की आवश्यकता होगी। परियोजनाओं को दी गई पर्यावरणीय मंजूरी को पिछले साल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने निलंबित कर दिया था। कोविड ने बता दिया है कि यदि धरती पर इंसान को सुख से जीना है, तो जंगल और वन्य जीव को उनके नैसर्गिक परिवेश में जीने का अवसर देना ही होगा। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा सिर पर खड़ा है और इसका निदान कार्बन उत्सर्जन रोकना व हरियाली बढ़ाना है। पिछले पांच वर्षों में कई योजनाएं शुरू की गईं, जिनसे व्यापक स्तर पर हरियाली और जंगलों का नुकसान हुआ। चूंकि, जंगल एक प्राकृतिक जैविक चक्र से निर्मित क्षेत्र होता है और उसकी पूर्ति इक्का-दुक्का, शहर-बस्ती में लगाये पेड़ नहीं कर सकते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आप की बात

## अतिक्रमण पर भारी पड़ रही राजनैतिक पहुंच

**फरीदाबाद** के अरावली क्षेत्र में जंगल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश भी राजनैतिक पहुंच के आगे बौने नजर आ रहे है। पहाड़ी क्षेत्र में लाखों-करोड़ों रुपये डकार कर बड़े-बड़े फार्म हाऊस, बैंक्विट हॉल, शिक्षण संस्थान बनाने की इजाजत देने वाले अधिकारी बेशक रिटायर्ड हो गए है या कुछ अभी भी कार्यरत है, हर हालत में अवैध निर्माणकर्ताओं को बचाने पर जुटे हैं, तभी तो सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेशों के बाद भी छोटे मोटे निर्माणों को हटाकर बड़े लोगों को बार-बार मौके दिए जा रहे है।

भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हरियाणा के नौकरशाह जिनके खुद के हित भी जंगल की जमीन से जुड़े है, सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का बार-बार प्रयास कर रहे है, खोरी में तोड़फोड़ के आदेशों के बाद ही फरीदाबाद के पूरे फारेस्ट क्षेत्र में बने सभी प्रकार के निर्माणों को हटाने के आदेश जारी हो गए थे, लेकिन




हर बार कभी पुलिस की कमी तो कभी वन विभाग द्वारा पूर्व में प्रदान की गई एनओसी की आड़ में इन निर्माणों को तोड़ने में जानबूझकर देरी की जा रही है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि कुछ सरमायेदार लोगों के निर्माणों को बचाने के लिए उनकी भूमि के नंबरों को फारेस्ट लैंड से हटाने के लिए रिकार्ड में कैसे हेराफेरी की जा सकती है, उस संभावना को भी तलाशा जा रहा है। मानव रचना जैसे बड़े शिक्षण संस्थानों पर मेहरबानी दिखाने के लिए चोर रास्ते तलाशे जा रहे है, लेकिन दिक्कत ये आ रही है कि अब तक अनेकों आरटीआई में प्रदान की गई जानकारियों में उक्त भूमि को फारेस्ट एरिया में दिखा रखा है। इसी प्रकार कई कमर्शियल स्थल, धार्मिक स्थल, बाबाओं के डेरे जिन्हें आज तक हाथ नहीं लगाया गया वे भी इसी दायरे में आ रहे है। इन डेरों में कई बड़े मंत्री सजदा करने आते रहे है इसलिए अधिकारियों पर उन्हें बचाने का भी दबाव है, लेकिन सभी संभावनाएं तलाशने के बावजूद कोई रास्ता नहीं निकल रहा, बावजूद इसके तोड़फोड़ में देरी की जा रही है, जबकि खोरी के हजारों गरीबों को एक महीने में ही उजाड़ दिया गया था। हरियाणा सरकार कभी इन निर्माणों को बचाने के लिए विधानसभा में पारित किए गए 2019 के बिल का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट में बचाव कर रही है, सभी पक्षों ने बड़े-बड़े वकीलों के माध्यम से अपनी दलीलें रखी है, लेकिन अभी तक सुप्रीम कोर्ट ने किसी को भी किसी तरह की राहत प्रदान नहीं की है।

कानूनविदों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी जिस प्रकार इन निर्माणों को तोड़ने में देरी कर रहे है, संभव है कि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के किसी बड़े अधिकारी को दंडित न कर दे, जब तक ऐसा नहीं होगा, फरीदाबाद प्रशासन ईमानदारी से अपने दायित्व को नहीं निभाएगा। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह होने वाली सुनवाई में इस बात का निर्णय होने की पूरी संभावना है कि जो अधिकारी आदेशों की पालना नहीं कर रहे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही हो, फिलहाल निगमायुक्त यशपाल यादव को एक शपथ पत्र देकर स्थिति को स्पष्ट करना है, इस शपथपत्र में कुछ गलत जानकारी अदालत में न चली जाए, इसी बात को लेकर अधिकारियों के पसीने छूट रहे है।


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"महामारी के दौरान भारत ने काफी चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया है, लेकिन अब देश पुनरुद्धार और तेज वृद्धि की राह पर है।

**-पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री



गत 1.5 साल से पूरा विश्व सौ साल में आई सबसे बड़ी महामारी का सामना कर रहा है। ऐसी भयंकर महामारी में जीवन गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं और परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



हमें हमारी आजादी की रक्षा करना होगी। तालिबानी भाजपा देश नहीं चला सकती। उसे पराजित करने के लिए तृणमूल अकेली ही काफी है।

**- ममता बनर्जी**
सीएम, पश्चिम बंगाल"

मजदूरों ने किया ऐलान.. मजदूरी नहीं बढ़ाई तो

# सोमवार से नहीं करेंगे मंडी में कोई काम

### मंडी में धान के सीजन में करीब पांच हजार मजदूर करते है काम

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

किसानों की मुसीबतें थमने का नाम ही नहीं ले रही, सोमवार को नई अनाजमंडी करनाल में मजदूरी का कार्य करने वाले मजदूरों ने मजदूरी घटाएं जाने के विरोध में काम न करने का ऐलान कर दिया हैं। मजदूरों ने स्पष्ट तौर से कहा है, उनकी मजदूरी पिछले साल से भी करीब 3.84 रुपए कम दी गई है, जो उनके साथ अन्याय हैं।

मजदूर पसीना बहाकर मजदूरी कर पेट पालता हैं, उधर हरियाणा मार्केट बोर्ड द्वारा मजदूरों की मजदूरी को बढ़ाने की बजाए कम दिया है। मंडी में कार्यरत मजदूर कमेटी के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते है, करीब 5 हजार मजदूर सोमवार से मंडी में काम सम्बधित कोई काम नहीं करेंगे। वे शांतिपूर्वक मंडी से बाहर निकल जाएंगे ओर एक जगह पर बैठ जाएगे। मजदूरों ने कहा कि उनके परिवारों का पालन पोषण मजदूरी से होता हैं, पहले ही महंगाई की मार झेल रहे है। अब जबकि धान का सीजन शुरू होने वाला हैं, उनकी मजदूरी कम दी गई। सरकार को चाहिए कि मजदूरों की मजदूरी को बढ़ाया जाए ताकि उन्हें उनका हक मिल सके। मजदूर दिन रात काम कर बड़ी मुश्किल से जीवन गुजार रहे हैं।



मंडी में पड़े कचरे का दृश्य।

### मजदूरी को लेकर मार्केट कमेटी सचिव से मिले : राम कुमार

मजदूरों के प्रधान राम कुमार ने बताया कि मजदूरों की मजदूरी को 3.84 रुपए कम दिया हैं, जो मजदूरों के साथ अन्याय है। इस बारे में मार्केट कमेटी सचिव को अवगत करवा दिया हैं। सचिव ने आश्वासन दिया है कि मजदूरी बढ़ाने को लेकर आला अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि सोमवार तक अगर उनकी मजदूरी को नहीं बढ़ाया गया तो मंडी में काम नहीं करेंगे। वे शांतिपूर्वक मंडी से निकल जाएंगे ओर बाहर किसी स्थान पर बैठ जाएंगे। प्रशासन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। उनकी बातों को सुना जाए।

**सफाई के हालात भी खस्ता**

उधर मंडी में सफाई के हालात भी खस्ता बने हुए हैं, बरसात के बाद मंडी में सुचारू रूप से सफाई नहीं हुई हैं। भीगा हुआ कचरा शैड के आसपास बिखरा पड़ा हैं, जिसमें दुर्गंध आती हैं। कई जगह तो पानी भी जमा हो चुका हैं। जो मजदूरों के साथ मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए परेशानी भरा हो सकता है।

"

नई अनाजमंडी सचिव चंद्रप्रकाश ने बताया की मजदूरों की मजदूरी कम नहीं की गई हैं। मजदूरी के बारे में मजदूरों के प्रधान के साथ बातचीत हो चुकी हैं। पहले मजदूरों की मजदूरी जे-फार्म से कटती थी, अब जे-फार्म से अनलोडिंग की मजदूरी कटेगी। अगर किसान धान को साफ सुथरा करके लाएगा तो फिर मजदूरी नहीं दी जाएगी, अगर किसान फसल को साफ सुथरा करके नहीं लाएगा तो फिर मजदूरों को मजदूरी आढ़ती के माध्यम से दी जाएगी।

### किसानों को होगी परेशानी

काबिलेगौर है कि अगर मजदूर मजदूरी बढ़ाने को लेकर हड़ताल पर चले जाते है तो मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मजदूरों के बिना ट्रैक्टर ट्रालियों से फसल को कौन उतारेगा, कौन फसल को सुखाएगा। किसान राजबीर सिंह, सुमेर चंद, राजेश ने बताया कि सरकार को चाहिए कि मजदूरों की मांगों पर जल्द ही फैसला लिया जाए। क्योंकि मंडियों में धान की आवक लगातार बढ़ रही हैं।



लघु सचिवालय में ज्ञापन देने पहुंचे ओबीसी समाज के लोग। एसडीएम शशि वसुंधरा को ज्ञापन सौंपते पिछड़ा वर्ग के लोग।

## 74 वर्षो के बाद भी ओबीसी समाज अधिकारों से वंचित

### एसडीएम शशि वसुंधरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा

**रणबीर रोहिल्ला।** सोनीपत

ओ.बी.सी समाज हरियाणा ने शनिवार को छोटूराम चौक पर प्रदर्शन किया। उसके बाद लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करते हुए, एसडीएम शशि वसुंधरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि देश की कुल आबादी का 60 प्रतिशत समूह ओबीसी समाज आज भी अधिकारों से वंचित है, क्योंकि ओबीसी का एक समूह जिसकी जनसंख्या लगभग 42 प्रतिशत के आस पास है और जिसकी भारत की मुख्य धारा से इस वर्ग को दूर कर दिया गया है। इस वर्ग को अति पिछडा वर्ग के नाम से पूरे देश में जाना जाता है। 2018 में भाजपा ने खुद लोकसभा चुनाव से पहले यह वादा किया था कि अगर भाजपा दोबारा से देश की सत्ता में लौटी तो भाजपा पहली ही कलम से ही पिछड़ा वर्ग को अधिकार देगी। लेकिन आज भी यह वर्ग जिस स्थिति में पहले था गिरावट की तरफ जा रहा है। ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां इसी वर्ग को लम्बे समय तक गुलाम बनाये रखने के लिए षडयंत्र रचकर इस वर्ग की ताकत को खत्म करने पर लगी है। यह समाज अब धीरे-धीरे सभी प्रदेशों में भाजपा से छिटक कर अन्य क्षेत्रीय पार्टी व अन्य पार्टियों की तरफ जा रहा है। ओ.बी.सी समाज, हरियाणा ने ज्ञापन में मांग की है कि पंचायत राज्य चुनाव से पहले अति पिछड़ी जातियों के भाग्य लिखने का काम, ओबीसी जातीय जनगणना करें। देश में हर 10 साल बाद हर वर्ग की जातीय और धार्मिक गिनती होती है, लेकिन ओबीसी की जातीय जनगणना न होने से इस वर्ग से सम्बन्धित शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक स्थिति के आकड़े होने से इन वर्गों की समस्याओं का समाधान नहीं निकल पाता।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौंवी में 8वां महान गुरमत समागम आज



**कुरुक्षेत्र।** धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 400 साला प्रकाश पर्व को समर्पित और बाबा मक्खन शाह लबाणा की याद में 8वां महान गुरमत समागम 26 सितंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौंवीं में करवाया जाएगा। इस समागम में पंथ की सिरमौर हस्तियां संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगीं। एसजीपीसी कार्यकारिणी समिति मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना ने बताया साचा गुरु लाधो रे दिवस पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 400 साला प्रकाश पर्व को समर्पित और बाबा मक्खन शाह लबाणा की याद में यह धार्मिक कार्यक्रम करवाया जाएगा। समागम में दूर-दराज के क्षेत्रों से भारी तदाद में संगत शिरकत करेगी। समागम में सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई शौकीन सिंह कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे, जबकि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह का जत्था भी अपनी हाजिरी लगाएंगें। इसके अलावा बीबी दलेर कौर खालसा का ढाडी जत्था संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगा। एसजीपीसी सब ऑफिस एडिशनल सैकेटरी डा. परमजीत सिंह सरोहा ने कार्यक्रम में भाई महल सिंह का प्रसिद्ध कविशरी जत्था भी रूहानी अवाज में अपनी रचनाएं पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समागम में सारी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

### खालसा कॉलेज की एनएसएस इकाई को कुवि में मिला सम्मान



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की एनएसएस इकाई को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इसके लिए कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा, रजिस्ट्रार डा. संजीव शर्मा एवं समन्वयक डीएस राणा ने बेस्ट कॉलेज का अवार्ड दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने बताया कि एनएसएस दिवस के पावन उपलक्ष्य पर कुवि में कार्यक्रम अधिकारी डा. बीर सिंह एव एनएसएस के छात्र-छात्राओं को कुलपति ने यह सम्मान प्रदान किया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज की एनएसएस इकाई सरकार, प्रशासन एवं नगर निगम के साथ मिलकर अपनी सेवाएं देते रहते हैं। किसानों को पराली न जलाना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पर्यावरण सरंक्षण प्लास्टिक मुक्त करनाल डिजिटल इंडिया कोरोना जागरूकता इत्यदि अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती रहती है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्र-छात्राओं को कॉलेज पहुंचने पर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डा. गुरिंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी-2 डा. दीपक व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मेगा फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान मे इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के सहयोग से गांव बारना में मेगा फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा यात्रा से किया गया जिसमें गांव वासी तिरंगे के साथ आजादी के गीतों के साथ नारे लगाते हुए गांव के स्कूल शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। कार्यक्रम में देवी दयाल व राजपाल पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायककांता बतान ने नेहरू युवा केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नेहरू युवा केंद्र युवाओं के विकास के लिए कार्य करता है। मंच संचालन वीरेंदर राठोर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा लीडर दीपक योगी, विजेता सैनी, सुरेश सैनी, बारना कोआपरेटिव सोसाइटी के मैनेजर महेंद्र कुमार, कबड्डी कोच लाभ सिंह, कोच देवीदयाल, देवीलाल, सरपंच प्रत्याशी बुरू राम, नाथूराम, राममेहर आचार्य, बाल विकास समिति के अध्यक्ष अमित कमोदा, दीपक मुदगिल, विजय कुमार मौजूद रहे।

### लॉन टेनिस खिलाड़ी निशांत ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** गोहाना में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियन सीरिज अंडर-18 में लिटल एंजल्स के स्टार खिलाड़ी निशांत ने युगल मुकाबले के फाइनल मैच में ध्रुव के साथ खेलते हुए हरियाणा के ही विवेक और करन की टीम को 8-5 के स्कोर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। निशांत की शानदार सफलता से उसके अभिभावक बहुत खुश थे, उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन द्वारा प्रदान की गई खेल-सुविधाओं के कारण ही निशांत इस जीत को हासिल कर पाया। निशांत लगातार खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने निशांत को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने पौधारोपण कर मनाई दीनदयाल उपाध्याय जयंती

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने जिला अध्यक्ष बबीता तंवर की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बबीता तंवर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन पुष्पार्पित करके किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण मंच के जिला अध्यक्ष दलबीर आनंद, पिंटू, सुनील, नसीब चौहान, दिग्विजय, बबलू, रामप्रसाद, गजेसिंह आदि ने विशेष योगदान दिया। बबीता तंवर ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 7 अक्तूबर तक जगह-जगह किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत उन्होंने सभी अस्पतालों में मरीजों को फल बांटे।

## गीता के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण संभव : राजीव जैन

**सोनीपत।** मौहल्ला कलां स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित किये जा रहे श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि आज के दौर में इस प्रकार के आयोजन अधिकाधिक किये जाने चाहिए, ताकि मानव जीवन का उद्धार सुनिश्चित हो सके।

दुर्गा मंदिर मौहल्ला कलां में आयोजित श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजीव जैन ने हिस्सा लिया। कथा व्यास आचार्य विपिन वशिष्ठ के मुख से उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता का श्रवण भी किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का हिस्सा बनना परम सौभाग्य की बात है। आधुनिकता के इस दौर में भी श्रीमद् भागवत गीता प्रासंगिक है। जब तक सृष्टि है तब तक श्रीमद् भागवत गीता प्रासंगिक रहेगी। इसमें युगों-युगों तक के लिए संदेश निहित है, जिसका अनिवार्य रूप से श्रवण व अनुकरण किया जाना चाहिए। जैन ने कहा कि मानव जीवन की हर दुविधा व हर प्रश्न का समाधान श्रीमद् भागवत गीता में विद्यमान है। यदि हम श्रद्धापूर्वक इसका श्रवण व अध्ययन करते हैं तो निश्चित रूप से हमारा कल्याण होगा। एक पथ प्रदर्शक के रूप में यह महान ग्रंथ उपलब्ध है, जिसके महत्व को गंभीरता से समझने की जरूरत है।

## किसानों पर संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज करना निंदनीय : अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में सांसद नायब सैनी एवं अन्य भाजपा नेताओं के कार्यक्रम का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे किसानों पर हत्या के आरोप जैसे संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज किए जाने की कड़ी आलोचना की है।

अपने निवास पर पत्रकारों से वातालर्प करते हुए अरोड़ा ने कहा कि किसानों को तो पुलिस ने घेर रखा था ऐसी स्थिति में किसानों द्वारा भाजपा नेताओं की कारों पर पत्थराव करने का सवाल ही पैदा नही होता। उन्होने आरोप लगाया कि जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं ने अपने ही कार्यकताओं से पत्थराव करवाकर किसान आंदोलन को बदनाम करने का षडयंत्र रचा है। इस मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यक्रम के नाम पर सैनी समाज धर्मशाला इलाके को सील करके जनता को परेशान किया गया। रास्ते किसानों ने नही बल्कि सरकार ने स्वयं बंद कर रखे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान आंदोलन को दिल्ली की सीमाओं से शिफ्ट करके हरियाणा सरकार प्रदेश के शहरों और कस्बों में लाना चाहती है।



पत्रकारों से रूबरू होते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा।

## फसल खराब होने से मायूस किसान ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

सोनीपत जिले के गांव गड्डी बाला के एक किसान ने फसल खराब होने से मायूस होकर अपने ही खेत में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

जिले के गांव गड्डी बाला के किसान सतीश ने 20 एकड़ भूमि पर धान, बाजरा और बाडी लगा रखी है, लेकिन अबकी बार अधिक बारिश होने के चलते उसकी फसल खेतों में बर्बाद हो गई। परिजन जयप्रकाश के मुताबिक फसल बर्बाद होने से वह काफी परेशान और मायूस रहता था। किसान ने अपने खेत में जाकर रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच अधिकारी सुमेर सिंह के अनुसार पुलिस को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और किसान के शव को नीचे उतारा। सोनीपत सरकारी हस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

## राजनीतिक दल को कंपनी की तरह न चलाएं : कविता

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**पूर्व** मंत्री कविता जैन ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि एवं अर्थव्यवस्था के महान ज्ञाता थे, इसलिए उन्होंने अपनी प्रखर लेखनी के माध्यम से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की।

दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कविता जैन ने कहा कि उनका सपना था कि धरती को फल फूल, धन, धान्य से परिपूर्ण बनाने का, जिसके लिए उन्होंने राजनेता के रूप में लगातार प्रयास किये। उन्होंने हमें सिखाया कि राजनीतिक दल को कंपनी की तरह ने चलाकर विचारधारा के आधार पर चलाया जाए, ताकि सत्ता में आने के बाद समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान हो सके। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि उनकी विरोधियों की आलोचना में भी संस्कार थे, विरोधियों को सुझाव देकर देश हित की भावना जगाना, नया भारत बनाने में सहयोग मांगना, समाज को दुखों से मुक्त करके सभी नागरिकों को समान अधिकार देना उनके अंदर कूट-कूट कर भरा हुआ था।

उन्होंने कहा कि गैर कांग्रेस की अवधारणा को साकार करके कई राज्यों में संविद सरकारे बनाने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को बड़ा योगदान था। राजीव जैन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा लेकर राजनीति के माध्यम से सेवा को जीवन का सिद्धांत बनाना चाहिए।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते भाजपाई।

### पं. दीनदयाल को किया याद

एसी मोर्चा नेताजी सुभाष चन्द्र मंडल अध्यक्ष विजय पिहवाल की अध्यक्षता में पिहवाल निवास स्थान शादीपुर में जयंती का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष विजय पिहवाल ने पंडित दीनदयाल के चित्र के आगे शीश झुका कर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि राजीव पिहवाल पूर्व मंडल उपाध्यक्ष और वर्तमान प्रदेश प्रचार सचिव वाल्मीकि महापंचायत सभा हरियाणा प्रदेश ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल के बारे में बिस्तार से बताया। मौके पर मंडल कार्यकारिणि स्दस्य सुरेश कुमार, मुंशी राम, नितेश कुमार लक्ष्य पिहवाल, कृष्ण पिहवाल एवं हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने की जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा

**भिवानी।** उपायुक्त आरएस ढिल्लो की अध्यक्षता में जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ढिल्लो ने जिला में जल जीवन मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री ढिल्लो ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाएं और निर्धारित समयावधि में कार्य संपन्न करवाएं ताकि नागरिकों को समुचित पीने का स्वच्छ पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में प्रत्येक घर में नल के माध्यम पर्याप्त सवच्छ पेयजल मुहैया करवाया जाना है, इसके लिए विभाग टारगेट निर्धारित करके कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना तैयार करें ताकि इस योजना का समय से पहले पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए जहां पर सबसे अधिक पेयजल की दिक्कत है, सबसे पहले गांवों को चुना जाए।




## बढ़ते कवर वाला टर्म इंश्योरेंस मिलेनियल्स के लिए उपयुक्त विकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यह** अच्छी तरह से पता है कि जीवन बीमा पॉलिसी खरीदना प्रियजनों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। हालांकि, बढ़ती जागरुकता के बावजूद, भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में जीवन बीमा की पहुंच 2020 में केवल 3.2% थी। इससे पता चलता है कि अधिकांश भारतीयों के पास जीवन बीमा है ही नहीं और यदि है भी तो पर्याप्त नहीं है।

भारत का प्रोटेक्शन गैप 83% है जो कि चीन, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे देशों की तुलना में सर्वाधिक है। रवि कृष्णामूर्ति, प्रेसिडेंट जोन -1 एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, इस अंतर के कई कारणों में से एक कारण यह भी है कि जीवन बीमा पॉलिसी खरीदते समय अधिकांश उपभोक्ता अपनी मौजूदा आवश्यकताओं एवं जीवनशैली को ही ध्यान में रखते हैं। खरीद के बाद, वो सामान्य तौर पर अपनी वित्तीय स्थिति और बीमा आवश्यकताओं का दोबारा आकलन नहीं करते हैं। वे इस बात को भूल जाते हैं कि जैसे-जैसे वे जीवन में आगे बढ़ते हैं, उनकी ज़रूरतें, जीवन शैली और जिम्मेदारियां बदल जाती हैं। साथ ही वस्तुओं और सेवाओं की लागत भी बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में, बीमा राशि जो पॉलिसी की शुरुआत में पर्याप्त लग रही थी, उसके कुछ वर्षों के बाद अपर्याप्त हो जाने की संभावना रहती है। और इसका मतलब होगा कि बीमा का प्राथमिक उद्देश्य - प्रियजनों की वित्तीय सुरक्षा को पूरा करना-अधूरा रह सकता है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा लॉन्च किया गया, आधुनिक प्रोटेक्शन प्लान है जो कि अनिश्चितता भरे समय में प्रिय जनों के लिए न केवल पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा कवच प्रदान करता है बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उनकी उभरती ज़रूरतें पूरी हो सकें। इंक्रीजिंग कवर बेनिफिट के तहत, हर 5वें पॉलिसी वर्ष के अंत में बेसिक सम एश्योर्ड बढ़ जाता है, जिसमें बेसिक सम एश्योर्ड के 100 प्रतिशत तक की अधिकतम वृद्धि होती है। यह कई बार टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने की प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता को समाप्त करता है और सिंगल पॉलिसी के तहत कई अन्य सुविधाओं के माध्यम से व्यापक कवर प्रदान करता है।

### पिपली मार्ग पर नाला निर्माण के चलते आमजन परेशान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग पर बनाए जा रहे नाला के कारण आमजन परेशान है। पिपली निवासी एडवोकेट सुरेंद्र गोयल ने आरोप लगाया कि नाला निर्माण के समय ठेकेदार द्वारा लोगों के पेयजल कनेक्शन भी तोड़े जा रहा है, जिस कारण लोगों के घर में पीने के पानी की समस्या हो गई है। इसके अलावा कई जगहों पर सीवरेज कनेक्शन भी कट गए है।

सुरेंद्र गोयल ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में यह शर्त लिखी है कि यदि किसी भी नागरिक का पानी और सीवरेज कनेक्शन नाले के निर्माण मे रुकावट करता है, तो नाला बनाने वाला ठेकेदार स्वयं अपने खर्चे पर ठीक करेगा। इसके अलावा टूटे हुए लोहे के पाइप भी इधर-उधर गिरा दिए जाते है, जिन्हें कोई उठा कर ले जाता है। इससे लोगों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। पिछले सप्ताह दुकानदार और मकान मालिकों ने 5 हजार रुपये खर्च करके अपने पानी और सीवर के कनेक्शन दोबारा जुड़वाएं। सुरेंद्र गोयल ने हरियाणा सरकार, जिला प्रशासन और विधायक से गुहार लगाई है कि वे इस ओर ध्यान दे।

फ्लिपकार्ट ने अंशकालिक रोजगार के इच्छुक हजारों

## लोगों के लिए शुरू किया सर्विस मार्केटप्लेस 'फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा'

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत / गाजियाबाद

**भारत** के स्वदेशी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने एक नया मार्केटप्लेस मॉडल 'फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा' शुरू किया है जिसके माध्यम से लोगों, सर्विस एजेंसियों और तकनीशियों को पैसा कमाने के लचीले अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह नया प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन को निर्बाध तरीके एवं त्वरित गति से देशभर में उपभोक्ताओं को शिपमेंट एवं सर्विस डिलीवरी की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाते हुए लोगों के लिए अंशकालिक रोजगार के अवसरों को जुटाएगा।

फ्लिपकार्ट ने गूगल प्ले स्टोर पर 'फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा' एप के जरिए इस सुविधा की पेशकश की है। अंशकालिक आधार पर रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक लोग एप को डाउनलोड करने के अलावा बैकग्राउंड वेरिफिकेशन के लिए कुछ सूचनाएं प्रदान कर, आने वाले महीनों में डिलीवरी एग्जीक्युटिव्स और सर्विस पार्टनर्स या तकनीशियन के तौर पर जुड़ सकते हैं। अगले कुछ महीनों के दौरान जैसे-जैसे यह प्लेटफार्म आगे बढ़ेगा, जिसका लॉन्च त्योहारी सीज़न और कंपनी के बिग बिलियन डेज से पहले किया जाएगा, देशभर के हजारों लोगों, तकनीशियनों एवं सर्विस एजेंसियों को बतौर डिलीवरी पार्टनर्स जुड़कर, काम और कमाई के अतिरिक्त अवसरों को उपलब्ध कराएगा। ई-कॉमर्स के चलते कहीं भी और कभी भी, उत्पादों को प्राप्त करने की सुविधा के मद्देनजर, 'फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा' प्रोग्राम न सिर्फ आजीविका कमाने के सुविधाजनक अवसर पैदा करेगा बल्कि डिलीवरी में भी सुधार लाएगा। फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा एप पार्टनर्स को कहीं से भी साइन अप करने तथा शिमपेंट्स डिलीवरी के लिए मनमुताबिक शेड्यूल करने की सुविधा देती है। यह वास्तव में, फ्लिपकार्ट के वैकल्पिक डिलीवरी मॉडलों, जिनमें पिछले कुछ वर्षों के दौरान लगातार विकास दर्ज कराने वाला फ्लिपकार्ट किराना प्रोग्राम शामिल है, का विस्तार है। पिछले वर्ष त्योहारी सीजन के दौरान, किराना डिलीवरी मॉडल ने 10 मिलियन शिपमेंट्स की आपूर्ति की थी।

हेमंत बदरी, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं हैड & सप्लाई चेन, फ्लिपकार्ट ने कहा, विक्रेताओं, कारीगरों, एमएसएमई, किराना और उपभोक्ताओं समेत सभी हितधारकों के लिए मूल्यसृजन को प्रतिबद्ध संगठन के तौर पर, हम अपनी भागीदारी में लगातार विस्तार करते हुए ई-कॉमर्स के लाभ को सभी के लिए बराबर बांटना चाहते हैं। इसके चलते, हमने किराना डिलीवरी प्रोग्राम जैसी पहल की है जिसे भारी सफलता मिली और काफी पसंद भी किया गया और अब हम अपना सर्विस मार्केटप्लेस - 'फ्लिपकार्ट एक्स्ट्रा' पेश करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं, ताकि लोगों, स्थानीय स्टोर्स और यहां तक कि सर्विस तकनीशियनों को आजीविका कमाने के सुविधाजनक अवसर प्राप्त हो सकें। यह अर्थव्यवस्था के बड़े परिवेश में एक नई पहल है और व्यक्तियों को आजीविका अर्जित करने के वैकल्पिक आय स्रोत प्राप्त करने का अवसर दिलाने के साथ-साथ देश के आर्थिक तंत्र में नई जान फूंकेगी।

# तीसरा मोर्चा बनाने की मुहिम को जोरदार झटका

## जींद रैली में नहीं आए देवगौड़ा, मुलायम, नितीश और जयंत चौधरी

### मंच से केवल बादल ने उठाई क्षेत्रीय दलों को उबारने की मांग

**पायनियर समाचार सेव।** चंडीगढ़।

पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के जन्म दिवस के अवसर पर तीसरे मोर्चे का ऐलान महज एक दावा साबित हो गया। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को देश में तीसरे मोर्चा बनाने की मुहिम को जोरदार झटका लगा है। मंच से बोलने वाले किसी भी नेता ने तीसरे मोर्चे के गठन और देश में इस मोर्चे की जरूरत पर बात नहीं की। नेताओं ने अपने भाषण को केवल किसानों तथा कृषि कानूनों पर फोकस रखा।

जेल से बाहर आने के बाद ओम प्रकाश चौटाला जहां आईएनएलडी को दोबारा खड़ा करने में जुटे हुए थे वहीं देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गजों के साथ हुई बैठकों में आईएनएलडी द्वारा यही दावा किया जाता रहा है कि जींद में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस रैली में तीसरे मोर्चे के गठन का ऐलान किया जाएगा। ओम प्रकाश चौटाला इस मोर्चे के माध्यम से क्षेत्रीय राजनैतिक दलों को एक मंच पर लाना चाहते थे। जींद की रैली में भीड़ ने हरियाणा में भले ही आईएनएलडी को संजीवनी देने का काम किया हो लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में एकजुटता नहीं दिखाई जा सकी।

आईएनएलडी नेताओं के दावे के अनुरूप आज की रैली में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी तथा किसान नेता राकेश टिकैत शामिल नहीं हुए।

मंच से पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने क्षेत्रीय दलों को एकजुट होने की अपील की। उन्होंने भी खुद की बजाए चौटाला को देश के सभी राज्यों का दौरा करके क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने के लिए अभियान चलाने का संदेश दिया।



### राकेश टिकैत के आने की सूचना भीड़ इक्कठी करने का फार्मुला

आईएनएलडी नेताओं के दावे के अनुरूप आज की रैली में कई दिगगजों के अलावा किसान नेता राकेश टिकैत के आने के भी दावें किए गए थे। आईएनएलडी के राष्ट्रय महासचिव अभय चौटाला ने दावा किया था कि रैली में किसान नेता राकेश टिकैत भी शिरक्त करेंगे। राकेश टिकैत के आने की सूचना पर सोशल मिडिया पर चली तो किसान नेताओं ने इसे केवल भीड़ इक्कठी करने का फार्मुला बताया। किसानों ने राकेश टिकैत के आने की सूचना को सिरे सा खारिज कर दिया।

### 35 साल पुराने देवीलाल के इतिहास को नहीं दोहरा पाए चौटाला

जींद में आईएनएलडी (इंडियन नेशनल लोकदल)अपने राजनीतिक कैरियर की सबसे अहम रैली थी। 2019 में हुए जींद विधानसभा चुनाव से पहले आईएनएलडी और चौटाला परिवार में हुई टूट के बाद आईएनएलडी हरियाणा में अपने राजनीतिक वजूद की लड़ाई लड़ रही है। विधानसभा चुनाव में आईएनएलडी केवल ऐलनाबाद सीट पर ही जीत दर्ज कर पाई थी जबकि आईएनएलडी से अलग हुई जजपा प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर प्रदेश की मनोहर लाल सरकार के साथ सत्ता में भागीदार बन गई थी। आईएनएलडी 35 साल पुराने इतिहास को 25 सितम्बर की जींद रैली से दोहराने के प्रयास में थी। 35 साल पहले चौ.देवीलाल ने 23 मार्च 1986 को जींद की धरती पर समस्त हरियाणा सम्मेलन का आयोजन किया था। समस्त हरियाणा सम्मेलन में उस समय की केंद्र की राजीव गांधी और कांग्रेस सरकार के तमाम विरोधी राजनीतिक दलों के नेता जींद पहुंचे थे। जींद की धरती से ही देश में सत्ता विरोधी महागठबंधन बना था। इसी की तर्ज पर आईएनएलडी तीसरे मोर्चे की नींव रखना चाहती थी। आईएनएलडी सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के जेल से बाहर आने के बाद सक्रिय थे। ओमप्रकाश चौटाला इन दिनों देश में कांग्रेस और बीजेपी विरोधी तीसरे मोर्चे के गठन की दिशा में सक्रिय थे और दावा किया जा रहा था कि जींद में इस तीसरे मोर्चे की नींव रखेंगे। रैली में कई बड़े नेताओं की गौरहाजिरी से ओम प्रकाश चौटाला की इस मुहिम को तगड़ा झटका लगा है।



# पेपर लीक व पैसे मांगने वालों की टोल फ्री नंबर पर दें जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 से राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाया गया है और अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए पेपर लीक नेटवर्क को खत्म करने के लिए जानकारी देने हेतु राज्य सतर्कता ब्यूरो का एक टोल-फ्री नंबर 18001802022 शुरू किया गया है।

इस नंबर पर अभ्यार्थियों पेपर लीक की एवज में पैसे मांगने वालों की जानकारी दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यार्थियों से आग्रह किया कि कभी भी पेपर लीक से जुड़ें लोगों ने उनसे संपर्क किया हो, जो उन्हें परीक्षा के प्रश्नपत्रों या उत्तर कुंजी को एडवांस में देने का दावा करते हैं, तो अभ्यार्थी इस टोल-फ्री नंबर पर ऐसे सभी लोगों की जानकारी तुरंत साझा करें ताकि उन्हें पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इन अपराधियों को जड़ से पकडऩे में जनभागीदारी निश्चित रूप से अहम भूमिका निभा सकती है। देश भर में आज 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आम आदमी के कल्याण के लिए बनाई गई हर योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की रणनीति अंत्योदय के सिद्धांत- पहले अंतिम व्यक्ति की सेवा और उत्थान करने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह के क्रांतिकारी कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए जो कदम उठाए हैं, उन्हें निश्चित रूप से इतिहास में याद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि तीन कृषि कानून अभी तक लागू नहीं हुए हैं लेकिन राजनीतिक रोटियां सेकने वालों से प्रेरित लोग इन तीन कानूनों के बारे में अफवाह फैला रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस ने भी पहले इन कानूनों का समर्थन किया था, लेकिन अब वे इसे लागू नहीं करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस साल हुई भारी बारिश के चलते फसल खरीद प्रक्रिया एक अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। पहले खरीद 25 सितंबर से शुरू होती थी और परेशानी मुक्त और सुचारू खरीद के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

### हरियाणा में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। हरियाणा देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने बिजली के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं। एक समय था जब राज्य में लाइन लॉस और बिजली चोरी लगभग 34 प्रतिशत था, जो अब 14 प्रतिशत ही रह गया है। बिजली चोरी के मामले में बिजली विभाग द्वारा जुर्माने के रूप में 121 करोड़ रुपये की भारी राशि एकत्र की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना वायरस से बचने के लिए टीकाकरण ही रामबाण



**कुरुक्षेत्र।** प्रगति परिवार समिति के द्वारा शिव मंदिर सेक्टर-3 में कोरोना से बचाव के लिए निशुल्क टीकाकरण का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रगति परिवार समिति के प्रधान विश्व दीप शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस से बचने के लिए सिर्फ टीकाकरण ही रामबाण का काम कर सकता है। विश्वदीप शर्मा ने सभी लोगों को निशुल्क टीकाकरण लगवाने के लिए आमंत्रित किया। प्रगति परिवार समिति के उप प्रधान निधि शर्मा व एडवोकेट अंशुमन गुप्ता ने भी आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया। सोहन लाल ने सभी लोगों को टीका लगवाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रगति परिवार समिति की तरफ से जितेंद्र, समाजसेवी विशाल शर्मा, प्रभजोत सिंह बिंद्रा, डॉक्टर जयकिशन आदि भी उपस्थित रहे। टीकाकरण में लगभग 110 लोगों का टीकाकरण किया गया। प्रगति परिवार समिति के प्रधान विश्व दीप शर्मा ने शिव मंदिर के पंडित रमेश का भी धन्यवाद किया।

### योजना का लाभ न मिलने पर कॉलोनीवासियों ने जताया रोष



**कुरुक्षेत्र।** फौजी कॉलोनी में जरुरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। सरकार ने इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी कि 2022 तक प्रत्येक गरीब व पात्र व्यक्ति के रहने के लिए पक्का आशियाना हो, वहीं गरीब भी यहीं उम्मीद लगाए बैठें हैं कि उन्हें रहने के लिए सिर पर पक्की छत मिलेगीं। लेकिन सच तो यह हैं कि आज भी गरीब व पात्र व्यक्ति तो योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। योजना का लाभ न मिलने पर फौजी कॉलोनी निवासी गुरमीत कौर, सुखविद्र कौर, जीत कौर, अमरजीत कौर, कैलाश कौर, सतविंद्र कौर, भाग कौर, बलबीर कौर, बलविंद्र कौर, प्रियंका, हरदीप कौर ने रोष जताया है।

### कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीन : जगदीश

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में गौशाला बाजार में 22वे कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 250 लाभार्थियों का कोरोना से बचाव का टीकाकरण किया गया। शिविर में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे समाजसेवी जगदीश सलूजा ने बताया कि कोविड का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। टीकाकरण के द्वारा ही हम अपने परिवार व दूसरों की सुरक्षा कर सकते हैं। कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीन ही है। श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के प्रधान सुधीर चुघ ने बताया कोविड का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी व मंडल के सदस्य विनोद सहगल ने बताया कि कोरोना महामारी को हरानें के लिए लोग बिना किसी डर व भय के कोविड का टीका लगवाकर कोविड महामारी के खिलाफ जंग में अपना सहयोग करें। श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के पदाधिकारियों ने सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के सदस्यों व स्वास्थ्य कर्मियों को स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला कोर्डिनेटर अविनाश कौर, जिला अध्यक्ष पुनीत सेतिया, जिला महासचिव सुखविंदर सिंह, भारत भूषण, आरपी गोलन, कनुप्रिया मंडल के उप प्रधान दीपक नैय्यर, विनोद सहगल, अंकित शर्मा, ऋषि अरोड़ा, सुधीर सहगल, रोहित अरोड़ा, बंटी अरोड़ा, वेदप्रकाश धवन, दीपक भाटिया मौजूद रहे। कैम्प में एएनएम सुप्रिया, पिंकी, आशा वर्कर सुनीता व सक्षम युवा विशाल, अमित, सुखविंदर सिंह व राजन ने टीकाकरण किया।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 'हुनर' ऐप किया लांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा विकसित 'हुनर- हरियाणा, उद्यम, नौकरी और रोजगार' ऐप लांच किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एप के माध्यम से हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा उम्मीदवारों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, इस ऐप के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को विभिन्न औद्योगिक, तकनीकी, व्यवसायिक और प्रतियोगी कोर्सेस का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस ऐप में कक्षा 6 से 12 तक स्कूल विधार्थियों का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम उपलब्ध होगा तथा नई शिक्षा नीति-2020 के तहत कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थी विभिन्न प्रोजेक्ट वर्क, वर्कशॉप, वेबिनार और इंटर्नशिप सम्बंधित सहयता भी प्राप्त कर सकेंगे।

### कैरू माईनर टूटने से जलमग्न हुई 400 एकड़ फसल

**भिवानी।** इस वर्ष जरूरत से अधिक बारिश होने के कारण जहां पहले ही किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। वही दूसरी तरफ गांव दिनोद में कैरू माईनर टूटने से यहां के किसानों की करीबन 400 एकड़ फसल जलमग्न हो गई, जिसके बाद किसानों ने सरकार व प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि फसलों के साथ बर्बाद हुए किसानों को कुछ राहत मिल सकें। किसानों ने कहा कि माईनर की झार (स्केब) से पानी ओवरफ्लो होने से व अगले दिन रात को कैरू माईनर टूटने से उनकी करीब 400 एकड़ फसल जलमग्न हो गई। इस बारे में गांव दिनोद के किसानों ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि पहले से घाटे की मार झेल रहे किसान अब फसल डूबने के साथ पूरी तरह से बर्बाद की कगार पर पहुंच चुके है। उन्होंने कहा कि अबकी बार तो पहले ही जरूरत से ज्यादा बारिश ने उनकी फसल को बर्बाद कर दिया था और बची-कुची फसल माईनर टूटने से बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि माईनर टूटने से उनकी बाजरा, कपास, मूंग व ग्वार की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। इसीलिए वे सरकार व प्रशासन से मांग करते है कि उनकी जलमग्न हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर नष्ट हुई फसलों का मुआजवा किसानों को दिया जाए, ताकि किसान कुछ राहत की सांस ले सकें।

# हर तरह की संपत्ति का होगा पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हर प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के लिए काम किया जा रहा है। सभी प्रॉपर्टी की इंडिविजुअल आइडेंटिटि बनाए जाने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लाल डोरा मुक्त करते हुए हर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री की जा रही है। इसके साथ-साथ ही एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में 1200 अनाधिकृत कॉलोनियों को रेगुलर किया जाएगा।

वाहनों के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-व्हीकल पॉलिसी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

परिवहन विभाग इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही ई-व्हीकल पॉलिसी अमल में लाई जाएगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में पुराने डीजल-पेट्रोल के आटो को ई-आटो में बदलने पर काम किया जा रहा है। हरियाणा में खोले जाने वाले हरित स्टोर के संबंध में जवाब देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ हुआ सेवा समर्पण पर्व 7 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत 7 अक्टूबर को 71 हरित स्टोर खोले जाएंगे।

# प्रवासी हरियाणवियों को पैतृक गांवों से जोड़ेगी सरकार

### सीएम ने की विदेश सहयोग विभाग की वेबसाइट लांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार विदेश सहयोग विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। यह वेबसाइट विश्व में हरियाणा की पहचान बनाने के राज्य सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक अनूठा मंच है।

उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट प्रवासी हरियाणवियों को हरियाणा से पुनर्जुड़ाव और नई संभावनाओं को खोजने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करती है। एफसीडी की वेबसाइट हरियाणा, हरियाणवी संस्कृति, हरियाणा में निवेश करने के सकारात्मक कारण, राज्य के निर्यात प्रदर्शन आदि के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेबसाइट की नई विशेषताओं में प्रवासी पंजीकरण फॉर्म, एक्सपोर्ट रजिस्ट्रेशन फॉर्म, बिजनेस इन्फॉर्मेशन फॉर्म, और निवेशकों के लिए एक्सपोर्ट गाइड शामिल हैं।

### शांति प्रिय रहेगा किसानों का भारत बंद : कमल

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 27 सितंबर को भारत बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान किसानों ने भी विभिन्न स्थानों पर जाम लगाने की चेतावनी दी गई है। युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि किसान सिर्फ अपनी मांगों व मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से भारत बंद कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों का भारत बंद कार्यक्रम पूर्ण रूप से शांति प्रिय रहेगा तथा इससे आम व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान पिछले 10 माह से धरने पर बैठा है।

# अखिल भारतीय संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ की बैठक आयोजित



अखिल भारतीय संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ की बैठक में मौजूद आचार्य।

**सोनीपत।** सिद्धपीठ तीर्थ सतकुम्भा धाम खेड़ी गुज्जर गन्नौर में अखिल भारतीय संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के तत्वाधान में अध्यक्ष महन्त राजेश स्वरुप की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें रोहतक से आचार्य जितेन्द्र, गुरुग्राम से डॉ. अमित कैथल से अनिल चौधरी, चरखदादरी से आचार्य राहुल, गोहाना से उधम सिंह, हिसार से मानसिंह एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। हरियाणा सरकार द्वारा गुरुकुल, संस्कृत विद्यापीठों के हित के लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उसके लिए मुख्यमन्त्री मनोहर लाल एवं निदेशक हरियाणा संस्कृत अकादमी डॉ. दिनेश शास्त्री का संघ हृदय से धन्यवाद करता है।

गुरुकुलों एवं संस्कृत विद्यापीठों की विगत बीस वर्षों की मांग को हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से अनुदान प्राप्त करने के लिए हरियाणा प्रान्त की संस्थाओं के पास कोई अधिकृत निदेशालय नहीं था। जिसके माध्यम से संस्थाएं अनुदान प्राप्त कर सकें।

### पूरे विश्व में तुलना की जाती है रामराज्य की : पाराशर

**थानेसर।** पितर पक्ष के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने माता पार्वती जन्म व शिव को पति रुप में पाने की कठोर तपस्या करना इत्यादि प्रसंग बहुत ही सुंदर शब्दों में भजनों सहित सुनाए। इस अवसर पर समाजसेवी बलराम शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि श्रीराम पूजन किया। व्यासपीठ से आशीर्वाद देते हुए कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने अरोड़ा को श्रीरामचरितमानस स्वरुप भेंट किया। श्रीराम कथा में कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने श्रोताओं को बताया कि श्रीराम की प्रसिद्धि जितनी भगवान के रूप में है, उससे कहीं ज्यादा एक त्यागी और योगी पुरूष के रूप में है। एक राजा होते हुए भी पिता की आज्ञा का पालन करनें के लिए उन्होंने 14 वर्ष तक योगी का जीवन बिताया। बाद में एक आदर्श राजा के रूप में वह पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुए।

# छात्रों ने मानव श्रृंखला बना कर नेशन फर्स्ट स्वदेशी मस्ट का दिया संदेश

### गुरुकुलों एवं संस्कृत विद्यापीठों की मांग को हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



मानव श्रृंखला बना कर नेशन फर्स्ट स्वदेशी मस्ट का संदेश देते विद्यार्थी।

श्रीमद्भागवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में स्वदेशी सप्ताह का आरंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के परीक्षा नियंत्रक अंकेश्वर प्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें स्वदेशी वस्तुओं का ही अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए हमें भारत में बनी हुई वस्तुओं का ही प्रयोग करना चाहिए।

अगर कोई वस्तु भारत में नहीं बनती तभी हमें विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से हमारे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक अच्छी होगी तथा देश के प्रति प्रेम की भावना उजागर होगी। प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने आए हुए अथितिगण का आभार व्यक्त किया व छात्रों व अध्यापकों को स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तब तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जाएगा। विद्यालय के अध्यापक योगेश शर्मा ने जय स्वदेशी जय जय स्वदेशी के उद्घोष लगवाए। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर नेशन फर्स्ट स्वदेशी मस्ट का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक गुलशन छाबड़ा, अनुज वालिया, अनिल मदान, उमरपाल, विकास, श्रवण, नरेंद्र कौशिक, विजेंद्र शास्त्री, नीरज शर्मा, जयदीप मेहता, संदीप, अनिता शर्मा, मोनिका शाह, कनिका व अन्य सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# सरकार ने सौ एमएम से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों पर मांगी रिपोर्ट

## एमएसपी पर फसल खरीद से किसानों को दिए 1300 करोड़ ज्यादा

### डिप्टी सीएम ने सभी जिला उपायुक्तों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदेश में 100 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों की अगले 48 घंटे में रिपोर्ट दें ताकि प्रभावित क्षेत्र की स्पेशल गिरदावरी करवा कर किसानों को उनके नुकसान की भरपाई की जा सके। उन्होंने बताया कि जो फसलें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कवर नही होती हैं उन फसलों के नुकसान का भी मुआवजा दिया जाएगा।

डिप्टी सीएम, जिनके पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है, ने शनिवार को अपने निवास पर पत्रकार-वार्ता के दौरान बताया कि मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार 30 सितंबर तक गैर-मौसमी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिला की रिपोर्ट बनाकर भेजें जिसमें 100 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश तथा बारिश के कारण जलभराव की रिपोर्ट भेजना सुनिचित करें।



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बागवानी व दलहनी जैसी उन फसलों के नुकसान की भी क्षतिपूर्ति की जाएगी जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कवर नहीं होती हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दलहन व कपास की फसल में ज्यादा नुकसान होने की संभावना है जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद स्पेशल गिरदावरी करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि केएमपी के आस-पास के क्षेत्र में करीब साढ़े सात हजार एकड़ में जलभराव की समस्या भी सामने आई है, इसमें जिन-जिन किसानों को नुकसान हुआ है, रिपोर्ट आने के बाद गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष फसलों के नुकसान की जो नियमित गिरदावरी हुई थी उसकी भी रिपोर्ट आ गई है, सरकार ने बीमा कंपनियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे किसानों के मुआवजे का भुगतान जल्द से जल्द करें, इसके अलावा जो फसलें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कवर नहीं होती हैं उनके नुकसान का भुगतान करने के लिए भी उपायुक्तों को निर्देश दे दिए गए हैं।

### किसानों के खाते में करीब 1300 करोड़ रुपये ज्यादा दिए

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पिछले एक वर्ष में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में जो वृद्धि हुई है वह किसानों के उत्थान में एक बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने गत वर्ष व चालू वर्ष के दौरान खरीद की गई फसलों की तुलनात्मक जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष राज्य के किसानों के खाते में करीब 1300 करोड़ रूपए ज्यादा दिए हैं। उन्होंने डीबीटी को किसानों के लिए लाभकारी कदम बताते हुए कहा कि जब करीब 1.5 वर्ष पहले गेहूं खरीद में यह किसान-हितैषी प्रक्रिया शुरू की गई तो कुछ विपक्षियों ने विरोध भी किया था परंतु बाद में उन्हीं की पार्टी की राज्य सरकारों ने भी हरियाणा सरकार का अनुकरण किया। उन्होंने बताया कि एक अक्तूबर से शुरू होने वाली फसलों की खरीद में भी फसल का मूल्य किसानों के खाते में सीधा भेजा जाएगा।

## सुकवि-संवाद



**सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'**
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### फ़र्ज़

**हो कोई मौसम फ़क़त ख़ुशियाँ लुटाना फ़र्ज़ है**
**ख़ुशबुओं से आशियाँ सबका सजाना फ़र्ज़ है**
**फूल जो घर में सजे थे मुझसे यूँ कहने लगे**
**डाल से बिछड़े हैं फ़िर भी मुस्कुराना फ़र्ज़ है**

# क्वाड नेताओं ने मुक्त समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई

ललित के झा। वाशिंगटन

**क्वाड** नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं स्वतंत्र और समावेशी एवं प्रतिकूल स्थितियों से निपटने में सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि चीन के तीखे होते सैन्य तेवर और कौशल का गवाह बन रहा रणनीतिक रूप से यह महत्वपूर्ण क्षेत्र उनकी साझा सुरक्षा और समृद्धि का आधार है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन, जापानी प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने शुक्रवार को अपने पहले व्यक्तिगत क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद इसे अपनी



और पूरी दुनिया को हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर फिर से ध्यान देने का अवसर बताया।

क्वाड नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा, साथ मिलकर, हम स्वतंत्र, खुले, नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून में निहित है और बिना किसी दबाव के, हिंद-प्रशांत और उससे आगे की सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के पक्षधर हैं। बयान में कहा गया, हम विधि के शासन, नौवहन की स्वतंत्रता और ऊपर से विमानों को गुजरने देने की अनुमति देने, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, देशों की क्षेत्रीय अखंडता के समर्थक हैं। क्वाड नेताओं ने आसियान की एकता और केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हम व्यावहारिक और समावेशी तरीकों से आसियान और उसके सदस्य देशों हिंद-प्रशांत क्षेत्र का केंद्र के साथ काम करने के प्रति अपने समर्पण को रेखांकित करते हैं। हम हिंद-प्रशांत में सहयोग के लिए सितंबर 2021 की यूरोपीय संघ की रणनीति का भी स्वागत करते हैं।

### पूर्वी चीन सागर में चीन का जापान के साथ भी है क्षेत्रीय विवाद

क्वाड नेताओं ने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अपनी साझेदारी के लिए, और एक ऐसे क्षेत्र के लिए फिर से प्रतिबद्ध हैं, जो हमारी साझा सुरक्षा और समृद्धि का आधार है एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत, जो समावेशी और प्रतिकूल स्थितियों से निपटने में सक्षम भी है। भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य युद्धाभ्यास की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बात कर रही हैं। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर क्षेत्र पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों पर अपना-अपना दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। पूर्वी चीन सागर में चीन का जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद भी है।

# ‘भारत के पड़ोस में समस्याएं खड़ी करने वाला देश रहा है पाकिस्तान’

ललित के झा। वाशिंगटन

**विदेश** सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि अपने आप को मददगार के रूप में पेश करने वाला पाकिस्तान कई मायनों में ऐसी कुछ समस्याएं खड़ी करने वाला देश रहा है, जिनसे भारत अपने पड़ोस में निपट रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय बैठक और ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान तथा अमेरिका के क्वाड शिखर सम्मेलन दोनों के दौरान अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर और सतर्कतापूर्ण एवं गहरी नजर रखने पर बात हुई।

श्रृंगला ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, दोनों चर्चाओं में यह बात स्पष्ट रही कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर और गहरी एवं सतर्कतापूर्ण नजर रखी जाए। आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की भूमिका पर नजर रखनी है और चाहे क्वाड हो या उसके अन्य सहयोगी उन्हें इस पर ध्यान रखना होगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, एक महत्वपूर्ण बात जिसे कई बार अनदेखा किया जाता है कि वह यह है कि अपने आप को मददगार बताने वाला पाकिस्तान कई मायनों में उन समस्याओं को पैदा करने वाला है जिनसे हम अपने पड़ोस में निपट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों क्रमश: स्कॉट मॉरिसन और योशिहिदे सुगा के साथ शुक्रवार को पहली बार आमने-सामने हुई क्वाड नेताओं की बैठक में हिस्सा लिया जिसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति ने की थी। मोदी ने व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में बिडेन के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक भी की।

श्रृंगला ने कहा कि व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के दौरान अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर स्पष्ट तौर पर चिंता जताई गई। भारत और अमेरिका दोनों ने इस पर सहमति जताई कि आतंकवाद का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने पर्दे के पीछे से आतंकवाद के संचालन की निंदा की और आतंकवादी समूहों को साजोसामान, वित्तीय या सैन्य सहयोग न देने की महत्ता पर जोर दिया जिसका इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने या उसकी योजना बनाने में किया जा सकता है।

विदेश सचिव ने कहा कि नेताओं ने यह भी कहा कि अमेरिका और भारत आतंकवाद रोधी संयुक्त कामकाजी समूह की बैठक आयोजित करेंगे और कानून प्रवर्तन के क्षेत्रों में अमेरिका और भारत के बीच नए सिरे से आंतरिक सुरक्षा संवाद भी होगा।



### अफगानिस्तान पर भी हुई चर्चा

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान पर काफी चर्चा हुई। इस बात को काफी अहमियत दी गई कि संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव 2593 स्वीकार किया गया और भारत ने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की। यह एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव है जो अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आम राय तथा वहां सत्तारूढ़ सरकार के कर्तव्यों को दर्शाता है। श्रृंगला ने कहा, दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान में आतंकवाद से लड़ने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने तालिबान से प्रस्ताव 2593 के तहत सभी प्रतिबद्धताओं का पालन करने का आह्वान किया। इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि अफगान सरजमीं का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमले करने, किसी भी आतंकवादी समूह को पनाह देने या आतंकवादी हमलों को वित्त पोषण देने पर न हो। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का सम्मान करने का भी आह्वान किया। उन्होंने अफगानिस्तान में समावेशी राजनीतिक सरकार बनाने का भी आह्वान किया।

### मोदी ने बिडेन के समझ उठाया एच-1 बी वीजा का मुद्दा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ पहली आमने-सामने की बैठक में अमेरिका में भारतीय समुदाय से जुड़े कई मुद्दों को उठाया, जिसमें भारतीय पेशेवरों की अमेरिका में पहुंच और एच-1 बी वीजा का मुद्दा शामिल है। यह जानकारी विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन के साथ ओवल कार्यालय में अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक को ‘शानदार’ बताया, जिन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत, करीबी और घनिष्ठ होने के लिए नियत हैं।श्रृंगला ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (मोदी) अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के लिए पहुंच प्राप्त करने के मुद्दे पर बात की। उस संदर्भ में उन्होंने एच-1 बी वीजा का जिक्र किया। सबसे अधिक मांग वाला एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले विशेष व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए इस पर निर्भर हैं। श्रृंगला ने कहा, उन्होंने इस तथ्य के बारे में भी बात की कि यहां काम करने वाले कई भारतीय पेशेवर सामाजिक सुरक्षा में योगदान करते हैं। अमेरिका में उन योगदानों का लाभ कुछ ऐसा है जो भारतीय श्रमिकों की संख्या को प्रभावित करता है।

# पेरिस समझौते में लौटने पर भारत ने किया अमेरिका का स्वागत



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने व्हाइट हाउस में आमने-सामने बैठ कर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में अमेरिका की कोशिशों और पेरिस समझौते में उसके लौटने का स्वागत किया। शुक्रवार को उनकी बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति बिडेन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में अपनी वार्ता में 2030 तक 450 गीगावाट की क्षमता वाले नवीकरणीय ऊर्जा के घरेलू लक्ष्य हासिल करने के भारत के इरादे के प्रति समर्थन प्रकट किया।

यह बैठक ब्रिटेन के ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन पर पक्षकारों के 26 वें सम्मेलन (कॉप26) से पहले काफी मायने रखती है। ग्लासगो में करीब 200 देशों के नेता जलवायु कार्वाई को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होंगे। बयान में कहा गया है कि भारत ने जलवायु कार्रवाई पर और पेरिस समझौते में उसके (अमेरिका के) लौटने को लेकर अमेरिकी नेतृत्व का स्वागत किया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पेरिस समझौते से बाहर होने के 107 दिनों बाद फरवरी में अमेरिका आधिकारिक रूप से इसमें लौट आया।

### भारत और अमेरिका मिलकर

# मुश्किल चुनौतियां का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध: बिडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक के बाद कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और दोनों देश मिलकर मुश्किल से मुश्किल चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में शुक्रवार को दोनों नेताओं की मुलाकात निर्धारित 60 मिनट के बजाय 90 मिनट से ज्यादा चली। बिडेन ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ तस्वीर साझा की जिसमें वह उनसे हाथ मिलाते दिखे। उन्होंने लिखा, आज सुबह मैंने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी की और हम भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। दोनों देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और हम मिलकर सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भारत, अमेरिका को इस साल व्यापार नीति मंच के पुनर्गठन की उम्मीद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका को 2021 के अंत से पहले भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच के पुनर्गठन की उम्मीद है, जिसका मकसद व्यापार चिंताओं का समाधान कर द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना है। एक आधिकारिक संयुक्त बयान में कहा बात कही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया और इस दौरान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने और घनिष्ठ संबंधों को नया रूप देने पर सहमति बनी।

बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में कहा गया, वे 2021 के अंत तक भारत-अमेरिका व्यापार नीति फोरम को पुनर्गठित करने के लिए तत्पर हैं, ताकि व्यापार चिंताओं का समाधान कर द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच बढ़ते जुड़ाव के लिए विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान करने और व्यापार संबंधों के भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी, साझा दृष्टि विकसित करने की बात भी कही गई। दोनों नेता 2022 की शुरुआत में अमेरिका-भारत सीईओ फोरम और वाणिज्यिक संवाद आयोजित करने के लिए भी तत्पर हैं।

# ‘भारत के विभाजन में क्षेत्र ही नहीं मन भी बंटे थे’

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता राम माधव ने शनिवार को कहा कि भारत का विभाजन केवल क्षेत्र का नहीं हुआ था बल्कि मन भी बंट गए थे। उन्होंने कहा कि आपस में जोड़ने के तरीकों को तलाशने और उन तत्वों को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है जो अलगाववादी विचार में विश्वास रखते हैं। माधव ने कहा कि अखंड भारत के विचार को केवल भौतिक सीमाओं को मिलाने के बारे में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि विभाजन की भयावहता से जो मानसिक बाधाएं पैदा हुईं उन्हें मिटाने के प्रयास के रूप में समझा जाना चाहिए।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित करते हुए माधव ने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक दैत्य के रूप में बढ़ने का मौका दिया गया और वह भारत का विभाजन कराने के लिए तुले हुए थे। आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य माधव ने विभाजन को एक प्रलयंकारी घटना बताया जो गलत निर्णयों की वजह से हुई। उन्होंने कहा, भारत का विभाजन उस दौरान अन्य कई देशों में हुए विभाजन जैसा नहीं था। वह केवल सीमाओं का बंटवारा नहीं था वह इस झूठे सिद्धांत पर किया गया था कि हिंदू और मुसलमान अलग राष्ट्र हैं जबकि वे भिन्न पद्धतियों को मानते हुए भी एक साथ रह रहे थे। उन्होंने कहा, विभाजन से महत्वपूर्ण सबक भी मिले हैं और हमें अतीत की उन गलतियों से सीखना चाहिए व जो लोग बंट गए उनके बीच पुल बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## ‘स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि वक्त की जरूरत’

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश में स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि की जरूरत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक संख्या में डॉक्टरों को आकर्षित किया जा सके।

उपराष्ट्रपति ने विवि चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, कोविड महामारी ने दिखा दिया है कि एक मजबूत, सुगम्य और सस्ता चिकित्सा तंत्र कितना जरूरी है। जिस हिम्मत से भारत ने इस महामारी का सामना किया है वो हमारे नागरिकों के जुझारू जज़्बे और हमारे डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों जैसे अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के सेवा भाव को दिखाता है।

# सरकार जल्द नई सहकारिता नीति की घोषणा करेगी: गृहमंत्री शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



.सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र जल्द ही एक नई सहकारिता नीति लेकर आएगा और सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करेगा। शाह केंद्रीय गृहमंत्री भी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्ष में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसी) की संख्या बढ़ाकर तीन लाख की जाएगी। अभी पीएसी की संख्या लगभग 65,000 है। वह यहां पहले सहकारिता सम्मेलन या राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन में बोल रहे थे। सहकारिता मंत्रालय का गठन इसी साल जुलाई में किया गया था।

विभिन्न सहकारी समितियों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों और लगभग छह करोड़ ऑनलाइन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कुछ लोगों को आश्चर्य है कि केंद्र ने यह नया मंत्रालय क्यों बनाया क्योंकि सहकारिता राज्य का विषय है। शाह ने कहा कि इस पर कानूनी प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन वह इस तर्क में नहीं पड़ना चाहते। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र राज्यों के साथ सहयोग करेगा और कोई टकराव नहीं होगा। उन्होंने कहा, सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है।

प्रस्तावित नई सहकारी नीति पर शाह ने कहा कि वर्ष 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा एक नीति लाई गई थी, और अब मोदी सरकार एक नई नीति पर काम शुरू करेगी। सहकारिता आंदोलन को पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक बताते हुए शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र देश के विकास में बहुत योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कराधान के मोर्चे और अन्य मुद्दों पर सहकारिता के सामने आने वाली समस्याओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन्हें इन चिंताओं की जानकारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीकाकरण, नए नियमों से पटरी पर लौट रहा है पर्यटन क्षेत्र

**नई दिल्ली।** आतिथ्य, प्रौद्योगिकी और पर्यटन उद्योग परिसंघ ने शनिवार को कहा कि बड़े पैमाने पर कोविड-19 रोकथाम टीकाकरण और महामारी से संबंधित नए नियमों से पर्यटन क्षेत्र धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। उद्योग निकाय ने एक बयान में कहा कि यह जरूरी है कि इससे होने वाले लाभ व्यापक और उचित तरीके से हासिल हो सके। एयरबीएनबी इंडिया, दक्षिणपूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के महाप्रबंधक अमनप्रीत बजाज ने कहा, पर्यटन क्षेत्र विशेष रूप से घरेलू यात्रा क्षेत्र पटरी पर लौट रहा है। भारतीय यात्री अब सड़क के माध्यम से यात्राएं, सप्ताहांत अवकाश और आसपास घूमने-फिरने वाली जगहों पर जाना शुरू कर रहे है। उन्होंने कहा कि यात्री अब पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यात्रा कर रहे हैं और और यात्रा के लिए पर्यावरण अनुकूल विकल्प चुन रहे हैं।

### एलन मस्क और ग्रिम्स तीन साल बाद हुए अलग

**लास एंजिलिस।** अरबपति व्यवसाई एलन मस्क और गायिका ग्रिम्स तीन साल के संबंध के बाद अलग हो गए हैं। टेस्ला और स्पेस एक्स के संस्थापक मस्क ने पेज सिक्स से यह जानकारी साझा की और कहा कि वह और ग्रिम्स अलग हो गए हैं। मस्क ने कहा कि वे अलग हो गए हैं, लेकिन फिर भी एक दूसरे से प्रेम करते हैं और लगातार मिलते रहते हैं। कनाडाई गायिका ग्रिम्स (33) और मस्क (50) का एक साल का बेटा है। वे मई 2018 में पहली बार मिले थे और मई 2020 में उनका बेटा पैदा हुआ था। मस्क इससे पहले कनाडाई लेखिका जस्टिन विल्सन से शादी कर चुके हैं जिससे उनके पांच बेटे हैं। वह तालुला राइली से भी दो बार शादी कर चुके हैं।

### सौभाग्य योजना से 2.82 करोड़ घर हुए रोशन

**नई दिल्ली।** सरकार की प्रमुख सौभाग्य योजना से 2.82 करोड़ परिवारों को बिजली मिली है। बिजली मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने इस योजना के चार साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को बयान में कहा, सौभाग्य योजना शुरू होने के बाद से इस साल 31 मार्च तक 2.82 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया है। बयान में कहा गया है, मार्च, 2019 तक देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली से वंचित 2.63 करोड़ इच्छुक परिवारों को 18 माह के रिकॉर्ड समय में बिजली कनेक्शन दिया गया। सात राज्यों असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मणिपुर, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने सूचित किया था कि 31 मार्च, 2019 तक बिजली से वंचित 18.85 लाख परिवारों की पहचान की गई, जो पहले बिजली कनेक्शन नहीं लेना चाहते थे। बाद में उन्होंने कनेक्शन लेने की इच्छा जताई। इसके बाद उन्हें भी इस योजना के दायरे में लिया गया है।

### अब भारत पुनरुद्धार की राह पर: गोयल

**शिमला।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि महामारी के दौरान भारत ने काफी चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया है, लेकिन अब देश पुनरुद्धार और तेज वृद्धि की राह पर है। गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा, जब यह महामारी आई तो प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले गरीबों, प्रवासी भाइयों -बहनों की ओर ध्यान दिया। इससे पहले गोयल ने हिमाचल में इस योजना के विभिन्न लाभार्थियों से वर्चुअल तरीके से बात की। उन्होंने लाभार्थियों के बीच राशन किट का भी वितरण किया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस मौके पर लाभार्थियों को संबोधित किया।

### कर्नाटक हाईकोर्ट के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों ने ली शपथ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीशों के तौर पर पदोन्नत किए गए 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों ने शनिवार को यहां पद की शपथ ली। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के 10 न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। स्थाई न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए गए न्यायाधीशों में न्यायाधीश एम ई अरुण, न्यायाधीश ई एस इंदरेश, न्यायाधीश रवि वेंकप्पा होसमानी, न्यायाधीश एस वी शेट्टी, न्यायाधीश शिवशंकर अमरन्नवर, न्यायाधीश एमजी उमा, न्यायाधीश वेदव्यासआचार श्रीशनंदा, न्यायाधीश एच संजीव कुमार, न्यायाधीश पद्मराज नेमचंद्रा देसाई और न्यायाधीश पी कृष्ण भट शामिल हैं। अतिरिक्त न्यायाधीश से न्यायाधीश के तौर पर उनकी नियुक्ति की अधिसूचना 23 सितंबर को कानून एवं न्याय मंत्रालय ने जारी की थी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और कर्नाटक के मुख्य सचिव पी रवि कुमार शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ में कुमकी हाथियों के दो शावकों की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हाथियों के दो शावकों की मौत हो गई है। राज्य के वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यहां बताया कि सूरजपुर जिले में स्थित तमोर पिंगला हाथी अभ्यारण्य के बचाव केंद्र में इस महीने की 23 और 24 तारीख को दो हाथी शावकों लक्ष्मण और रेवा की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शावक कर्नाटक से लाए गए प्रशिक्षित कुमकी हाथियों के थे। राज्य में जंगली हाथियों को नियंत्रित करने के लिए कर्नाटक से कुमकी हाथियों को छत्तीसगढ़ लाया गया था। हाथी परियोजना सरगुजा की उप निदेशक प्रभाकर खलखो ने बताया कि तमोर पिंगला हाथी अभ्यारण्य के बचाव केंद्र में एक वर्ष नौ माह पहले लक्ष्मण और रेवा का जन्म हुआ था। खलखो ने बताया कि बुधवार की दोपहर हाथी शावक लक्ष्मण की तबियत अचानक बिगड़ने के बाद जब चिकित्सों से संपर्क किया गया तब उन्होंने शावक के हर्पिस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की। इसके बाद दूसरे शावक रेवा की भी तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार को इलाज के दौरान रेवा ने भी दम तोड़ दिया। खलखो ने बताया कि हर्पिस वायरस से संक्रमित होने के बाद शावकों की 24 से 48 घंटे के भीतर मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि शावकों की मौत के बाद शेष हाथियों को वहां से अलग कर दिया गया है तथा दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

### प्रधान न्यायाधीश ने पुरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

पुरी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने शनिवार को यहां श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में 12वीं सदी के इस मंदिर का मुआयना किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह बाद में दिन में कटक में ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। प्रधान न्यायाधीश शुक्रवार को ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर आए। मंदिर के सिंह द्वार पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निजी सचिव वी के पांडियन, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक कृष्ण कुमार और जिला कलेक्टर समर्थ वर्मा ने उनका स्वागत किया। पुजारियों में से एक ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश मंदिर के प्रांगण में 45 मिनट तक रहे और उन्होंने मंदिर में और उसके आसपास चल रहे।

# न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा महत्वपूर्ण है: न्यायालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा कि सर्वोच्च नैतिक आधार रखने वाले न्यायाधीश न्याय देने की व्यवस्था में जनता के विश्वास का निर्माण करने में लंबा सफर तय करते हैं और न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने कहा कि किसी भी स्तर पर न्यायिक अधिकारी के पद पर सबसे सटीक मानक लागू होते हैं।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह फैसला दिया। याचिकाकर्ता ने उस फैसले के खिलाफ यह अर्जी दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि वह सिविल न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने के योग्य नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीश राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक का निर्वहन करते हैं, यानी नागरिकों से जुड़े विवादों का हल करते हैं और सिविल न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट का पद उच्च महत्व का होता है क्योंकि देश में सबसे ज्यादा मुकदमे निचले स्तर पर ही दायर किए जाते हैं। पीठ ने 16 सितंबर को दिए अपने आदेश में कहा, किसी भी स्तर पर न्यायिक अधिकारी के पद पर सबसे सटीक मानक लागू होते हैं। इसकी वजहें स्पष्ट हैं। न्यायिक पद पर बैठा व्यक्ति राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक का निर्वहन करता है यानी कि देश के लोगों से जुड़े विवादों को हल करता है। सर्वोच्च नैतिक आधार रखने वाले न्यायाधीश न्याय देने की व्यवस्था में जनता के विश्वास का निर्माण करने में एक लंबा सफर तय करते हैं।



### सुप्रीम कोर्ट तक नहीं पहुंचे है ज्यादातर मामले

न्यायालय ने कहा कि ज्यादातर मामले उच्चतम न्यायालय तक नहीं पहुंचते और सिविल न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट के जरिए ही आम आदमी का न्याय प्रणाली से संपर्क होता है। न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा महत्वपूर्ण है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने नवंबर 2013 में एक अधिसूचना जारी करते हुए सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और इस व्यक्ति ने इस पद पर आवेदन दिया था। जब इस व्यक्ति की पृष्ठभूमि की जांच की गई तो उसने खुद कुछ आपराधिक मामलों में फंसाए जाने के बारे में सूचना दी। जुलाई 2015 में उच्च न्यायालय की समिति ने उसके नाम की सिफारिश न करने का फैसला दिया। इसके बाद इस शख्स ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की, जिसने उसे राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पंजीयक के समक्ष अर्जी देने की छूट दी। बाद में उच्च न्यायालय की निचली न्यायिक समिति ने फिर से इस मामले पर विचार किया और उसकी अर्जी खारिज कर दी। इसके बाद उसने उच्च न्यायालय के एक समक्ष एक और याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब उसने पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था, तो उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि उसके खिलाफ दर्ज चार मामलों में से दो जांच के बाद झूठे पाए गए और अन्य दो मामलों में अपराध मामूली चोटों के थे, जिसमें पक्षों के बीच समझौता कर लिया गया और उसे बरी कर दिया गया। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह व्यक्ति अनुसूचित जनजाति का है और समिति का फैसला, निर्णय की भावना के अनुरूप नहीं है।

मामले के तथ्यों का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि व्यक्ति के खिलाफ कुछ प्राथमिकियां पहले दर्ज की गई और समझौते के आधार पर उसे बरी किया गया। पीठ ने कहा कि दो प्राथमिकियों में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई और बाइज्जत बरी होने की अनुपस्थिति में आपराधिक मामलों में किसी अधिकारी की कथित संलिप्तता से न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो सकता है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस पद पर सबसे योग्य व्यक्ति की सिफारिश करने के लिए बाध्य है। उसने कहा, किसी सिविल न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट का पद न्याय प्रणाली की पिरामिड संरचना में सबसे निचले क्रम का होने के बावजूद के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण होता है। चरित्र को केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित करने तक सीमित होने के रूप में नहीं समझा जा सकता है।

# दिल्ली के मयूर विहार से ग्रेटर नोएडा तक होगा बिना रूकावट का यातायात

## नोएडा प्राधिकरण की 203वीं बोर्ड बैठक में कई प्रोजेक्ट्स को रफ्तार

## चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक एलिवेटेड रोड पर काम तेज

● सेक्टर-16ए, 15ए, 16ए और सेक्टर-14ए समेत अन्य इलाकों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण की 203वीं बोर्ड बैठक में कई रुके हुए प्रोजेक्ट्स को रफ्तार देने पर सहमति बनी। इसमें दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर बॉर्डर मयूर विहार से महामाया फ्लाईओवर तक बनने वाले एलिवेटेड रोड का काम तेजी से फिर शुरू कराए जाने की रणनीति बनी। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों में झुग्गी वासियों के पुनर्स्थापन, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए एयर पॉल्यूशन कंट्रोल टॉवर और टेंडर प्रक्रिया में संशोधन पर सहमति बनी।

बोर्ड बैठक में औद्योगिक विकास आयुक्त और चेयरमैन संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार, नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण और यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह समेत बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आज की बोर्ड बैठक में कुल 25 प्रस्तावों पर मंथन हुई। बैठक में दिल्ली के मयूर विहार से महामाया फ्लाईओवर ब्रिज सेक्टर-14ए को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य को फिर से शुरू कराए जाने पर सहमति बनी। इस एलिवेटेड रोड का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करा रहा है। इस में आने वाले खर्चे का वहन नोएडा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार को बराबर-बराबर करना है। लेकिन लंबे वक्त से शासन के स्तर से निर्माण कार्य के लिए धनराशि जारी नहीं हुई है।

इस वजह से इस महत्वकांक्षी एलिवेटेड रोड का काम बंद है। जबकि दिल्ली से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक फ्री यात्रा के लिहाज से यह एलिवेटेड रोड बेहद महत्वपूर्ण है। इसके तैयार होने के बाद नोएडा के सेक्टर-16ए 15ए 16ए और सेक्टर-14ए समेत अन्य इलाकों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह एलिवेटेड रोड बेहद सुविधाजनक है। बैठक में इस पर सहमति बनी कि इस एलिवेटेड रोड के कार्य को फिर से शुरू कराने के लिए पीडब्ल्यूडी से उसके हिस्से की धनराशि जारी कराई जाए। इसके लिए शासन से सक्रिय समन्वय बनाकर धनराशि अवमुक्त हो। बताते चलें कि नोएडा प्राधिकरण पहले सितंबर 2021 में इस एलिवेटेड रोड के एक हिस्से को वाहनों के लिए खोलने की योजना बना रहा था। पहले इसका काम युद्धस्तर पर किया जा रहा था। मगर बाद में इसके निर्माण में तमाम अड़चनें आईं। सबसे बड़ी बाधा यह रही कि शासन के स्तर पर लंबित निर्माण धनराशि जारी नहीं की गई। साथ ही 30 हजार करोड़ की दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस परियोजना, भूमिगत बिजली की केबल और गेल इंडिया की गैस पाईपलाइन की शिफ्टिंग हुई हैं।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बतायाए शहदरा ड्रेन वाले क्षेत्र में अधिक सावधानी बरतते हुए काम किया जा रहा है। इसके अलावा यमुना को देखते हुए एलिवेटेड रोड पर पाईल की गहराई 35 मीटर होने के कारण परियोजना की प्रगति प्रभावित हुई।

### लाखों आवंटियों को प्राधिकरण ने दी राहत

**नोएडा।** बोर्ड बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। नोएडा के लाखों आवासीय आवंटियों को प्राधिकरण ने बड़ी राहत दी है। आवासीय, ग्रुप हाउसिंग भूखंडों और भवनों के अंतरण शुल्क को आधा कर दिया गया है। यह लाभ सभी श्रेणी के फ्लैट और रेजिडेंशियल आवंटियों को मिलेगा। नोएडा अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि आवासीस हाउसिंग भूखण्डों और भवनों के अंतरण शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत किया गया है। इसी तरह ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों के ट्रांसफर की वर्तमान दर का एक प्रतिशत ट्रांसफर चार्ज लिया।

### अब किसान परिवारों की बेटियों को मिलेगा हक

**नोएडा।** नोएडा अथॉरिटी की बोर्ड बैठक में ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। पहली बार विकास प्राधिकरण ने किसान परिवारों में अविवाहित पुत्रियों को बड़ा हक दिया है। आबादी नियमावली-2011 की पात्रता शर्तों में किसान परिवारों की अविवाहित पुत्रियों को भी शामिल कर दिया गया है। मतलब, अब अधिग्रहण के बदले किसान परिवारों को मिलने वाले लाभों में अविवाहित बेटियां भी बराबर की हिस्सेदार रहेंगी। नोएडा अथॉरिटी ने बोर्ड बैठक में आबादी नियमावली में कई बड़े बदलाव किए हैं।

# मेडिकल डिवाइस पार्क को मिली मंजूरी

● बनेंगे अत्याधुनिक उपकरण, करोड़ों का होगा निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे पर मेडिकल डिवाइस पार्क को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। शनिवार को यमुना अथॉरिटी के सीईओए केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों ने साइट का दौरा किया है।

यह मेडिकल डिवाइस पार्क दो चरणों में विकसित किया जाएगा। देश और दुनिया की कंपनियां यहां आकर चिकित्सा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उत्पादन करेंगी। इस परियोजना में 100 करोड़ रुपए का निवेश केंद्र सरकार भी करेगी। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के इस मेडिकल डिवाइस पार्क को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क बनेगा। केंद्र सरकार ने देशभर में 4 मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने के लिए करीब एक साल पहले योजना निकाली थी।

जिसके लिए उत्तर प्रदेश को भी चुना गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए यमुना अथॉरिटी को नोडल एजेंसी नामित किया था।

आईआईटी कानपुर और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मेडिकल डिवाइस पार्क के नॉलेज पार्टनर बनेंगे। यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर.28 में 350 एकड़ क्षेत्रफल में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जाएगा। दो चरण में इसका विकास होगा।

पहले चरण में 150 एकड़ जमीन का आवंटन देसी.विदेशी कंपनियों को किया जाएगा। दूसरे चरण में 200 एकड़ जमीन कंपनियों को दी जाएगी। आवंटन के लिए भूखंडों का आकार न्यूनतम डेढ़ एकड़ निर्धारित किया गया है।

# केंद्रीय मंत्री ने लिया जलभराव का जायजा

● भारी बारिश के चलते सैकड़ों बीघा फसल खराब

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद वीके सिंह ने क्षेत्र के कई गांवों में हुए जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। मुरादनगर के विधायक अजीतपाल त्यागी भी इस दौरान उनके साथ थे।

इन गांवों में तेज बरसात और पीछे से पानी आने के कारण मुरादनगर क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों में जलभराव की स्थिति हो गई । जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो गई है। इसको गंभीरता से लेते हुए जनरल वीके सिंह ने क्षेत्र के गांव खिमावती काकड़ा बंदीपुर आदि गांव में पहुंचकर पीड़ित किसानों से बात कर उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी फसल की भरपाई की जाएगी। इस दौरान विधायक अजीत पाल त्यागी ने किसानों को आश्वासन दिया कि शासन प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है। पानी निकलवाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। पानी निकालने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार



यातायात कानून के बारे जानकारी देते ट्रेफिक पुलिसकर्मी।

### यातायात कार्यशाला का आयोजन

**हापुड़।** द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आम जनमानस को यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य आरटीओ कार्यालय व गुरुकुल महाविद्यालय ततारपुर में दो स्थानों पर यातायात कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पीटीओ मनोज गुप्ता, वरिष्ठ सहायक सतेंद्र कुमार, वरिष्ठ सहायक विजय गुप्ता यातायात कार्यालय से राकेश कुमार शर्मा, बिजेंद्र पाठक, अमित कुमार, मनोज कुमार, विजय कुमार सहित 200 छात्र छात्राओं व चालको ने प्रतिभाग किया। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में अपनी दैनिक जीवन में दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, कार चलाते समय सीट बेल्ट की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया साथ ही ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले नुकसान व घटना से भी अवगत कराया। कार्यशाला में मौजूद सभी से अपने जीवन में यातायात के नियमों का पालन करने की भी शपथ कराई गई ।

### युवक ने सल्फास खाकर दी जान

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के भोजपुरी गाने कैब चालक ने ऑनलाइन सल्फास मंगाया और उसके बाद उसे खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मसूरी गांव निवासी फारुख का बेटा वाहिद (24 वर्ष) कैब चलाता था। उसका गांव में ही किसी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका परिजन विरोध करते थे। जिसके चलते हुए परेशान था। वाहिद ने शुक्रवार की देर रात अपनी कार में बैठकर सल्फास खाली और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गयी। उसकी मौत खबर परिजनों को उस वक्त लगी जब उन्होंने कार के अंदर लाश पड़ी देखी। परिजनों ने कार की तलाशी ली तो उसमें सल्फास का एक डिब्बा पड़ा देखा। जो ऑनलाइन मंगाया गया था। पुलिस ने वाहिद के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### बेहोशी की हालत में सड़क पर मिले व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** शहर में सेक्टर 37 के पास एक व्यक्ति शनिवार सुबह पुलिस को बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने उपचार के लिए उसे यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। थाना सेक्टर 39 के थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 37 के पास एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को नोएडा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

### कर्मचारी ने मांगी रिश्वत, प्रशासन ने लिया एक्शन

**नोएडा।** जिला अस्पताल में एक व्यक्ति को वैक्सीन लगवाने के नाम पर कर्मचारी द्वारा रुपए मांगने का मामला सामने आया है। जानकारी और सबूत मिलने पर अस्पताल प्रशासन ने कर्मचारी को ड्यूटी से हटा दिया और आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।मिली जानकारी के अनुसार कपिल नामक एक व्यक्ति का स्लॉट बुक नहीं था लेकिन मौके पर स्लॉट बुक होने की उम्मीद में उन्होंने टोकन ले लिया था। हालांकिए बाद में दूसरी खुराक के ऑन द स्पॉट स्लॉट न खुलने की जानकारी देकर उन्हें लौटा दिया गया। वे हेल्पडेस्क पर पहुंचेए जहां नियुक्त कर्मचारी राशिद ने स्लॉट बुक कराकर उन्हें टीका लगवाने की बात करते हुए 400 रुपये की मांग की। इसकी शिकायत कपिल ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुषमा चंद्रा से की। जिसके बाद डॉ सुषमा चंद्रा ने कपिल को दोबारा हेल्प डेस्क पर भेजा और कर्मचारी द्वारा टीके के लिए 200 रुपए लेते मोबाइल पर वीडियो बना लिया।

# गौतमबुद्ध नगर में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण में तेजी

● अपर मुख्य सचिव चिकित्सा ने स्थल का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा तोहफा दिया है। जेवर विधानसभा क्षेत्र में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल और ट्रामा सेंटर के निर्माण की तैयारी तेज हो गई हैं। इसके लिए राज्य के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने स्थल का दौरा किया है। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने करीब एक साल पहले सरकार को यह अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भेजा था। धीरेन्द्र सिंह ने कहा क्षेत्र में एक ऐसे अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब यहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सिंह ने कहा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से दनकौर के आसपास एक अच्छा अस्पताल बनाने का आग्रह किया था। जिसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह का योगदान भी अभूतपूर्व रहा है। प्राधिकरण ने सेक्टर 22-ई में 6 एकड़ जमीन दी है। अब इस भूखंड पर ट्रामा सेंटर और मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को मंजूर दे दी गई है। इस सिलसिले में शुक्रवार को प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा अमित मोहन प्रसाद ने स्थल का दौरा किया है। किसान संगठनों ने भी सरकार के इस कदम का स्वागत किया है।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के अध्यक्ष श्योराज सिंह मास्टर ने सरकार की सराहना करते हुए कहाए ष्हम प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हैं। जेवर एयरपोर्ट के नजदीक होने के कारण यह अस्पताल विश्वस्तरीय होगा। इसका प्रयास स्थानीय विधायक धीरेन्द्र सिंह ने किया है आज इन्हीं सब तैयारियों को लेकर प्रस्तावित स्थल पर यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों और अपर मुख्य सचिव ने दौरा किया है। सिंह ने कहा जीवन में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है।

यहां आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित हो रहे हैं। ग्रेटर नोएडा से लेकर जेवर के बीच कोई भी अच्छा अस्पताल नहीं है। इस इलाके से यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवेए डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हैं और आने वाले वक्त में गंगा एक्सप्रेसवे यहां गुजरेगा।

# झूला झूलते समय बच्ची के गले में लगा फंदा, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 104 के पास रहने वाली 11 वर्षीय बच्ची झूला झूलते समय झूले के फंदे में फंस गई और दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 39 के थानाध्यक्ष राजीव वालिया ने बताया कि सेक्टर 104 में रहने वाले हरि कुमार की बेटी सिमरन (11 वर्ष) शुक्रवार को अपने घर के बाहर झूला झूल रही थी। झूला झूलते समय उसका गला झूले की रस्सी में फंस गया तथा फंदा लग गया।

उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में सिमरन को अस्पताल में भर्ती कराया कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीवर की समस्या का निस्तारण नहीं होने पर आत्मदाह का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सीवरेज लाइन व बनी समस्यायों का निस्तारण नहीं होने से नाराज भाजपा नेता व पूर्व सभासद लोकेश डोढी ने



भाजपा नेता को अपने साथ ले जाती जिला पुलिस।

मोदीनगर तहसील के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। पालिका के पूर्व सभासद एंव भाजपा नेता लोकेश डोढीने इन दोनों प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष भी उठाया था,जिला प्रशासन वजनप्रतिनिधियो की उदासीनता को लेकर सुबह तहसील पहुंचकर लोकेश डोढी ने अपने शरीर पर मिट्टीका तेल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते पार्टी नेता को हिरासत में लेलिया गया है।

लोकेश ने कहा कि सीवरेज के गडढो के कारण दर्जनो घटी घटनाओं के बावजूद कोई समस्या हल नही हो पायी है, हाल ही में हुई बरसात के कारण लोग इन गडढो में पानी भर जाने से परेशान है। तहसील व पालिका प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन पालिका के दर्जन भर सभासद भी कर चुके है।

### साइबर ठगों ने खाते से निकाले 11 लाख रुपए

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 44 में रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद उनके खाते से साइबर ठगों ने कथित रूप से 11 लाख निकाल लिए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सलाखा पाटिल ने थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अप्रैल माह में उनके पति शिवशक्ति उनियाल की कोविड-19 की वजह से मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद अज्ञात साइबर ठगों ने शिवशक्ति के बैंक खाते से कई बार में 11 लाख रुपए निकाल लिये। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर थाना सेक्टर 39 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा-एनसीआर में गांजा सप्लाई, 6 गिरफ्तार

● आरोपियों से 252 किलो मादक पदार्थ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा-एनसीआर में बड़े स्तर पर गांजा की तस्करी करने वाले 6 अभियुक्तों को यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र से शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया तस्कर गिरोह का मुख्य सरगना अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। बरामद गांजा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब सवा करोड़ है। पुलिस फरार अन्य तस्करों की तलाश कर रही है। यूपी एसटीएफकी नोएडा यूनिट को सूचना मिली थी कुछ शातिर गांजा तस्कर पश्चिम यूपी, नोएडा-ग्रेटर नोएडा और दिल्ली एनसीआर में गांजा सप्लाई करने के लिए लखनऊ से बड़ी खेप लेकर ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में आ रहे हैं।

पुलिस ने घेराबंदी कर कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के एनटीपीसी पुश्ता रोड पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी को रोका जिसमें बड़ी मात्रा में गांजा लदा हुआ था।

6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से 251 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग सवा करोड़ बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज खान निवासी गाजियाबाद, अमित, सचिन और सोनू निवासी सोनीपत हरियाणा, जितेंद्र कुमार और महेश निवासी जनपद बांदा के रूप में हुई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों से एक गाड़ी महिंद्रा पिकअप, एक कार स्विफ्ट डिजायर, तीन मोबाइल फोन ए 3 आधार कार्ड और एक ड्राइविंग लाइसेंस भी बरामद किया गया है। एसटीएफकी नोएडा यूनिट के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया की शातिर गांजा तस्करों का बड़ा गिरोह आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के बॉर्डर पर स्थित भद्राचलम इलाके से नोएडा.एनसीआर में गांजा की तस्करी करते हैं।

# सुपरटेक एमेरॉल्ड मामले की जांच के लिए एसआईटी ने मांगा और वक्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

सुपरटेक एमेरॉल्ड कोर्ट ट्विन टावर के निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट जमा करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक विशेष जांच दल ने जांच पूरी करने के लिए 30 सितंबर तक का वक्त मांगा है। दरअसल इस केस से जुड़े तमाम अधिकारियों के जवाब का अभी इंतजार है। मानकों की अनदेखी कर नक्शा पास करनेए बार.बार नक्शा बदलने का सुझाव देने और नियमों के उल्लंघन में नोएडा प्राधिकरण के 40 से अधिक अफसरों और कर्मचारियों की भूमिका पाई गई है। एसआईटी इन सभी से जवाब तलब कर रही है। इनके बयान दर्ज कराए जा रहे हैं।

दरअसल करोंड़ो रुपये के हेरफेर वाले इस मामले में दोषियों की पहचान आसान नहीं है। इसलिए एसआईटी रिपोर्ट में किसी को दोषी करार देने से पहले उनका पक्ष सुनकर सभी पहलुओं पर गौर करेगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 सितंबर को नोएडा के सेक्टर.93ए में बने सुपरटेक एमेरॉल्ड ट्विन टावर मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी। राज्य सरकार ने उद्योग विकास आयुक्त संजीव मित्तल के तहत चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया।

# कोविड-19 प्रबंधन में गाजियाबाद रहा अव्वल

● एमडीआरए रिपोर्ट के अनुसार जिले को कुल 100 में से 76.9 अंक मिले

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कोरोनकाल के दौरान संकट से निपटने में बेहतरीन प्रबंधन करने में गाजियाबाद जिला देश मे पहले नंबर पर रहा जबकि दूसरे नंबर पर हरियाणा का फरीदाबाद रहा।

वहीं मध्य प्रदेश का भोपाल तीसरे नंबर पर, बिहार का सिहौर चौथे, तथा जम्मू एंड कश्मीर का गंडेरबल पांचवें और छठें नंबर पर राजस्थान का जिला जयपुर आया है। मार्किटिंग एंड डवलपमेंट रिसर्च एसोसिएट (एमडीआरए) की रिपोर्ट के अनुसार अलग-अलग प्वाइंट पर नंबरों के आधार पर गाजियाबाद देश में पहले नंबर पर आया है।

प्रति व्यक्ति आइसोलेशन बेड के मामले में गाजियाबाद को 10 में से 6.3 नंबर मिले। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 10 में से 9.7 नंबर गाजियाबाद को दिए गए है।

इनके अलावा कोविड के मरीजों की रिकवरी रेट के मामले में गाजियाबाद जिले को 20 में से 19.3 नंबर मिले। मृत्यु दर में 15 में से 11.5, आबादी के अनुपात में कन्फर्म मामले में गाजियाबाद को 15 में से 14 प्वाइंट हासिल हुए। आबादी के अनुपात में कुल लोगों का टीकाकरण दर में 20 में से 7.3, धनत्व में पांच में से चार, संक्रमण दर पर 5 में से 4.8, नंबर गाजियाबाद को मिले है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि कुल स्कोर के मामले में गाजियाबाद को 100 में से 76.9 प्वाइंट मिले है और वह पहले नंबर पर रहा है। यह श्रेय गाजियाबाद में तैनात रहे तत्कालीन डीएम अजय शंकर पांडेय, एडीएम सिटी शैलेंद्र सिंह, एडीएम फाइनेंस यशवर्धन श्रीवास्तव, सिटी मैजिस्ट्रेट विपिन कुमार, सीडीओ अस्मिता लाल, सीएम और और उनकी टीम को जाता है।

# आरसीबी और मुंबई के मैच में भारतीय सितारों पर खुद को साबित करने की चुनौती

एजेंसी। दुबई



**मुंबई** इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में जब एक दूसरे का सामना करेंगी तो रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी की परीक्षा होगी, जो खराब लय को पीछे छोड़कर अपनी-अपनी टीमें के प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान कोहली और आगामी टी-20 विश्वकप के बाद राष्ट्रीय टीम की बागडोर संभालने के प्रबल दावेदार रोहित की टीमों को पिछले मैचों में करारी शिकस्त मिली है। आरसीबी अभी भी नौ मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष चार में है, जबकि मुंबई की टीम लगातार दो हार के बाद नौ मैचों में आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गई है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। यह समस्या खासकर मुंबई इंडियन्स के साथ ज्यादा है।

टी-20 विश्वकप में कोहली, रोहित, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार में शामिल होंगे, लेकिन पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कोहली की एक पारी को छोड़कर लीग के दूसरे चरण में सभी का प्रदर्शन लचर रहा है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को मुंबई की अंतिम 11 में नहीं चुना जा रहा है क्योंकि वह शायद अपनी हरफनमौला जिम्मेदारी को निभाने के लिए 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। अगर हार्दिक बल्लेबाजी के लिए भी फिट होते हैं, तो टीम में सौरभ तिवारी की जगह उन्हें मौका मिल सकता है। बड़ौदा का यह खिलाड़ी झारखंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिवारी के मुकाबले इस प्रारूप में बेहतर माना जाता है। कोहली ने शारजाह में चेन्नई के खिलाफ अपना अर्धशतक पूरा करते हुए लय में आने का संकेत दिया। मुंबई के उनके समकक्ष रोहित हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में अपने रंग में नहीं दिखे। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव और ईशान का लय में नहीं होना ज्यादा चिंता की बात है। खास बात यह है कि लीग का दूसरा चरण शुरू होने के बाद दोनों टीमों को चेन्नई और कोलकाता से हार का सामना करना पड़ा है। गेंदबाजी की बात करें तो मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह और बेंगलोर के लिए युजवेंद्र चहल ने शानदार गेंदबाजी की है लेकिन दोनों को अपनी टीमों में दूसरे गेंदबाजों से बेहतर सहयोग नहीं मिला। हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक सबसे ज्यादा विकेट झटके है, लेकिन आरसीबी के इस गेंदबाज के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। नवदीप सैनी भी विकेट लेने के लिए जूझते रहे हैं। उन्होंने 30 आईपीएल मैचों में महज 17 विकेट लिए हैं। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा भी अब तक प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। कोहली इस मुकाबले से यूएई में टीम की लगातार सात मैचों की हार का सिलसिला भी तोड़ना चाहेंगे। इसमें टीम को पांच हार पिछले सत्र में मिली थी। टीम की बल्लेबाजी में कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने चेन्नई के खिलाफ पहले विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की, लेकिन बाकी बल्लेबाज उस मैच में कुल मिलाकर 50 रन भी जोड़ने में नाकाम रहे। विकेटकीपर कोना भरत को टेस्ट विशेषज्ञ माना जाता है तो वहीं एबी डिविलियर्स और ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला नहीं चल पा रहा है। टिम डेविड को भी धीमी पिचों पर बल्लेबाजी करने में परेशानी आ रही है।

### टीमें


**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वानिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित शर्मा (कप्तान) क्विंटन डिकॉक, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, अनुकूल रॉय, अर्जुन तेंदुलकर, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जेम्स नीशाम, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड , मार्को जानसेन, युद्धवीर सिंह, एडम मिल्ने, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, पीयूष चावला, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट।

***मैच शाम 07:30 बजे से शुरू होगा।***

# चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं तमिलनाडु के चक्रवर्ती

एजेंसी। अबुधाबी



**वरूण** चक्रवर्ती को मिलने वाला अतिरिक्त उछाल और अलग कोण से गेंदबाजी करने की क्षमता रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। यूएई में आईपीएल के बहाल होने के बाद सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ही टीमें जीत की लय को बरकरार रखना चाहेंगी। सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने लीग के बहाल होने के बाद यूएई में अपने दोनों मुकाबले जीते हैं और दोनों टीमें एक दूसरे को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगी।

यूएई में पिछले सत्र में सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों को काफी परेशान करने वाले चक्रवर्ती एक बार फिर रुतुराज गायकवाड़, फाफ डुप्लेसिस, अंबाती रायुडू और महेंद्र सिंह धोनी के लिए उन पिचों पर मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं जहां गेंद उम्मीद से धीमी गति से बल्ले पर आ रही है। दोनों ही टीमों ने सत्र बहाल होने के बाद अपने शुरुआती दो मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स को बड़े अंतर से हराया है। सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियन्स और बेंगलोर की टीम को क्रमश: 20 रन और सात विकेट से हराया तो नाइट राइडर्स ने इन दोनों को क्रमश: सात और नौ विकेट से शिकस्त दी। अंक तालिका में हालांकि सुपरकिंग्स का नाइट राइडर्स पर पलड़ा भारी है। धोनी की टीम नौ मैचों में 14 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि नाइट राइडर्स इतने ही मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है। युवा गायकवाड़ अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ 58 गेंद में नाबाद 88 रन की मैच विजई पारी खेलने के अलावा बेंगलोर की टीम के खिलाफ शुक्रवार को तेजी से 38 रन बनाए और धोनी चाहेंगे कि यह युवा बल्लेबाज इसी लय को बरकरार रखे। मुंबई के खिलाफ नाकाम रहने के बाद बेंगलोर के खिलाफ डुप्लेसिस (31), मोईन अली (23), अंबाती रायुडू (32) और सुरेश रैना (नाबाद 17) सभी अच्छी शुरुआत करने में सफल रहे। गेंदबाजों ने लगातार दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और टीम की लगातार दूसरी और सत्र की सातवीं जीत में अहम भूमिका निभाई।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, मोईन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडोर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीशन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी और भगत वर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्युसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर , शिवम दुबे, टिम साउथी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैकसन और टिम सीफर्ट।

***समय: मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 03:30 बजे पर शुरू होगा।***

# राजस्थान रॉयल्स को हराकर दिल्ली फिर से शीर्ष पर काबिज

एजेंसी। अबुधाबी



**कप्तान** संजू सैमसन की 53 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी भी राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रन की हार से बचाने के लिए काफी साबित नहीं हुई। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंच गई। टीम के नाम 10 मैचों में 16 अंक है। राजस्थान की टीम इस मुकाबले के बाद पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। उसके नौ मैच में आठ अंक है।

दिल्ली ने श्रेयस अय्यर की 43 और शिमरोन हेटमायर की ताबड़तोड़ 28 रन की पारी के दम पर छह विकेट पर 154 रन बनाने के बाद राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। सैमसन ने 53 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए एनरिच नोर्जे ने चार ओवर में महज 18 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली की पारी में अय्यर ने 32 गेंद में एक चौके और दो छक्के की मदद से 43 जबकि हेटमायर ने 16 गेंद में पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाए। राजस्थान के लिए मुस्ताफिजुर रहमान और चेतन सकारिया ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली की इस जीत का श्रेय उनके गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने पावर प्ले में राजस्थान को एक भी बाउंड्री लगाने का मौका नहीं दिया।

राजस्थान की टीम शुरुआती छह ओवरों में तीन विकेट गंवाकर 21 रन ही बना सकी। आईपीएल के इतिहास में यह तीसरा मौका है जब पावर प्ले में एक भी चौका या छक्का नहीं लगा हो। इससे पहले 2009 में राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच में ऐसा हो चुका है। प्रतिस्पर्धी लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद ही खराब रही। आवेश खान (29 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में लियाम लिविंगस्टोन (एक रन) तो वहीं एनरिच नोर्जे ने दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को चलता किया।

पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अश्विन (20 रन पर एक विकेट) ने डेविड मिलर (सात रन) को आउट किया। अश्विन की फ्लाइटेड गेंद पर मिलर आगे निकले और पंत ने गिल्लियां बिखेर दी। टी-20 क्रिकेट में यह अश्विन का 250वां शिकार था। इस मामले में पीयूष चावला और अमित मिश्रा सबसे सफल भारतीय गेंदबाज है। उन दोनों के नाम एकसमान 262 विकेट है। सैमसन ने हालांकि सातवें ओवर में अश्विन के खिलाफ पारी का पहला चौका लगाया तो वही महिपाल लोमरोर ने नौवें में इसी गेंदबाज के खिलाफ छक्का जड़ा। कैगिसो रबाडा (26 रन पर एक विकेट) ने हालांकि 11वें ओवर में लोमरोर को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी।

### राजस्थान पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अबुधाबी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और उनके साथी खिलाड़ियों को शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया जिसमें उसे 33 रन से हार का सामना करना पड़ा।

सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जबकि अंतिम एकादश के अन्य प्रत्येक सदस्य को छह लाख रुपये या उनकी व्यक्तिगत मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना देना होगा। आईपीएल ने बयान में कहा, यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के अंतर्गत सत्र का दूसरा उल्लंघन था जो धीमी ओवर गति से संबंधित है। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# पंजाब किंग्स ने बनाए सात विकेट पर 125 रन



**शारजाह।** पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सात विकेट पर 125 रन का स्कोर बनाया। पंजाब का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं जम सका। उसके लिए शीर्ष स्कोरर ऐडन मार्कराम रहे जिन्होंने 27 रन की पारी खेली। हैदराबाद के जेसन होल्डर ने तीन विकेट हासिल किए।

# मुंबई को हार्दिक की वापसी की उम्मीद : जहीर

एजेंसी। दुबई



**मुंबई** इंडियंस के क्रिकेट संचालन निदेशक जहीर खान ने शनिवार को उम्मीद जताई कि अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पांड्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ रविवार को टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के लिए फिट हो जाएंगे। हार्दिक यूएई में लीग के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद फिटनेस समस्या के कारण टीम के दोनों मैचों से बाहर रहे हैं। मुंबई की टीम को इन मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है।

जहीर को हालांकि उम्मीद है कि हार्दिक रविवार को अंतिम एकादश में जगह बनाने में सफल रहेंगे। भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें इस संवाददाता सम्मेलन के बाद अभ्यास सत्र में हिस्सा लेना है और उसी सत्र में हार्दिक को लेकर फैसला होगा। उन्होंने (हार्दिक) अभ्यास करना शुरू कर दिया है, मैं अभी आप लोगों के साथ इतनी जानकारी ही साझा कर सकता हूं। हमें उम्मीद है कि वह (हार्दिक) फिट और उपलब्ध होंगे। मुंबई की टीम नौ मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में छठे स्थान (शनिवार के मैचों से पहले) पर है। जहीर के मुताबिक आईपीएल में हर टीम अपनी तैयारियों के मामले में काफी चतुर हो गई है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स अच्छी तरह से जानती है कि दबाव में कैसे प्रदर्शन करना है।

# तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में फिर स्वर्ण से चूका भारत, दो रजत जीते

एजेंसी। यांकटन (अमेरिका)



**भारत** की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबलों में शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत विश्व चैंपियनशिप में अपने पहले स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहा था।

भारत अब तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने सबसे अधिक 10 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान भारत ने आठ बार फाइनल में चुनौती पेश की और उसे हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रैंकिंग दौर में चौथे स्थान पर रही अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की भारत की स्टार मिश्रित युगल जोड़ी ने एक अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन इसके बाद कोलंबिया का दबदबा देखने को मिला। भारतीय जोड़ी को अंतत: 150-154 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ज्योति, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की सातवीं वरीय महिला टीम को सारा लोपेज, एलेजांद्रा उसक्वियानो और नोरा वाल्डेज की तिकड़ी के खिलाफ 224-229 से हार का सामना करना पड़ा।

रैंकिंग दौर में शीर्ष पर रही कोलंबियाई टीम ने 15 बार 10 अंक पर निशाना साधा और इस दौरान उनके पांच निशाने बिलकुल बीच में लगे। पहले दौर के बाद दोनों टीमें 58-58 से बराबर थी। भारतीय महिला टीम ने इसके बाद बढ़त बनाने का मौका गंवाया और विरोधी टीम एक अंक से आगे हो गई। कोलंबियाई टीम ने इसके बाद भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया और आखिरी 12 में से आठ तीर 10 अंक पर मारकर तीसरी बार महिला खिताब जीता। यह 2017 के बाद टीम का पहला खिताब है।

पिछली बार की तुलना में

# हमारे बल्लेबाज काफी अधिक आक्रामक हैं: सिमंस

एजेंसी। शारजाह

**चेन्नई** सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने कहा है कि उनके बल्लेबाजों ने यूएई की धीमी पिचों पर पिछली बार की तुलना में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी करने की योजना बनाई है और अपने पहले दो मैचों में उन्होंने ऐसा ही किया। सिमंस ने साथ ही कहा कि महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने 2020 सत्र में लचर प्रदर्शन के बाद सबक सीख लिया है। 2020 सत्र भी यूएई में ही हुआ था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमंस ने कहा, हमने पहले ही बात की है कि आईपीएल (2021) के पहले चरण में भारत में हमारे लिए क्या चीजें सही रही। हमने बात की कि यहां (पिछली बार संयुक्त अरब अमीरात में) हमने क्या गलत किया था। आपको पता है कि अधिकतर समय खराब प्रदर्शन सीखने के लिए सर्वश्रेष्ठ चीज होती है। सुपरकिंग्स शुक्रवार को यहां बेंगलोर की टीम को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज हो गया। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच सिमंस ने कहा कि पिछला आईपीएल सीखने के लिहाज से उनके लिए अच्छा अनुभव रहा।

# बैडमिंटन : सुदिरमन कप में आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी। वानता (फिनलैंड)



**युवा** और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली भारतीय टीम को रविवार से यहां शुरू हो रही सुदिरमन कप मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में अगर अच्छा प्रदर्शन करना है, तो अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत को इस बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गत चैंपियन चीन, तीन बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले थाईलैंड और मेजबान फिनलैंड के साथ रखा गया है। सुदिरमन कप के मुकाबले में दो एकल और तीन युगल मैच होंगे।

भारतीय टीम कई स्टार खिलाड़ियों के बिना उतर रही है और ऐसे में इस प्रतिष्ठित विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप में थाईलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में उसकी राह आसान नहीं होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने व्यस्त ओलंपिक अभियान के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है, जबकि दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल भी टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। ऐसे में महिला एकल में जिम्मेदारी युवा मालविका बंसोड़ और अदिति भट पर होगी। पुरुष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी भी अंतिम समय में हट गई। सात्विक की पेट की मांसपेशियों में खिंचाव है और उन्हें एक हफ्ते आराम की सलाह दी गई है। चिराग और सात्विक की गैरमौजूदगी में युवा ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे। बी साई प्रणीत, किदांबी श्रीकांत तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी के रूप में भारत के पास पुरुष एकल और महिला युगल में अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारत को 2013, 2017 और 2019 में सेमीफाइनल में पहुंचे थाईलैंड के बाद 27 सितंबर को चीन और 29 सितंबर को फिनलैंड से भिड़ना है।

# टोक्यो के प्रदर्शन से हमारी मानसिकता बदली और आत्मविश्वास आया: नेहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर नेहा गोयल ने कहा है कि टोक्यो ओलंपिक में प्रेरणादाई प्रदर्शन से उनकी टीम की मानसिकता बदल गई है और खिलाड़ियों में आत्मविश्वास आया है।

भारतीय टीम ओलंपिक में अपना पहला पदक जीतने से चूक गई, लेकिन टोक्यो खेलों में चौथे स्थान पर रहते हुए खेलों के महाकुंभ के इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नेहा ने कहा, टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन से हमारी मानसिकता बदली और हमें दुनिया की किसी भी टीम से भिड़ने का आत्मविश्वास मिला। क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से हमारी मानसिकता बदली। उन्होंने कहा, उस मैच से पहले आस्ट्रेलिया अपने सभी मैच जीतकर पूल में शीर्ष पर रहा था। उन्हें हराने से काफी आत्मविश्वास मिला, जो आगे बढ़ते हुए हमारे साथ रहेगा जब हम भविष्य में महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में खेलने की तैयारी करेंगे। टोक्यो खेलों के साथ ओलंपिक में पदार्पण करने वाली नेहा के लिए ओलंपिक में हिस्सा लेना करियर की बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा, ओलंपिक से पहले मैं नर्वस थी लेकिन काफी उत्साहित भी।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीनस्वीप से बचने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)



**दबाव** का सामना कर रही भारत की गेंदबाजों को रविवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में टीम को क्लीन स्वीप से बचाना है, तो आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जो लगातार 27वां मुकाबला जीतने के इरादे से उतरेगी। दूसरे एक दिवसीय में झूलन गोस्वामी की मैच की अंतिम गेंद को विवादास्पद हालात में नोबॉल दिया गया और भारत को हार का सामना करना पड़ा। मैच काफी करीबी रहा, लेकिन मिताली राज की टीम का 274 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाना निराशाजनक रहा। राशेल हेन्स की गैरमौजूदगी में ताहलिया मैकग्रा और निकोला कैरी के साथ पारी का आगाज करने वाली बेथ मूनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस साल झूलन गोस्वामी के अलावा भारत की अन्य सभी गेंदबाजों ने निराश किया है। अमिता शर्मा के एक दशक पहले जाने के बाद भी झूलन के लिए नई गेंद का कोई विश्वसनीय साझेदार नहीं मिल पाया है।

शिखा पांडे ने प्रभावित किया लेकिन वह कभी झूलन की नियमित साझेदार नहीं बन पाई। मानसी जोशी, पूजा वस्त्रकार, मोनिका पटेल भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। निरंजना नागराजन की अनदेखी की गई, जबकि मेघना सिंह को अभी और समय की जरूरत है। स्पिन विभाग भारत का मजबूत पक्ष है, लेकिन मजबूत टीमों ने पूनम यादव की लेग स्पिन का तोड़ निकाल लिया है। दीप्ति शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता है, लेकिन वह विकेट चटकाने से अधिक रन रोकने वाली गेंदबाज हैं। पूनम और दीप्ति के प्रदर्शन में आत्ममुग्धता झलकती है क्योंकि उन्हें पता है कि फिलहाल उनकी जगह लेने के लिए अच्छी गेंदबाज मौजूद नहीं हैं। खराब स्ट्राइक रेट के लिए आलोचना का सामना कर रही मिताली क्या टीम के मनोबल में इजाफा कर पाएंगी यह भी बड़ा सवाल है। इंग्लैंड के खिलाफ महज औपचारिकता के मुकाबले के जीत के अलावा मिताली की अधिकतर पारियों से उनके 20 हजार अंतरराष्ट्रीय रनों में ही इजाफा हुआ है और टीम का अधिक फायदा नहीं हुआ। भारत अगर 0-3 से हार जाता है तो यह 50 ओवर के पिछले 11 मुकाबलों में टीम की नौवीं हार होगी जो अगले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड में होने वाले महिला एक दिवसीय विश्वकप की अच्छी तैयारी नहीं है। तेजी से रन बनाने की बात करें तो मिताली और दीप्ति बल्लेबाजी में दो कमजोर कड़ियां हैं। इन दोनों ने पिछले एक साल में काफी गेंदें बर्बाद की जिससे अन्य बल्लेबाजों पर दबाव बना और कई मौकों पर टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में विफल रही। हरमनप्रीत कौर अगर उपलब्ध होती हैं तो बल्लेबाजी क्रम को मजबूती मिल सकती है लेकिन भारतीय उप कप्तान भी खराब फॉर्म से जूझ रही है।

### टीमें

**भारत:** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया, शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी, मेघना सिंह, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष और एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलिया:** मेग लेनिंग (कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला कैरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशलेग गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रेनो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक और जॉर्जिया वेयरहैम।

***समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह 05:35 बजे पर शुरू होगा।***

पायनियर
रविवासरीय
साहित्य कसौटी
हरियाणा, रविवार, 26 सितंबर, 2021



# सियासी जमीन बचाने के लिए मैदान में उतरेगी कांग्रेस



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )



**पिछले करीब दो सालों से प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी फील्ड में नहीं उतरी। अब पड़ोसी राज्य पंजाब के चुनाव सिर पर है और वहां पिछले दिनों कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री तक बदल दिया, ऐसे में अपनी सियासी जमीन बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह ने अपनी आरामगाह छोड़कर मैदान में उतरने का फैसला लिया है। इसकी शुरुआत वो करनाल से करने जा रहे है।**

मंथन

हरियाणा का मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपने लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरपरस्ती में आगामी 10 अक्टूबर से प्रदेश के सभी 22 जिलों में 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। दरअसल, पिछले करीब दो सालों से प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी फील्ड में नहीं उतरी। अब पड़ोसी राज्य पंजाब के चुनाव सिर पर है और वहां पिछले दिनों कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री तक बदल दिया, ऐसे में अपनी सियासी जमीन बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह ने अपनी आरामगाह छोड़कर मैदान में उतरने का फैसला लिया है। इसकी शुरुआत वो करनाल से करने जा रहे है। बाद में सभी जिलों में आम जनता से रूबरू होंगे।

हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस के सभी विधायक और कार्यकर्ता इसमें शिरकत कर आम जनता की समस्याएं सुनेंगे और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को हर मोर्चे पर घेरेंगे, बाद में विधानसभा स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। गौरतलब है कि प्रदेश में इस वक्त किसान आंदोलन के चलते भाजपा के विधायक और नेता खुलकर जनता के बीच नहीं जा पा रहे है और न ही किसी मंच से कोई सम्मेलन कर पा रहे है, भाजपा नेताओं का हर जिले में विरोध हो रहा है, यहां तक कि गांवों में भी जाने के लिए इन्हें भारी सुरक्षा बंदोबस्त रखना पड़ता है। विपक्षी दलों के लिए ये सबसे मुफीद वक्त है, ऐसे में वे खुलकर जनता से जुड़ सकते है और सरकार की नाकामियों पर चर्चा कर सकते है। कांग्रेस हाईकमान के तेवरों की बात करे तो इस बार हरियाणा में भी वो बड़ा बदलाव करने के संकेत दे चुके है इसीलिए भूपेंद्र हुड्डा जो अब तक आराम फरमा रहे थे, उन्हें अपनी राजनीति बचाने के लिए फील्ड में उतरना पड़ रहा है।

कांग्रेस के विधायक और पूर्वमंत्री भी घर बैठकर उकता गए है और अपनी राजनैतिक जमीन बचाने के लिए जनता के बीच जाना चाहते थे इसीलिए वक्त की जरूरत को देखते हुए कांग्रेस के नेताओं ने विपक्ष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता से संवाद करने का फैसला लिया है, जहां तक भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की बात है दोनों ही पार्टियां फिलहाल बैकफुट पर है। जनता के बीच जाकर वे किसान से विवाद बढ़ाने के पक्ष में नहीं है इसलिए अदालत के कहने पर भी वे दिल्ली बार्डर को किसानों से एक तरफ से खाली करवाने में सफल नहीं हो पाई। हालांकि इस सिलसिले में किसान नेताओं से बैठकें जरूर की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। दरअसल, करनाल में किसानों पर हुए लाठीचार्ज के बाद सरकार और माहौल बिगाड़ना नहीं चाहती क्योंकि प्रदेश से सटे दो पड़ोसी राज्यों पंजाब और उत्तर प्रदेश में मार्च, 2022 तक चुनाव होने जा रहे है इसलिए हरियाणा सरकार किसानों से किसी प्रकार के पंगे लेने के मूड में नहीं है और ये वक्त विपक्षी पार्टियों के लिए बहुत अनुकूल है। कांग्रेस से पहले इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला पूरे प्रदेश में घूम-घूमकर तीसरे मोर्चे के पक्ष में माहौल बना रहे है। अपनी मृतप्राय हो चुकी इनेलो पार्टी में फिर से सांस फूंकने के लिए वे जनता के दर पर जा रहे है, ऐसे में कांग्रेस भी इस मौके को खोना नहीं चाहती। हालांकि कांग्रेस की इस मुहिम को कितना जनसमर्थन मिलता है, इसका पता तो कार्यक्रमों के बाद चलेगा, लेकिन इतना साफ है कि कांग्रेस को कहीं भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि कांग्रेस में गुटबाजी अभी भी चरम पर है। प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सेलजा को सभी धड़ों को एकजुट करने के लिए एडी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। हालांकि, हाईकमान के सख्त रूख के बाद हरियाणा में हालात बदले है और कई जगह कांग्रेसी एकजुट दिखाई दिए है। हुड्डा द्वारा शुरू की गई मौजूदा मुहिम की सफलता खुद हुड्डा का राजनैतिक भविष्य तय करेगी। अब देखना यह है कि वे कितना सफल हो पाते है।

## आरती राव की घोषणा, हर हालत में लड़ूंगी चुनाव




**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने राव तुलाराम शहीदी दिवस के मौके पर अहीरवाल में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ की मौजूदगी में स्पष्ट कर दिया कि आगामी चुनावों में वे हर हालत में चुनाव लड़ेगी। भले ही पार्टी कोई भी हो। गौरतलब है कि पिछले चुनावों में आरती राव को राव इंद्रजीत की लाख कोशिशों के बावजूद विधानसभा का टिकट नहीं दिया गया था, तब भाजपा हाईकामन ने एक परिवार में एक सीट की बात कहते हुए उन्हें टिकट देने से मना कर दिया था। हालांकि, तब राव इंद्रजीत काफी नाराज भी हुए थे, लेकिन पार्टी की नीति के चलते उन्हें तब अपना दावा वापस लेना पड़ा था।

फरीदाबाद के मंत्री और सांसद कृष्णपाल गुर्जर के बेटे देवेंद्र चौधरी को भी इसी पॉलिसी के तहत टिकट नहीं दिया गया था और चौधरी विरेंद्र सिंह डूमरखां पूर्वमंत्री के बेटे बिजेंद्र सिंह को हिसार लोकसभा से तभी टिकट मिला था, जब खुद विरेंद्र सिंह ने अपनी राज्यसभा सीट से त्यागपत्र देने की घोषणा कर दी थी। हालांकि भाजपा की यह पॉलिसी सब जगह लागू नहीं हुई थी, लेकिन ज्यादातर मामलों में हाईकमान का स्पष्ट संदेश था कि एक परिवार से एक व्यक्ति को ही पार्टी का टिकट दिया जा सकता है। अहीरवाल में शहीदी दिवस पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन कर हाईकमान को अपनी शक्ति दिखाने की कोशिश की थी और वहां उपस्थित अपने कार्यकर्ताओं से पत्रकारों को यह बयान भी दिलवाया कि राव साहब अपने आपमें खुद ही पार्टी है। उनके जितने बड़े कद का नेता पूरे अहीरवाल में नहीं है। राव इंद्रजीत इस मामले में कई बार अपने तेवर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी दिखा चुके है। अनेक मौकों पर सार्वजनिक तौर पर उनका मुख्यमंत्री से तनाव जगजाहिर हो चुका है इसीलिए गुरुग्राम जिले में मुख्यमंत्री राव इंद्रजीत के बजाए राव नरवीर को ज्यादा तवज्जो देते है, जबकि फरीदाबाद में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को विधायकों-मंत्रियों से ज्यादा तवज्जो दी जाती है।

सूत्रों का कहना है कि राव इंद्रजीत ने पार्टी हाईकमान को अपनी बेटी को हर हालत में एडजस्ट करने के इस कार्यक्रम के माध्यम से संकेत दे दिए है और वो भी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में। आरती राव का यह कहना कि वे हर हालत में चुनाव लड़ेगी, भले ही पार्टी कोई भी हो। आरती राव की इस घोषणा के बाद जहां उनके समर्थकों में उत्साह है वहीं प्रदेश के अन्य बड़े भाजपा नेता भी अंदरखाने इस बात का समर्थन करते नजर आ रहे है कि एक ही परिवार में अगर दूसरा व्यक्ति योग्यता रखता है तो उसे भी टिकट दिया जाना चाहिए, जबकि दूसरी ओर आरएसएस विचारधारा के भाजपाइयों का कहना है कि भाजपा के बड़े-बड़े नेता अपने हर भाषण में कांग्रेस के परिवारवाद को लेकर कटाक्ष करते रहे है और अपनी पार्टी को परिवारवाद से दूर रखने की घोषणा करते हुए इस मुकाम पर पहुंचे है कि किसी वक्त संसद में दो सांसदों वाली पार्टी देश में लगातार दूसरी बार सत्ता में है, अगर भाजपा में भी परिवारवाद का बोलबाला हो गया तो फिर कांग्रेस और भाजपा में क्या फर्क रह जाएगा। अहीरवाल की राजनीति पर पकड़ रखने वाले जानकारों का मानना है कि अगली बार आरती राव हर हालत में चुनाव लड़ेंगी, भले ही इसके लिए उन्हें भाजपा से ही दूरी क्यों न बनानी पड़े और अगर ऐसा हुआ तो राव इंद्रजीत सिंह भाजपा को अलविदा भी कह सकते है।

# वास्तु नियमों का पालन आवश्यक





**अपने काम से घर की व्यवस्था में एक संतुलित वातावरण बनाए रखने के लिए, उत्पादकता सुनिश्चित करने और सकारात्मकता को आकर्षित करने के लिए, वास्तु दिशानिर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है। इस संबंध में प्रस्तुत हैं 'मनोज श्रीवास्तव' के विचार :**

महामारी के दौरान, घर से काम करना नया सामान्य हो गया है। इस साल की चौथी तिमाही तक कई सॉफ्टवेयर और कंसल्टिंग संगठनों ने घर से काम करना शुरू कर दिया है। अन्यथा भी, कई आधुनिक व्यवसायों के कारण, घर-आधारित पेशेवरों और उद्यमियों की संख्या बढ़ रही है, जो अब घर से काम करना अधिक उत्पादक पाते हैं। कई नई माताएं भी ऐसे व्यवसायों की ओरं रुख करती हैं जिन्हें घर से आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है।

घर से काम करने वाले अधिकांश पेशेवर अपने कार्यक्षेत्र को अपने शयनकक्ष के एक कोने में, भोजन कक्ष की मेज पर, एक मार्ग के कोने में, या शायद अतिथि शयनकक्ष में भी स्थापित करना चुनते हैं। हालांकि, संतुलित वातावरण बनाए रखने, उत्पादकता सुनिश्चित करने और सकारात्मकता को आकर्षित करने के लिए कुछ वास्तु दिशानिर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है।

p वास्तु ऊर्जा एक ऐसे स्थान में सूक्ष्म रूप से मौजूद होती है जिसे हमारे विकास और प्रगति के लिए उत्प्रेरक के रूप में उपयोग किया जा सकता है। यहां कुछ सरल उपाय दिए गए हैं जिनका पालन करके आप घर से काम करते हुए अच्छी वास्तु ऊर्जा के लाभों को सुनिश्चित कर सकते हैं।

p अपने कार्य डेस्क को इस तरह व्यवस्थित करने का प्रयास करें कि आपके पीछे एक ठोस दीवार हो। यह आपके काम में स्थिरता लाने में मदद करता है।

p अपने कार्य डेस्क को अपने घर के उत्तर-पूर्व, पूर्व, दक्षिण-पश्चिम या पश्चिम कोने में स्थापित करें। दिशाओं को स्थापित करने के लिए अपने घर के लगभग केंद्र में एक कंपास के साथ खड़े हों और उपरोक्त सभी दिशाओं का पता लगाएं। फिर तय करें कि इस लेख में सुझाए गए अन्य मापदंडों के अनुसार कौन सा सबसे अच्छा है।

p वास्तु शास्त्र के अनुसार, जब आप उत्तर या पश्चिम की ओर मुंह करके बैठते हैं तो सर्वोत्तम उत्पादकता प्राप्त की जा सकती है। यदि आपकी नौकरी सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग या सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन ऑपरेशंस से संबंधित है तो पूर्व की ओर मुंह करके बैठना सबसे अच्छा है। यदि इसमें बहुत सारे वित्तीय निर्णय शामिल हैं, जैसे कि आजकल बहुत सारे लोग शेयर बाजारों में व्यापार करते हैं, तो उत्तर का सामना करना बेहतर होता है। जिनकी जिम्मेदारी परियोजना क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, वे दक्षिण की ओर मुंह करके बैठ सकते हैं।

p आपको अपने पीछे की दीवार या कैबिनेट पर देवी-देवताओं की मूर्तियां या पेंटिंग नहीं लगानी चाहिए। आप चाहें तो मूर्तियों को अपने सामने या तो अपने वर्क डेस्क पर या विपरीत दीवार पर रख सकते हैं।

p अधिमानत:, अपने घर के कार्यालय को अपने शयनकक्ष में स्थापित न करें। बेडरूम को अच्छा आराम और नींद सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और आपके घर का कार्यालय आपकी उत्पादकता के लिए अच्छा नहीं होगा।

p घर के कार्यालय के रूप में उपयोग किए जाने वाले कमरे में चमकीले जीवंत रंग होने चाहिए। यहां तक कि नारंगी, नीले और हरे रंग के हल्के रंग भी आपको उत्साहित और केंद्रित रखने के लिए उपयुक्त हैं।

p गृह कार्यालय के लिए सबसे महत्वपूर्ण वास्तु सलाह में से एक है अपने डेस्क और कार्यालय कक्ष को अव्यवस्था मुक्त रखना। आपकी फाइलें और डेस्क ड्रॉअर ठीक से व्यवस्थित होने चाहिए। आपकी कंप्यूटर फाइलों और डेस्कटॉप स्क्रीन पर समान रूप से जोर दिया जाना चाहिए। उन्हें व्यवस्थित और बड़े करीने से लेबल करके रखें। यह आपकी उत्पादकता और फोकस को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगा।

p अकेलेपन, उदासी, अंधेरे, तूफान और तूफ़ान को दर्शाने वाली पेंटिंग न लगाएं। प्रकृति और उत्सवों को चित्रित करने वाली पेंटिंग सबसे अच्छी हैं।

अपने गृह कार्यालय में युद्ध या लड़ाई को दर्शाने वाली मूर्तियाँ या मूर्तियाँ न रखें। इन्हें आपके घर में कहीं भी नहीं रखना चाहिए लेकिन विशेष रूप से गृह कार्यालय में नहीं।

p वर्कटेबल आयताकार होना चाहिए। वास्तु के सिद्धांतों के अनुसार अनियमित और अंडाकार आकार के कार्य डेस्क की सिफारिश नहीं की जाती है।

जब आप घर से काम कर रहे हों तब भी इन आसान सुझावों का पालन करना आपके करियर के विकास में एक लंबा रास्ता तय करना निश्चित है।

**( लेखक 20 साल से अधिक कॉर्पोरेट नेतृत्व अनुभव के साथ-साथ वास्तु आचार्य हैं )**

